




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 325 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) फाल्गुन शु.3, 2082 शुक्रवार, 20 फरवरी-2026

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✲ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


### नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की याचिका पर 9 मार्च को सुनवाई करेगा दिल्ली हाईकोर्ट

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी समेत अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट 9 मार्च को अगली सुनवाई करेगा। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को मामले में गांधी परिवार और दूसरों को जवाब फाइल करने के लिए समय दिया। इसके साथ ही, 9 मार्च को सुनवाई के लिए ईडी की याचिका को लिस्ट कर दिया। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोपी पक्ष को और समय दिए जाने पर आपत्ति जताई।

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे : पीएम

*> अंबानी ने कहा-डेटा की तरह सस्ता होगा एआई > 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे*




नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी 'ऑथेंटिसिटी लेबल' होना चाहिए ताकि फर्क पता चल सके।

वहीं, रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भारत को 'इंटेलिजेंस युग' में ले जाने के लिए 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश का बड़ा एलान किया है। समिट को आज नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।

**एआई में भय नहीं 'भाग्य' और भविष्य**

पीएम ने स्पष्ट किया कि दुनिया के कई देशों में जहां एआई को लेकर भय का माहौल है, वहीं भारत इसे अपने 'भाग्य' और उज्ज्वल भविष्य के रूप में देख रहा है। भारत इसे अपनी विकास यात्रा का अगला बड़ा टर्निंग पॉइंट मानता है।

**एम.ए.एन.ए.वी (मानव) विजन का प्रस्ताव**

मोदी ने एआई के लिए एक नया ग्लोबल फ्रेमवर्क दिया। उन्होंने कहा कि एआई नैतिक, जवाबदेह, संप्रभुता, सुलभ और वैध होना चाहिए, ताकि यह केवल डेटा पॉइंट न बनकर मानवता के कल्याण का जरिया बने।

**कंटेंट पर 'ऑथेंटिसिटी लेबल' की जरूरत**

पीएम ने सुझाव दिया कि जैसे खाने के सामान पर 'न्यूट्रिशन लेबल' होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी स्पष्ट लेबल होना चाहिए। इससे लोगों को पता चल सकेगा कि क्या असली है और क्या एआई द्वारा बनाया गया (फैब्रिकेटेड) है।

### सुंदर पिचाई बोले-अरबों लोगों की जिंदगी बदलेगा एआई

गूगल भारत में अपने 15 बिलियन डॉलर (1.35 लाख करोड़ रुपये) के इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश के हिस्से के रूप में एक 'फुल स्टैक एआई हब' स्थापित कर रहा है। इस हब में गीगावाट स्केल की कंप्यूटिंग और एक नया इंटरनेशनल सब-सी केबल गेटवे होगा। हर किसी के लिए उपयोगी एआई बनाने के लिए हमें साहसिक कदम उठाने होंगे, क्योंकि यह अरबों लोगों के जीवन को बेहतर बना सकता है और सबसे कठिन समस्याओं को हल कर सकता है। हमें उन क्षेत्रों की समस्याओं को सुलझाने के लिए भी उतना ही साहसी होना चाहिए जहां अब तक तकनीक की पहुंच नहीं थी।

### अंबानी बोले-डेटा की तरह सस्ता होगा एआई

रिलायंस चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जिस तरह जियो ने देश में डेटा सस्ता किया, उसी तरह अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी आम भारतीय तक किफायती दरों पर पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत इंटेलिजेंस किराए पर नहीं ले सकता और जियो देश को इंटरनेट युग के बाद अब इंटेलिजेंस एरा से जोड़ेगा। इस दिशा में जियो और रिलायंस इंडस्ट्रीज अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे।

उन्होंने ये भी कहा कि एआई नौकरियां छीनने के बजाय हाई-स्किल काम के नए मौके पैदा करेगा। अंबानी ने ये भी बताया कि जामनगर में मल्टी-गीगावाट एआई डेटा सेंटर का काम शुरू हो गया है। साल 2026 के दूसरे हिस्से तक 120 एमडब्ल्यू से ज्यादा की क्षमता शुरू हो जाएगी।

**देश का पहला 'नेक्स्ट जनरेशन' डेटा सेंटर बनाएगा टाटा ग्रुप**

टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप अगली पीढ़ी की एआई ट्रेनिंग और इंफ्रेंस के लिए खास तौर पर तैयार भारत का पहला लार्ज-स्केल 'एआई-ऑप्टिमाइज्ड' डेटा सेंटर बना रहा है। मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमने इसकी पहली 100 मेगावाट क्षमता बनाने के लिए ओपन एआई के साथ साझेदारी की है, जिसे आगे चलकर एक गीगावाट तक बढ़ाया जाएगा। भारत ने दुनिया की 'कॉन्फिडेंशियल' सोच से अलग हटकर एआई कोड को 'ओपन शेयर' करने की बात कही। पीएम का मानना है कि जब तकनीक सबके लिए खुली होगी, तभी दुनिया भर के युवा दिमाग उसे बेहतर और सुरक्षित बना पाएंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज को पूजा जाता है। आज शिवाजी महाराज की जयंती है। इस मौके पर प्रधानमंत्री से लेकर तमाम नेता उन्हें श्रद्धांजलि दे रहे हैं और उनकी वीरता की कहानियों के याद कर रहे हैं। मराठा योद्धा राजा का जन्म 1630 में पुणे जिले की जुन्नार तहसील में स्थित शिवनेरी में हुआ था। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने पुणे के शिवनेरी किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## राहुल को गोली मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

जयपुर, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य सांसदों को गोली मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले शख्स को राजस्थान की कोटा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शख्स धमकी वाला वीडियो भी अपलोड किया है।

पुलिस के अनुसार, वीडियो में दिख रहे व्यक्ति ने अपना नाम राज सिंह बताया और दावा किया कि वह करणी सेना की कोटा इकाई का प्रवक्ता है। उसने कहा कि वह संसद में लोकसभा अध्यक्ष और कोटा सांसद ओम बिरला के प्रति कांग्रेस सांसदों के व्यवहार से नाराज था। एक वीडियो में सिंह को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि करणी सेना के कार्यकर्ता हाल ही में समाप्त हुए संसद सत्र के पहले भाग के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर 25 कांग्रेस सांसदों द्वारा की गई कई गालियों से नाराज थे। उन्होंने वीडियो में दावा किया कि उनके पास यह मानने के कारण हैं कि यह सब राहुल गांधी के आदेश पर किया गया था। वीडियो में उन्हें धमकी देते हुए सुना जा सकता है कि अगर राहुल गांधी और सांसद ओम बिरला से माफी नहीं मांगते, तो उन्हें उनके घरों में गोली मार दी जाएगी।

वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कोटा की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि आरोपी को बोरखेड़ा पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया गया है और वीडियो के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। गौतम ने कहा कि हमें कोटा के कांग्रेस नेताओं से इस व्यक्ति के खिलाफ शिकायत मिली है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 170 के तहत हमने आगे की जांच के लिए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## कांग्रेस हाईकमान ने तेलंगाना सरकार के कार्यकाल की समीक्षा की

### मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने मंत्रिमंडल के कामकाज का मूल्यांकन किया



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और उनके मंत्रिमंडल से मुलाकात की और कांग्रेस सरकार के दो वर्ष के शासन का मूल्यांकन किया।

खड़गे ने लगभग दो घंटे तक बैठक कर मंत्रियों से उनके प्रदर्शन, उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष महेश कुमार गौड़ भी उपस्थित रहे। महेश कुमार गौड़ ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने हाल ही में हुए नगर पालिका चुनावों में तेलंगाना कैबिनेट के प्रदर्शन की सराहना की है। उन्होंने कहा, तेलंगाना के लगभग अस्सी प्रतिशत लोग कांग्रेस शासन से संतुष्ट हैं। राहुल गांधी ने एकीकृत स्कूलों और शिक्षा सुधार से जुड़े मुद्दों के बारे में जानकारी ली। खड़गे ने भविष्य की नीतियों और कार्यप्रणाली पर सुझाव दिए। बैठक का माहौल रचनात्मक और सकारात्मक रहा, जिसमें मंत्रियों के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना गया और सभी आवश्यक मुद्दों पर स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। महेश कुमार गौड़ ने कहा कि राज्य में नामित पदों की नियुक्तियां मार्च के पहले सप्ताह में की जाएंगी। उन्होंने यह भी बताया कि राज्यसभा चुनावों पर खड़गे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी खुद उनसे दो से तीन दिन में चर्चा करेंगे।

## बीजापुर में सुरक्षाबलों की कार्रवाई मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर

**> 214 ठिकाने ध्वस्त होने की सूचना**

रायपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों के मारे जानें की खबर है। यह कार्रवाई जिले में चल रहे नक्सल विरोधी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगल क्षेत्र में नक्सलियों ने पहले सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू की थी। इसके जवाब में जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला और जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से हुई भीषण मुठभेड़ में पांच नक्सली मौके पर ही ढेर हो गए।

सुरक्षाबलों को इस अभियान में बड़ी सफलता मिली है। 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को ध्वस्त करने की भी जानकारी मिल रही है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री भी बरामद की है। यह कार्रवाई नक्सलियों के नेटवर्क को कमजोर करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

**नक्सलियों की मौजूदगी की मिली थी सूचना :**

सुरक्षाबलों को बीजापुर के जंगल क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिली थी। इसके बाद जवानों ने इलाके में सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान ही नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया और अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने अपनी रणनीति के तहत जवाबी कार्रवाई की और नक्सलियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। इस मुठभेड़ में पांच खूंखार नक्सली मारे गए, जिससे क्षेत्र में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी।

**नक्सल विरोधी अभियान की सफलता**

बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों का नक्सल विरोधी अभियान तेज गति से चल रहा है। पिछले चार दिनों में जवानों ने 214 नक्सली ठिकानों और बंकरों को सफलतापूर्वक नष्ट किया है। यह कार्रवाई नक्सलियों की कमर तोड़ने में महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बरामद विस्फोटक सामग्री से नक्सलियों की बड़ी साजिशों को विफल किया गया है। सुरक्षाबलों की यह लगातार कार्रवाई क्षेत्र में नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में प्रभावी सिद्ध हो रही है।

## 'समुद्री डकैती-आतंकवाद, साइबर समस्या बड़ी चुनौती'

**> राजनाथ बोले-कोई नौसेना अकेले सामना करने में अक्षम**




विशाखापट्टनम, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज भारतीय नौसेना की तरफ से आयोजित प्रमुख द्विवार्षिक बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास मिलन 2026 के 13वें संस्करण के उद्घाटन के लिए विशाखापट्टनम पहुंचे। जहां उन्होंने उद्घाटन समारोह को संबोधित किया।

इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर कमजोरियां और जरूरी आपूर्ति श्रृंखलाओं में बाधाएं वैश्विक समुद्री सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाएं बढ़ रही हैं, जिससे मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियानों की आवश्यकता अधिक बार और व्यापक रूप से पड़ रही है।

**कोई नौसेना अकेले सामना करने में अक्षम :**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि कोई भी एक नौसेना, चाहे वह कितनी भी सक्षम क्यों न हो, इन सभी चुनौतियों का अकेले सामना नहीं कर सकती। इसलिए नौसेनाओं के बीच सहयोग अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। इस वर्ष 74 देशों की भागीदारी के साथ 'मिलन-2026' अब तक का सबसे बड़ा और सबसे समावेशी आयोजन बन गया है। यह इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक समुद्री समुदाय भारत को एक भरोसेमंद और जिम्मेदार समुद्री भागीदार के रूप में देखता है। आज की विशिष्ट जिम्मेदारियां अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपेक्षा करती हैं कि वह परस्पर सम्मान की भावना से मिलकर चुनौतियों का समाधान करे।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की 'मिलन' की तारीफ :**

उन्होंने कहा कि जब कई देशों के युद्धपोत साथ-साथ समुद्र में चलते हैं, जब नाविक एक साथ प्रशिक्षण लेते हैं, और जब कमांडर सामूहिक विचार-विमर्श करते हैं, तब भौगोलिक और राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर साझा समझ विकसित होती है। 'मिलन' जैसे मंच पेशेवर विशेषज्ञता को एक साथ लाते हैं, आपसी विश्वास को मजबूत करते हैं, संयुक्त रूप से काम करने की क्षमता बढ़ाते हैं, और साझा चुनौतियों के लिए समन्वित प्रतिक्रिया देने में मदद करते हैं।

**भारत एक न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था की स्थापना का आकांक्षी**

उन्होंने कहा- समुद्र में संयुक्त अभ्यास, बैठकों के दौरान पेशेवर संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से हम स्थायी मित्रता के बंधन को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराते हैं। भारत एक न्यायसंगत समुद्री व्यवस्था की स्थापना का आकांक्षी है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियमों और कानूनों के अनुरूप समुद्री आवागमन की स्वतंत्रता पर आधारित हो।

**सच्चे 'विश्व-मित्र' के रूप में भारत भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा**

रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस कानूनी ढांचे को एक व्यापक वैश्विक नौसैनिक संरचना के माध्यम से और मजबूत किया जा सकता है।

संचार मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और समुद्र में आतंकवाद सहित आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाएं। साथ ही वैश्विक स्तर पर राष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा की पारंपरिक भूमिका भी निभाएं। भारत लंबे समय से इस सहयोग की आवश्यकता को पहचानता रहा है।

## अनिल अंबानी बोले-बिना अनुमति देश छोड़कर नहीं जाऊंगा

**40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा, जांच में सहयोग भी करेंगे**



नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। अनिल अंबानी ने आज यानी 19 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल किया है। इसमें उन्होंने वचन दिया है कि वे अदालत की अनुमति के बिना भारत छोड़कर नहीं जाएंगे। यह हलफनामा उनके रिलायंस अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़ी 40,000 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी की जांच के बीच आया है।

अंबानी ने अदालत को यह भी भरोसा दिलाया है कि वे ईडी और सीबीआई द्वारा की जा रही जांच में पूरी तरह से सहयोग करेंगे। ये दोनों एजेंसियां अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप (एडीएजी) की कंपनियों के खिलाफ जांच कर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अनिल अंबानी ने अपने हलफनामे में आधिकारिक तौर पर उस अंडरटेकिंग (वचन) को अपना लिया है, जो उनकी ओर से सीनियर एडवोकेट मुकुल रोहतगी ने 4 फरवरी को कोर्ट में पेश की थी। तब रोहतगी ने अदालत को मौखिक रूप से आश्वस्त किया था कि अंबानी देश छोड़कर नहीं जाएंगे। अब लिखित हलफनामा दाखिल होने के बाद यह कानूनी रूप से जरूरी हो गया है।

यह पूरी कानूनी कार्यवाही पूर्व ब्यूरोक्रेट ईएएस सरमा की तरफ से दायर एक याचिका के जवाब में हो रही है। याचिका में आरोप है कि एडीएजी ग्रुप की कंपनियों ने अलग-अलग बैंकों के साथ मिलकर 40,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का लोन फ्रॉड किया है।

## रामकृष्ण परमहंस के लिए 'स्वामी' शब्द पर सीएम ममता बनर्जी ने जताई आपत्ति : चुनाव से पहले छिड़ी नई बहस



कोलकाता, 19 फरवरी (एजेंसियां)। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में नई राजनीतिक बहस छिड़ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामकृष्ण परमहंस के नाम के साथ 'स्वामी' जोड़ते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी, लेकिन पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर आपत्ति जताई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी को उनकी जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। उन्होंने अध्यात्म और साधना को जिस प्रकार जीवनशक्ति के रूप में स्थापित किया, वह हर युग में मानवता का कल्याण करता रहेगा। उनके सुविचार और संदेश सदैव प्रेरणापुंज बने रहेंगे।

**मुख्यमंत्री ने जताई आपत्ति :**

इसके बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री मोदी के पोस्ट पर जवाब दिया और 'स्वामी' शब्द इस्तेमाल करने का विरोध किया। उन्होंने लिखा, एक बार फिर से हैरान हूं। प्रधानमंत्री ने बंगाल की महान विभूतियों के प्रति अपनी सांस्कृतिक असंवेदनशीलता को दिखाया है। आज युगावतार श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव की जयंती है। इस पावन अवसर पर महान संत को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने उनके नाम के आगे अनुचित उपसर्ग (प्रीफिक्स) 'स्वामी' जोड़ दिया। ममता बनर्जी ने आगे लिखा, जैसा कि सब जानते हैं, श्री रामकृष्ण को 'ठाकुर' (मतलब, भगवान) के रूप में श्रद्धापूर्वक संबोधित किया जाता है। उनके संन्यासी शिष्यों ने अपने गुरु की मृत्यु के बाद रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन बनाया। उन साधुओं को भारतीय परंपराओं के अनुसार 'स्वामी' कहा गया। गुरु यानी आचार्य खुद ठाकुर ही कहलाते रहे।

मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, रामकृष्ण संप्रदाय में 'स्वामी' उपसर्ग उनके शिष्यों के लिए था, जबकि संप्रदाय की पवित्र त्रिमूर्ति ठाकुर-मां-स्वामीजी ही रही है। ठाकुर, श्री श्री रामकृष्ण परमहंसदेव हैं, जबकि मां, मां शारदा हैं और स्वामीजी, स्वामी विवेकानंद हैं।

### दलीलें हमेशा नहीं चल सकतीं

## सोनम वांगचुक केस में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को दिए अंतिम 10 मिनट

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। लद्दाख के पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की एनएसए हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई आज उस समय दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गई जब केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से एक्स्ट्रा समय मांग लिया। कोर्ट ने पहले ही इशारा कर दिया कि यह सुनवाई हमेशा नहीं चल सकती, लेकिन इसके बावजूद केंद्र को 10 और मिनट देने पर सहमत हो गया। अब यह मामला सोमवार के लिए टल गया। सुप्रीम कोर्ट में आज की सुनवाई में सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने अपनी प्रतिवाद दलीलें पूरी कीं। कोर्ट ने आज ही सुनवाई खत्म करने की योजना बनाई थी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पिछली सुनवाई में उठे वीडियो ट्रांसलेशन के मुद्दे पर उन्हें और दलीलें रखनी हैं।

**केंद्र ने क्यों मांगा एक्स्ट्रा समय :**

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने अदालत से थोड़े और समय की मांग की। उनका कहना था कि वे उन वीडियो और बयानों के अनुवाद पर कुछ कहना चाहते हैं, जिन्हें वांगचुक की हिरासत का आधार बनाया गया है। मेहता ने कहा, एक 40 मिनट का वीडियो है, मुझे उसके अनुवाद के आरोपों पर जवाब देना है। मेहता की मांग का याचिकाकर्ता गीतांजलि जे. अंग्मो की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा कि केंद्र ने अपने काउंटर अफिडेविट में इस आरोप का जवाब तक नहीं दिया हैं।

**दिल्ली-कर्नाटक सहित 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा**

## ईसी बोला-अप्रैल से प्रक्रिया शुरू होगी, अभी 12 राज्यों में वोटर्स वेरिफिकेशन जारी




नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है।

चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश में एसआईआर किया जाएगा।

बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 28 अक्टूबर 2025 से एसआईआर जारी है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट अपडेशन किया जा रहा है। नए वोटरों के नाम जोड़े जा रहे हैं और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जा रहा है।

**22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की लिस्ट जहां एसआईआर होगा :**

आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, लद्दाख, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, सिक्किम, त्रिपुरा, तेलंगाना और उत्तराखंड।

## कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस



### पीड़िता ने की थी सजा बढ़ाने की मांग

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। यह नोटिस उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता द्वारा दायर एक अर्जी के जवाब में जारी किया गया है। पीड़िता ने अपनी अर्जी में कुलदीप सिंह सेंगर समेत अन्य दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग की है। पीड़िता चाहती है कि दोषियों को और कड़ी सजा मिले। हाईकोर्ट ने इस अर्जी को गंभीरता से लिया है। मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को निर्धारित की गई है।

## कमीशन न मिलने पर युवक ने की खुदकुशी

लुधियाना, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब के लुधियाना के जगराओं में एक युवक ने जमीन के सौदे में कमीशन न मिलने से परेशान होकर अपने घर में फांसी लगा ली। उसके परिवार ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बलविंदर सिंह उर्फ गग्गी के रूप में हुई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया।

पुलिस ने मृतक की मां करमजीत कौर का बयान दर्ज किया। इसके आधार पर सिद्धवां बेट पुलिस स्टेशन में दोषी पिता-बेटे, सुखजिंदर सिंह चौहान और गुरसिमरत सिंह चौहान (गांव गहौर दाख़ा के निवासी) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-फ्री खाना मिलेगा तो लोग काम क्यों करेंगे

## बिजली-पानी देने से काम करने की आदत ही खत्म हो जाएगी; सरकारें रोजगार दें

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने फ्रीबीज को लेकर सख्त टिप्पणी की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने सख्त लहजे में कहा कि राज्य घाटे में चल रहे हैं। इसके बाद भी कई सुविधाएं मुफ्त में दी जा रही हैं। खाने से लेकर बिजली और साइकिल तक राज्यों की तरफ से फ्री दी जा रही है। सीजेआई ने कहा कि इस तरह की फिजूलखर्ची से देश का आर्थिक विकास बाधित होगा। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणियां तमिलनाडु विद्युत वितरण निगम बनाम केंद्र सरकार मामले की सुनवाई के दौरान की है। सीजेआई ने कहा कि राज्य को रोजगार के अवसर खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से ही मुफ्त भोजन देना शुरू कर दें,

फिर मुफ्त साइकिल, फिर मुफ्त बिजली और अब हम उस स्थिति तक पहुंच रहे हैं, जहां हम सीधे लोगों के खातों में नकद राशि स्थानांतरित कर रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि कल्पना कीजिए। अधिकांश राज्य राजस्व घाटे में हैं। लेकिन, फिर भी केवल इन्हीं नीतियों के कारण वे ऐसा करने को मजबूर हैं। फिर विकास के लिए कोई पैसा नहीं बचता? इसलिए केवल दो ही काम हो रहे हैं। एक अधिकारियों को वेतन देना और दूसरा इन नीतियों पर खर्च करना।



### फ्रीबीज पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि फ्रीबीज पर गौर कीजिए। इस तरह के फिजूलखर्ची से देश का आर्थिक विकास बाधित होगा। हां, कुछ लोग इसे वहन नहीं कर सकते हैं। कुछ लोग शिक्षा या बुनियादी जीवन की ज़रूरतों को पूरा नहीं कर सकते हैं। यह राज्य का कर्तव्य है कि वह ये सुविधाएं प्रदान करे। लेकिन, जो लोग मुफ्त सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं, उनकी जेब में सबसे पहले पैसा जा रहा है। क्या यह ध्यान देने योग्य बात नहीं है? हम ऐसे राज्यों को जानते हैं जहां बड़े जमींदारों को भी मुफ्त बिजली मिलती है। आप लाइट जलाते हैं, मशीन चलाते हैं। अगर आपको कोई सुविधा चाहिए तो उसके लिए आपको भुगतान करना पड़ता है। लेकिन यह पैसा जो राज्य सरकार देने की बात कर रही है। उसका भुगतान कौन करेगा? यह टैक्स का पैसा है।

### कहां से मिलेगी धनराशि?- सीजेआई

सीजेआई ने कहा कि राज्य घाटे में चल रहे हैं, फिर भी मुफ्त सुविधाएं बांट रहे हैं। देखिए, आप एक साल में जो राजस्व इकट्ठा करते हैं, उसका 25 प्रतिशत राज्य के विकास के लिए क्यों नहीं इस्तेमाल किया जा सकता? राज्य को यह हलफनामा दाखिल करना चाहिए कि उसे ये धनराशि कहां से मिलेगी?

### यह कब तक चलता रहेगा?- सुप्रीम कोर्ट

हम केवल तमिलनाडु के संदर्भ में ही बात नहीं कर रहे हैं। हम इस तथ्य पर विचार कर रहे हैं कि चुनाव से ठीक पहले योजनाएं क्यों घोषित की जा रही हैं। सभी राजनीतिक दलों समाजशास्त्रियों को अपनी विचारधारा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। यह कब तक चलता रहेगा?

## अग्निवीर ने खुद को मारी गोली

### *जम्मू में ड्यूटी पर तैनात 24 वर्षीय जवान ने उठाया आत्मघाती कदम, मौके पर मौत*

जम्मू, 19 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू स्थित एक सेना शिविर में एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी गई है। अधिकारियों के अनुसार 24 वर्षीय अग्निवीर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। नागरोटा गैरीसन में गार्ड ड्यूटी पर तैनात था। बुधवार आधी रात के आसपास उसने यह आत्मघाती कदम उठाया। जवान की मौके पर ही मौत हो गई। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने इस संबंध में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## महिला की घर में घुसकर गला काटकर हत्या, 65 लाख का सोना भी गायब

बेंगलुरु, 19 फरवरी (एजेंसियां)। नेलमंगला में 70 साल की महिला की उसके घर में हत्या कर दी गई। ये घटना तब हुई जब महिला का पति उसके बगल में लेटा हुआ था और उसे हमले का पता नहीं था। महिला का नाम शोभा था। वह अपने पति रंगनाथ के साथ नेलमंगला के हीरापुर इलाके के कोटे बीड़ी में रहती थी। पति विकलांग थे। कपल के कोई बच्चे नहीं थे और वे अकेले रहते थे। बताया जाता है कि रंगनाथ पिछले 15 सालों से पैरालाइज्ड था और बिस्तर पर था। घटना वाले दिन, कपल अपनी रूटीन मॉर्निंग वॉक के बाद घर लौटा था।' हत्या का पता तब चला जब एक डॉक्टर रंगनाथ को फिजियोथेरेपी देने के लिए घर आया और उसने शोभा को उसके पति के बगल में मृत पाया। इसका गला कटा हुआ था। रंगनाथ उसके बगल में लेटा हुआ था, ऐसा लग रहा था कि उसे कुछ पता नहीं था कि क्या हुआ था।

# विधानसभा चुनाव से पहले डीएमडीके ने बदला पाला

## डीएमके के साथ किया गठबंधन

चेन्नई , 19 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले डीएमडीके ने पाला बदल दिया है। आगामी चुनाव के लिए पार्टी ने डीएमके के साथ गठबंधन करने का ऐलान किया है। हालांकि, 2024 लोकसभा चुनाव में डीएमडीके और एआईडीएमके ने साथ चुनाव लड़ा था। इसे तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से जुड़ा बड़ा बदलाव माना जा रहा है। अभिनेता विजयकांत की पार्टी डीएमडीके ने डीएमके गठबंधन में शामिल होने का फैसला किया है। 2021 विधानसभा चुनाव में यह दल अकेले ही चुनाव लड़ा था और कोई सीट नहीं जीता था। इस बार सत्ताधारी पार्टी के साथ गठबंधन कर डीएमडीके ने अपनी स्थिति मजबूत की है। 2024 में यह पार्टी एआईडीएमके की अगुआई वाले गठबंधन में शामिल हुई और पांच लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन कोई सीट नहीं जीत पाई।



### अप्रैल-मई में होंगे चुनाव

तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव अप्रैल और मई के महीने में हो सकते हैं। मौजूदा सरकार का कार्यकाल 10 मई तक है। ऐसे में चुनाव आयोग को इस तारीख से पहले चुनाव पूरे करने होंगे। इसी वजह से कयास लगाए जा रहे हैं कि अप्रैल और मई के पहले सप्ताह में मतदान और वोटों की गिनती हो सकती है।

### प्रेमलता विजयकांत ने किया ऐलान

चेन्नई में डीएमके चीफ एमके स्टालिन से मिलने के बाद डीएमडीके की जनरल सेक्रेटरी प्रेमलता विजयकांत ने इस गठबंधन का औपचारिक तौर पर ऐलान किया। उन्होंने कहा, हमने डीएमके के साथ अलायंस कर लिया है। हमारी पार्टी के कैडर भी यही चाहते थे। यह अलायंस तब बन जाना चाहिए था, जब कैप्टन विजयकांत जिंदा थे। सीटों की संख्या दोनों पार्टियों के इलेक्शन कमिटी बनाने और उस पर बातचीत करने के बाद तय की जाएगी। आज, हमने डीएमके के साथ अलायंस कर लिया है। यह पहला मौका है, जब डीएमडीके ने डीएमके के साथ गठबंधन किया है।

## रिटायर्ड एयरफोर्स ऑफिसर से 9.87 लाख की साइबर ठगी

ग्वालियर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। ग्वालियर में एयरफोर्स से रिटायर्ड वारंट ऑफिसर 79 वर्षीय घनश्याम दत्त शुक्ल ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। आरोप है कि ठग ने खुद को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की हेड ब्रांच का अधिकारी बताकर उनसे बातचीत की और लाइफ सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर झांसे में ले लिया। घटना 30 दिसंबर 2025 की है, जब शुक्ल फेसबुक पर रील देख रहे थे। रील खत्म होते ही उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने भरोसा दिलाया कि उसे उनका लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। बातचीत के दौरान उसने उन्हें योनो ऐप डाउनलोड करवाया और चालाकी से पिन नंबर पूछ लिया। इसके बाद उनके खाते से 9.87 लाख रुपए निकाल लिए गए। ठगी के बाद जनवरी 2026 में पीड़ित का मोबाइल भी चोरी हो गया। उन्होंने हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई,

## धनकुबेर सौरभ पर किस एजेंसी ने क्या कार्रवाई की

भोपाल, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा पर हुई छापेमारी का मुद्दा उठाया। उन्होंने सवाल किया कि परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा पर अब तक किस-किस एजेंसी ने क्या-क्या कार्रवाई की है? चौंकाने वाली बात यह है कि दिसंबर 2024 में हुए देश के सबसे बड़े छापों में से एक के सवा साल बाद भी मुख्यमंत्री (गृह विभाग) की ओर से लिखित जवाब दिया गया कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। यानी जिस मामले ने पूरे देश में सुर्खियां बटोरीं, उसकी सटीक जानकारी फिलहाल प्रदेश सरकार के रिकॉर्ड में अपडेट नहीं है। दिसंबर 2024 में जब लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा के ठिकानों पर दबिश दी थी, तब करोड़ों की नकदी और क्विंटल के हिसाब से चांदी बरामद हुई थी।

# 'घुसखोर पंडत' पर विवाद खत्म

## मेकर्स ने सुप्रीम कोर्ट में कहा- बदलेंगे फिल्म का नाम



### कब और कैसे शुरू हुआ विवाद?

बता दें कि बीते 03 फरवरी 2026 को नेटफ्लिक्स ने अपने साल 2026 के लिए 'इंडिया प्लान' का एलान किया। इसमें मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' का एलान भी टीजर रिलीज करके किया गया। लेकिन इसकी टाइटल को लेकर विवाद शुरू हो गया है। लोग सड़कों पर उतर गए। इसके बाद यह मामला कोर्ट तक पहुंच गया। फिल्म में मनोज बाजपेयी एक भ्रष्ट पुलिस ऑफिसर की भूमिका निभा रहे हैं। जिन्हें पुलिस महकमे में 'पंडत' कहा जाता है। फिल्म के टाइटल की रिलीज के साथ विवाद शुरू हो गया। अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा नेटफ्लिक्स पर रिलीज के मामले में केंद्र और सीबीएफसी को भी नोटिस जारी किया गया है।

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मनोज बाजपेयी की 'घूसखोर पंडत' फिल्म मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई थी, कि आप ऐसा टाइटल इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को क्यों बदनाम कर रहे हैं। जब तक आप हमें बदला हुआ टाइटल नहीं बताते, हम आपको फिल्म रिलीज नहीं करने देंगे। जिसके बाद आज यानी गुरुवार को फिल्ममेकर नीरज पांडे ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 'घुसखोर पंडत' का टाइटल और पब्लिसिटी मटीरियल वापस ले लिया है, नया टाइटल अभी फाइनल नहीं हुआ है।

सुप्रीम कोर्ट ने घुसखोर पंडत के टाइटल वापस लेने पर फिल्ममेकर नीरज पांडे के एफिडेविट को रिकॉर्ड पर लिया और यह कहते हुए मामले का निपटारा कर दिया कि उसे उम्मीद है कि अब यह मामला शांत हो जाएगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिल्ममेकर नीरज पांडे द्वारा घुसखोर पंडत का टाइटल वापस लेने की बात को स्वीकार कर लिया है, जो पॉजिटिव है। वहीं, अपने सामने पेश हुए पक्षों की दलीलों पर ध्यान देते हुए, जस्टिस बी। वी। नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने यूट्यूबर्स से भी इस विवाद को शांत करने का आग्रह किया।

# जेल में खूंखार कैदियों को किसने पहुंचाया मोबाइल

### किससे करते थे बातें? हो गया एक्शन

इंफाल, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मणिपुर केंद्रीय जेल के एक वार्डर को कैदियों को मोबाइल फोन देने के गंभीर आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह मामला जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। गिरफ्तार वार्डर की पहचान कैरंग मयाई लेइकाई निवासी साहिद शाह (35) के रूप में हुई है। वह साजिवा स्थित मणिपुर सेंट्रल जेल में तैनात था। पुलिस के अनुसार, शाह कैदियों को गुप्त रूप से मोबाइल फोन उपलब्ध करा रहा था। इससे कैदी बाहर से संपर्क कर पाते थे। सबसे गंभीर बात यह है कि इन कैदियों में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत बंद कई खूंखार कैदी शामिल हैं। ऐसे कैदी संगठित अपराधों से जुड़े होते हैं। मोबाइल फोन से वे संगठनों से निर्देश ले रहे थे। जेल के बाहर षड्यंत्र रचे जा रहे थे। इंफाल पूर्वी जिले के हिंगांग पुलिस थाने में शाह के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह कैदियों को फोन उपलब्ध कराने के बदले पैसे लेता था। यूपीआई के जरिए लेन-देन का सबूत मिला।

गिरफ्तारी के समय उसके पास से कई मोबाइल फोन व सिम कार्ड बरामद हुए। पुलिस का दावा है कि यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा था। शाह ने कबूल किया कि कैदियों को कॉल कराने व सुनाने में मदद करता था। जेल में सख्ती के बावजूद यह सेंधमारी सुरक्षा चूक दर्शाती है। यूएपीएम कैदियों का बाहर संपर्क राज्य की सुरक्षा के लिए खतरा है।

## एमबीए छात्रा मर्डर केस- शक और चाहत के साथ नशे की आदत ले गई सलाखों के पीछे

इंदौर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर के द्वारकापुरी क्षेत्र में एमबीए छात्रा की हत्या ने शहरवासियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है कि बच्चों को दी जाने वाली आजादी कई बार घातक साबित होती है। युवक पीयूष ने अपनी उस दोस्त को मौत के घाट उतार दिया जिससे वह शादी करना चाहता था, लेकिन वह छात्रा के दूसरे दोस्तों से चैट करने से नाराज था। वह उस पर एकाधिकार चाहता था।

वह उसे जितना चाहता था, उससे कहीं ज्यादा उस पर शक करता था। उसकी नशे की आदत ने आग में घी का काम किया और उसने उस युवती को ही मार दिया जिसे वह चाहता था। आरोपी ने जिस तरह छात्रा की हत्या की और घर से भागा, उससे पता चलता है कि उसने पहले से हत्या की प्लानिंग कर रखी थी। हाथ-पैर बांधने के लिए उसने कमरे में रस्सी रखी थी। हत्या के बाद वह तत्काल नहीं भागा, बल्कि दो से तीन घंटे तक कमरे में ही शव के साथ बैठा रहा।

# दिल्ली में पकड़ा गया बांग्लादेश में हिंदू पुलिस अफसर की हत्या करने वाला महदी, भाग रहा था फिनलैंड

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में बांग्लादेशी स्टूडेंट महदी पकड़ा गया है, जो बांग्लादेश में हिंदू पुलिस अफसर को मारने के मामले में वांटेड है। इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने इस बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा है। इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने इस बांग्लादेशी नागरिक को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। इस बांग्लादेशी नागरिक का पूरा नाम महदी अहमद रजा हसन है। दरअसल, महदी अहमद रजा हसन पर आरोप है कि उसने बांग्लादेश हिंसा के दौरान एक हिंदू बांग्लादेशी पुलिस अफसर की हत्या की थी। मृतक हिंदू बांग्लादेशी पुलिस अफसर का नाम संतोष चौधरी था। आरोपी भारत होते हुए फिनलैंड भागने की फिराक में था लेकिन इमिग्रेशन डिपार्टमेंट ने उसे पकड़ लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, महदी ने कथित रूप से पुलिस अफसर संतोष चौधरी की हत्या की। इस वारदात को उसने बानियाचंग पुलिस स्टेशन पर हुए हमले के दौरान अंजाम दिया। अटैक के बाद संतोष चौधरी का शव एक पेड़ से लटका बरामद हुआ था। यह घटना 5 अगस्त 2024 को हुई थी, जिस दिन बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री अपने देश के निष्कासित हुई थीं।

# डॉ. हेमलता की प्रॉपर्टी पर खुला निगम का स्वास्थ्य कार्यालय

### लीज शर्त का उल्लंघन करने पर की थी सीज; कमिश्नर बोले- प्रापर्टी हमारी है

जबलपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। जबलपुर की राइट टाउन स्थित दिवंगत डॉ. हेमलता श्रीवास्तव की संपत्ति पर गुरुवार सुबह नगर निगम ने आधिकारिक रूप से कब्जा कर लिया। नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार की मौजूदगी में जबलपुर नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और पूरी प्रॉपर्टी को अपने अधीन ले लिया। इस प्रॉपर्टी पर स्वास्थ्य शाखा का वार्ड कार्यालय खोल दिया गया है। नगर निगम कमिश्नर ने बताया कि यह पूरी संपत्ति लीज पर दी गई थी, लेकिन लीज की शर्तों का उल्लंघन पाया गया है। इसी आधार पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए संपत्ति पर कब्जा लिया है। निगम की टीम सुबह डॉ श्रीवास्तव के बंगले पहुंची और आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार अब इस संपत्ति की निगरानी नगर निगम द्वारा की जाएगी और बिना अनुमति किसी भी प्रकार की गतिविधि या प्रवेश पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि डॉ। हेमलता श्रीवास्तव की संपत्ति को लेकर पिछले कुछ दिनों से प्रशासनिक कार्रवाई चल रही है और फर्जी दस्तावेज व लीज उल्लंघन की जांच भी चल रही है।

## दिल्ली, मुंबई समेत देश के कई हवाई अड्डों पर सेवाएं हुईं बाधित, करीब 40 मिनट तक यात्री रहे हलकान

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। गुरुवार सुबह देश के कई हवाई अड्डों पर हवाई सेवाएं कुछ देर के लिए बाधित हुई। जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों को चेक-इन में परेशानी का सामना करना पड़ा। सूत्रों के अनुसार, गुरुवार सुबह कई हवाई अड्डों पर 40 मिनट से अधिक समय तक चली सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण यात्री चेक-इन में आई दिक्कत के कारण हलकान होते रहे। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली, मुंबई और अन्य हवाई अड्डों पर इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट और अकासा एयर की सेवाएं प्रभावित हुईं।

जानकारी के मुताबिक, सॉफ्टवेयर में खराबी के कारण चेक-इन सिस्टम सुबह लगभग 6.45 बजे से 7.28 बजे तक ठप्प रहा। एक सूत्र ने बताया कि समस्या का समाधान कर लिया गया है और सिस्टम सामान्य रूप से काम कर रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि सॉफ्टवेयर की खराबी के कारण एयरलाइंस कंपनियों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई। फिलहाल, इस मामले में एयरलाइंस कंपनियों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

यह पहली बार नहीं है कि देश के कई हवाई अड्डों पर इस तरह की दिक्कत का सामना यात्रियों को करना पड़ा हो। इससे पहले पिछले साल दिसबंर महीने में भी इस तरह की समस्या के कारण हवाई अड्डों पर यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। उस समय थर्ड-पार्टी सिस्टम में आई खराबी के कारण एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी-लंबी कतार लग गई थी और उन्हें अपनी यात्रा के लिए कई घंटों लाइन में खड़े रहना पड़ा था।

# हैदराबाद के कई पॉपुलर बिरयानी आउटलेट इनकम टैक्स के रडार पर

## जांच में 70 हजार करोड़ टैक्स चोरी का खुलासा

**हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)।**

हैदराबाद के कुछ पॉपुलर बिरयानी आउटलेट इनकम टैक्स के राडार पर आ गए हैं। पिछले साल नंवबर में हुई रेड्स के बाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की जांच इस ओर इशारा कर रही है कि इन आइटलेट्स में बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल गड़बड़ियां पाई गई हैं। जांच में अब कथित तौर पर 2019-20 फाइनेंशियल ईयर से फूड और बेवरेज सेक्टर में देश भर में लगभग 70,000 करोड़ रुपये के एक संदिग्ध टैक्स चोरी नेटवर्क का पता चला है। अधिकारी बिलिंग सॉफ्टवेयर और डिजिटल पेमेंट ट्रेल्स के संभावित हेरफेर की भी जांच कर रहे हैं, जिसमें थर्ड-पार्टी अकाउंट के ज़रिए रूट किए गए यूपीआई ट्रांज़ैक्शन शामिल हैं। डेटा एनालिसिस और वेरिफिकेशन प्रोसेस पूरा होने के बाद टैक्स डिमांड, पेनल्टी और संभावित मुकदमे सहित आगे की कार्रवाई की उम्मीद है।

### इनकम टैक्स की जांच में सामने आई ये जानकारी

18 और 19 नवंबर 2025 को, इनकम टैक्स अधिकारियों ने पूरे शहर में मिलकर सर्च ऑपरेशन किया था, इसमें हैदराबाद की जानी-मानी फूड चेन पिस्ता हाउस, शाह गौस कैफे और महफिल पर सर्च किया गया। ये चेन हैदराबाद, दूसरे भारतीय शहरों और दुबई समेत विदेशों में भी कई आउटलेट चलाती हैं। करीब 50 इनकम टैक्स टीमों ने हैदराबाद में करीब 15 खास जगहों पर जांच की। तलाशी सिर्फ रेस्टोरेंट की जगहों तक ही सीमित नहीं थी; बल्कि होटल ग्रुप से जुड़े चेयरमैन, डायरेक्टर और दूसरे खास मैनेजमेंट स्टाफ के घरों पर भी की गई।



### सैकड़ों करोड़ का बिजनेस करते हैं आउटलेट्स

सूत्रों का कहना है कि छापेमारी और इकट्ठा किए गए सबूतों के बाद अधिकारी दबी हुई बिक्री, फाइनेंशियल गड़बड़ियों और बिना हिसाब-किताब वाली इनकम के आरोपों की जांच कर रहे हैं और शुरुआती जांच से पता चलता है कि तीनों चेन मिलकर सालाना सैकड़ों करोड़ का बिजनेस करती हैं। छापे के दौरान, जांच करने वालों ने कथित तौर पर करीब 6 करोड़ रुपये कैश ज़ब्त किया और आगे की जांच के लिए डिजिटल रिकॉर्ड, बिलिंग डेटा और फाइनेंशियल डॉक्यूमेंट इकट्ठा किए। यह कार्रवाई शुरू में एक रूटीन टैक्स वेरिफिकेशन लग रहा था, वह बाद में एक बहुत बड़ी जांच में बदल गया। अधिकारियों ने घोषित रेवेन्यू और असली ट्रांज़ैक्शन के बीच अंतर को ट्रैक करने के लिए कथित तौर पर दसियों टेराबाइट्स तक के डिजिटल बिलिंग डेटा का बहुत बड़ा वॉल्यूम एनालिसिस किया।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 20 फरवरी, 2026 3

सुविचार: गंभीरता का गुण धारण कर लो तो व्यर्थ टकराव से बच जायेंगे

# तीन अंतरराज्यीय चोर गिरफ्तार 28.61 लाख की संपत्ति बरामद

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स की गोलकोंडा जोन टीम ने बंजारा हिल्स पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए मकान चोरी और बाइक चोरी की वारदातों में शामिल तीन अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, एक दोपहिया वाहन और नकदी बरामद की गई है। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य 28.61 लाख रुपये आंका गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में तंजीम जाकिर अली उर्फ तंजीम अली (30), मोहम्मद सद्दाम (32) और शानवाज उर्फ शानवाज खान (29) शामिल हैं। तीनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और वर्तमान में तलाबकट्टा, जहांगीर नगर, हैदराबाद में रह रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 160.84 ग्राम सोने के आभूषण, 666 ग्राम चांदी के आभूषण, एक स्प्लेंडर बाइक तथा 3,28,000 रुपये नकद बरामद




किए हैं। इसके अतिरिक्त दो मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। बरामद संपत्ति बंजारा हिल्स, एसआर नगर, दबीरपुरा और तुकारामगेट थाना क्षेत्रों में दर्ज विभिन्न मामलों से संबंधित है। जांच में सामने आया कि तंजीम अली और सद्दाम उत्तर प्रदेश में कपड़ों की दुकान में काम करते थे, लेकिन आय कम होने के कारण उन्होंने हैदराबाद आकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने की साजिश रची। उनका साथी शानवाज खान हैदराबाद में शेफ के रूप में कार्यरत था। फरवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में तीनों हैदराबाद पहुंचे। आवागमन के लिए उन्होंने तुकारामगेट क्षेत्र से एक स्प्लेंडर बाइक चोरी की और लोहे की रॉड व पेचकस की मदद से बंजारा हिल्स, एसआर नगर और दबीरपुरा क्षेत्रों में कई घरों में सेंधमारी कर सोना, चांदी और नकदी चोरी की। चोरी का माल तलाबकट्टा स्थित उनके ठिकाने पर रखा गया था तथा कुछ आभूषण उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए उनके रिश्तेदार रिजवान को सौंपे गए थे। टास्क फोर्स और बंजारा हिल्स पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने पांच मामलों में संलिप्तता स्वीकार की है। यह गिरफ्तारी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एम. इकबाल सिद्दीकी (टास्क फोर्स) के पर्यवेक्षण तथा इंस्पेक्टर आर. वेंकटेश, डिटेक्टिव इंस्पेक्टर एस.के. कवीउद्दीन और उपनिरीक्षक के. वेंकटरमणा एवं उनकी टीम की निगरानी में की गई। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधायक ने पूर्व मंत्री कडियम श्रीहरि की टिप्पणी की निंदा

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस विधायक केपी विवेकानंद ने पूर्व मंत्री कडियम श्रीहरि की आलोचना की, जिन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव को 'तेलंगाना का पिता' कहे जाने पर सवाल उठाए थे। विधायक ने कहा कि श्रीहरि ने अपनी हैसियत से परे टिप्पणी की और स्पष्ट किया कि केसीआर ने कभी भी पद के लिए पार्टी नहीं बदली और अपनी आत्म-सम्मान की समझौता नहीं की। बीआरएस विधायक ने जोर देकर कहा कि केसीआर ने तेलंगाना समाज को एकजुट करने और वर्षों की संघर्ष के बाद राज्य गठन दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

उन्होंने श्रीहरि के दृष्टिकोण में बदलाव पर सवाल उठाया और याद दिलाया कि श्रीहरि ने पहले केसीआर के 13 वर्षों के संघर्ष की प्रशंसा की थी। तेलंगाना के लोग युवा और बुजुर्ग आज भी केसीआर के समर्थन में खड़े हैं।

# करीमनगर में निर्दलीय पार्षद बीजेपी में शामिल

## पार्टी नेताओं ने किया स्वागत



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्य अध्यक्ष एन. रामचंदर राव और केंद्रीय मंत्री बंडी संजय कुमार की मौजूदगी में करीमनगर 10वीं डिविजन के निर्दलीय पार्षद एवं शिक्षाविद् सौगानी कोमुरैया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर राव ने उनका पार्टी में स्वागत किया। करीमनगर के मेयर और डिप्टी मेयर ने भी भाजपा के राज्य अध्यक्ष को सम्मानित किया। राज्य अध्यक्ष राव ने कहा कि करीमनगर में पहली बार भाजपा ने अपने दम पर मेयर पद पर कब्ज़ा किया है। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय और मेयर पद के लिए प्रयासरत अन्य नेताओं को इस सफलता के लिए बधाई दी। सौगानी की पार्टी में शामिल होने को तेलंगाना में भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत बताया गया। उन्होंने कहा कि हाल ही हुए म्यूनिसिपल चुनावों में भाजपा की सफलता इसका स्पष्ट उदाहरण है। राज्य अध्यक्ष ने वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार ने शिक्षा प्रणाली की उपेक्षा की है, शिक्षकों और कर्मचारियों के रिटायरमेंट लाभों की अदायगी नहीं हुई और इससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

राव ने आरोप लगाया कि पिछले सरकार की गलतियों को वर्तमान कांग्रेस सरकार दोहरा रही है और शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह भ्रष्ट हो गई है।

# अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ ने मुख्य सचिव से की मुलाकात



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय बीज परीक्षण संघ (आईएसटीए ) की कार्यकारी समिति के सदस्य आज सचिवालय में मुख्य सचिव से मिले। इस प्रतिनिधिमंडल में अमेरिका, इटली, फ्रांस, फिलीपींस, पोलैंड, अर्जेंटीना, उरुग्वे और स्विट्ज़रलैंड सहित 11 देशों के सदस्य शामिल थे। बैठक में बीज गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अन्य संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। आईएसटीए कार्यकारी बैठक 2026 15-21 फरवरी, तक हैदराबाद में आयोजित की जा रही है। समिति का नेतृत्व आईएसटीए सचिवालय, भारत के श्री केशवुलु कुमुसोठ कर रहे हैं। बैठक का उद्देश्य वैश्विक बीज मानकों का समर्थन करना और अंतरराष्ट्रीय बीज आपूर्ति में भारत की भूमिका को मजबूत करना है। मुख्य सचिव से मुलाकात के दौरान बताया गया कि इस बैठक के आयोजन से वैश्विक स्तर पर हैदराबाद और भारत की दृश्यता, व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि तेलंगाना को वैश्विक बीज उत्पादन और निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करना राज्य को 'भारत की बीज राजधानी' के रूप में स्थापित करने के साथ-साथ सतत कृषि विकास में भी योगदान देगा। राज्य के कृषि-जलवायु और लॉजिस्टिक फायदे, मजबूत वैज्ञानिक आधार, कुशल बीज उत्पादक, विविध बीज प्रणालियाँ और अनुकूल बीज नीतियाँ इसे अनुसंधान, उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात के लिए विशेष रूप से प्रतिस्पर्धी बनाती हैं।आईएसटीए सचिवालय, भारत के केशवुलु ने कहा कि तेलंगाना 2047 तक वैश्विक बीज हब के रूप में उभरेगा।

## दलितों के खिलाफ बुलडोज़र का प्रयोग गलत : दासोजु श्रवण

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस एमएलसी दासोजु श्रवण ने चेराबांडा राजा नगर कॉलोनी में लगभग 60-70 वर्षों से निवास कर रहे दलित परिवारों के घरों को सरकारी परियोजनाओं के तहत ध्वस्त करने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने इसे अमानवीय और बुलडोज़र राज का खतरनाक उदाहरण बताया। पूर्व चीफ व्हिप दस्याम विनय भास्कर, दासोजु श्रवण और बीआरएस पार्टी के कानूनी सेल के सदस्यों ने प्रभावित परिवारों के साथ मिलकर तेलंगाना राज्य मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई।

# वोंटिमिट्टा ब्रह्मोत्सव की तैयारियों में तेजी

## > जेईओ ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

तिरुपति , 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। श्री कोदंडरामस्वामी मंदिर में वार्षिक ब्रह्मोत्सवों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए टीटीडी के संयुक्त कार्यकारी अधिकारी वीराब्रह्मम ने अधिकारियों को फेस्टिवल से पहले कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। यह महोत्सव 27 मार्च से 5 अप्रैल तक आयोजित होगा। अनकुरार्पण 26 मार्च को होगा और ध्वजारोहन 27 मार्च को। दिव्य श्री सीता-राम कल्याणम 1 अप्रैल को संपन्न होगा। गुरुवार को समीक्षा बैठक में, जेईओ ने अस्थायी रसोई, मंदिर और यज्ञशाला में मरम्मत कार्य, कतार व्यवस्थाएँ, शरण स्थल, साइनबोर्ड और इंजीनियरिंग कार्य



समय पर पूर्ण करने पर जोर दिया। उन्होंने श्रीवारी सेवकों की तैनाती और भक्तों के लिए अन्नप्राशन व्यवस्था समेत बैठने की सुविधाएँ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जेईओ ने फोटो प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल, कल्याण वेदिका विकास कार्य और तिलांब्रालु व अन्नप्राशन वितरण काउंटरों का निरीक्षण किया। पानी की व्यवस्था और मंदिर से कल्याण वेदिका मार्ग की सजावट व लैंडस्केपिंग सुधारने के निर्देश भी दिए गए। माडा स्ट्रीट्स की मरम्मत, उत्सव माहौल के लिए रोशनी और सजावट, चिकित्सा और सुरक्षा व्यवस्थाओं, वाहना सेवाओं के लिए एलईडी स्क्रीन और कवि सम्मेलन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विशेष ध्यान में रखा गया। गर्मी में राहत हेतु छाछ और पेयजल काउंटरों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। टीटीडी के विभागों को डिप्युटेशन पर तैनात किया जाएगा, जबकि प्रचार रथ आसपास के गांवों में महोत्सव की जानकारी देंगे। जनसंपर्क विभाग सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार करेगा।

## तेलंगाना बन रहा है एआई नवाचार केंद्र : श्रीधर बाबू



नई दिल्ली/ हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना तेजी से वैश्विक मंच के रूप में उभर रहा है जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई ) आधारित नवाचार और तकनीकी उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह जानकारी आईटी और उद्योग मंत्री डुड्डिला श्रीधर बाबू ने यूएस- इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी ) के इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 में दी। मंत्री ने राज्य के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और उन्नत तकनीकी इकोसिस्टम को रेखांकित करते हुए कहा कि तेलंगाना अमेरिकी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। उन्होंने वैश्विक टेक कंपनियों के साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी और स्थिर, भविष्यदृष्टि वाली नीतियों पर जोर दिया, जो एआई अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दे रही हैं। श्रीधर बाबू ने यह भी कहा कि प्रशासनिक कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग पहले ही शुरू हो चुका है, जिससे सार्वजनिक सेवाओं की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग में सुधार हो रहा है।

## नरसिंगी पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बचाया

### दो आरोपी गिरफ्तार,एक फरार आरोपी की तलाश जारी

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। नरसिंगी पुलिस ने 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बचाया और दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनकी पहचान इमरान और एक नाबालिग लड़के के रूप में हुई। लड़की का पता चलने के बाद उसे चेंगिचेरला से रेस्क्यू किया गया। यह कार्रवाई 17 फरवरी को दर्ज कराए गए गुमशुदगी के मामले के बाद हुई। पुलिस के अनुसार, लड़की पहले एक नाबालिग लड़के से मिली और फिर चारमीनार क्षेत्र में मिलने गई। वहाँ, लड़के और उसके दो साथियों ने उसे एक स्थान पर ले जाकर धमकाया, शराब पिलाई और शारीरिक एवं यौन उत्पीड़न किया। एक आरोपी अभी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। जांच में यह भी सामने आया कि इमरान पहले से आठ अलग-अलग मामलों जैसे चोरी, डकैती और शारीरिक हमले में शामिल रहा है और रेन बाजार पुलिस स्टेशन में उसकी संदिग्ध सूची बनाई गई है। पुलिस ने कहा कि पीड़िता और सभी आरोपी एक ही समुदाय के हैं।

## रमज़ान में रोजा रखने से पहले गंभीर मरीज डॉक्टर से लें सलाह

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। रमजान के पवित्र महीने में रोजा रखना आस्था और श्रद्धा का विषय है, लेकिन चिकित्सकों का कहना है कि गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को रोज़ा रखने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। मधुमेह, हृदय रोग, गुर्दे की बीमारी और उच्च रक्तचाप के मरीजों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हैदराबाद के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सैयद अकरम अली ने कहा कि जो लोग रोज़ा रखने की योजना बना रहे हैं और किसी पुरानी बीमारी से ग्रसित हैं, उन्हें पहले पूरी जांच करानी चाहिए।

## छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर निकला भव्य जुलूस

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में गुरुवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर श्री छत्रपति शिवाजी मराठा नवयुवक मंडल की ओर से पुरानापुल दरवाजा से शिवाजी महाराज की प्रतिमा तक भव्य जुलूस निकाला गया, जो सालारजंग ब्रिज तक पहुंचा। जुलूस पुरानापुल, जुम्मेरात बाजार और अफजल गंज से होते हुए शाम को सालारजंग ब्रिज पहुंचा, जहां एक छोटी जनसभा का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोग जुलूस में शामिल हुए। कई युवक शिवाजी महाराज के वेश में घोड़ों पर सवार नजर आए और मराठा वीर की जयकारे लगाते रहे।

## दलित परिवारों के लिए पानी, बिजली और सुरक्षा बहाल करने का आदेश

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य मानवाधिकार आयोग (टीएसएचआरसी ) ने हनमकोंडा के चेराबांडा राजा नगर में अनुसूचित जाति परिवारों को पेयजल और बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल करने के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई उन आरोपों के बाद हुई है जिनमें कहा गया था कि परिवारों के खिलाफ जातिगत भेदभाव और अवैध कनेक्शन कटौती की गई।

अध्यक्ष न्यायमूर्ति शमीम अख्तर की अगुवाई में आयोग ने 30 निवासियों की शिकायतों के आधार पर अंतरिम आदेश जारी किए, जिनके पास वैध हाउस-साइट पट्टे हैं। आयोग ने जिला कलेक्टर, ग्रेटर वारंगल नगर निगम और टीजी - एनपीडीसीएल को किसी भी प्रकार के जबरन निर्वासन से बचने का निर्देश दिया। वारंगल पुलिस कमिश्नर को सुरक्षा सुनिश्चित करने और धमकियों को रोकने के निर्देश दिए गए। वहीं, मुख्य सचिव और डीजीपी को आदेश पालन की निगरानी करने के लिए कहा गया है। इस मामले की अगली समीक्षा 9 मार्च को होगी। शिकायत बीआरएस एमएलसी दासोजु श्रवण कुमार और अन्य लोगों ने दर्ज कराई थी।

## कडियम ने केसीआर पर परिवार के करोड़ों के गबन का आरोप लगाया

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्टेशन घनपुर विधायक कडियम श्रीहरि ने बीआरएस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उनके परिवार ने सत्ता में 10 साल के कार्यकाल के दौरान विशाल संपत्ति इकट्ठा की। श्रीहरि ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 2014 के बाद केसीआर के परिवार के सदस्यों की संपत्ति में असामान्य वृद्धि हुई है और उनकी वित्तीय जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने उन नेताओं की आलोचना की, जिन्होंने केसीआर को ''तेलंगाना के पिता'' कहा, और कहा कि लोग उनके वास्तविक योगदान की जांच करें। श्रीहरि ने दावा किया कि पूर्व सीएम के परिवार के सदस्यों द्वारा कई घोटाले किए गए और कई मामले उनके खिलाफ लंबित हैं।

Heavy Water Plant, Manuguru

Notice Inviting e-Tenders

The General Manager, HWP (M), on behalf of President of India, invites online item rate bids, on two bid system for followings work(s).

NIT No. HWP (M)/PU/ 201/26/ W4
Name of work: Revision – 1: Expression of interest for lifting of pond ash from Heavy Water Plant (M) for eco-friendly uses.
Earnest Money: 25, 000/- .Period of completion:12 months.
Last time and date of submission of online bids: Up to 27.02.2026 (16.30 hrs).

The bid forms and other details can be obtained from the website http://eprocure.gov.in. The notice is also available on www.hwb.gov.in

महाप्रबंधक General Manager

48115/12/0061/2526

## 32 हजार करोड़ रुपये की क्रिटिकल मिनरल्स मिशन की शुरुआत : किशन रेड्डी



नई दिल्ली, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भारत ने अपने क्रिटिकल मिनरल्स पर निर्भरता कम करने और घरेलू मूल्य संवर्धन बढ़ाने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये की राष्ट्रीय क्रिटिकल मिनरल्स मिशन की घोषणा की। यह जानकारी केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री जी. किशन रेड्डी ने दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में भारत अपनी क्रिटिकल मिनरल्स की लगभग 95% जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, इसलिए आत्मनिर्भर और मजबूत आपूर्ति शृंखला का निर्माण जरूरी है। मिशन के तहत देशभर में 4,000 से अधिक खोज कार्य शुरू किए जा चुके हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात में क्रिटिकल मिनरल्स प्रसंस्करण यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। 7,280 करोड़ रुपये की पीएलआई योजना के तहत स्थायी मैग्नेट का उत्पादन इस वर्ष के अंत तक शुरू होने की संभावना है। कार्यक्रम में एफआईसीसीआई ने वैश्विक क्रिटिकल मिनरल्स पोर्टल लॉन्च किया और डेलॉइट के साथ मिलकर नीति सिफारिशों की रिपोर्ट जारी की।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित)
56-57, इन्स्टीट्युशनल एरिया, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110058

आयुर्वेद गुरुकुलम् की संबद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रण

आयुर्वेद गुरुकुलम् के अंतर्गत दो वर्षीय प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम के साथ बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी (BAMS) हेतु कुल साढ़े सात वर्ष की अवधि के शैक्षणिक कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयुर्वेद गुरुकुलों को सम्बद्धता प्रदान की जा रही है। तदनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के भारतीय चिकित्सा पद्धत राष्ट्रीय आयोग (NCISM) द्वारा राजपत्र में अधिसूचित विनियमों के अंतर्गत आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु योग्य संस्थानों से आवेदन आमंत्रित करता है। आयुर्वेद गुरुकुलों का उद्देश्य सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्री-आयुर्वेद कार्यक्रम एवं BAMS पाठ्यक्रम के अनुरूप आयुर्वेद में पारम्परिक गुरुकुल-आधारित शिक्षा प्रदान करना है।

आयुर्वेद गुरुकुलों में प्रवेश कक्षा 10वीं अथवा समकक्ष उत्तीर्ण छात्रों अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

इच्छुक संस्थान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से आयुर्वेद गुरुकुलों की सम्बद्धता हेतु आवेदन कर सकते हैं - https://www.sanskrit.nic.in/ayurveda_gurukulam.php विस्तृत दिशा-निर्देश, पात्रता मानदंड एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें: www.sanskrit.nic.in

दिनांक: 09.02.2026

हस्ता/-
कुलसचिव

21212/12/0005/2526

THE AGRASEN CO-OPERATIVE URBAN BANK LTD.
Head Office # 15-2-391/392/1, Siddiamber Bazar, Hyderabad - 500012
E-mail: info@agrasenbank.bank.in Website: www.agrasenbank.bank.in
अग्रसेन बैंक
Estd.1998
(T.A. No. 1439)

NOTICE

Notice is hereby given that the 2nd General Body Meeting of the Shareholders of the Bank for the Financial Year 2025-2026, will be held on Sunday, 8th March, 2026 at FTCCI Surana Auditorium, FTCCI House, Red Hills, Hyderabad-500 004, T.G. at 11:00 A.M to transact the following items of the Agenda:

1. To review the membership and attendance of the Committee Members for the period from 01-08-2025 to 31-01-2026.
2. To approve admission of members, allotment of additional shares, transfer of shares, withdrawal and refund of Share Capital made during the period from 01-08-2025 to 31-01-2026.
3. To approve investments / withdrawals made during the period from 01-08-2025 to 31-01-2026.
4. To review all overdue loans and loans covered under legal action as on 31-01-2026
5. To consider any other matter with the permission of the Chair.

All the Shareholders are requested to attend the 2nd General Body Meeting, on the date, time and place herein mentioned above

Place : Hyderabad
Date : 20/02/2026

By order of the Board of Directors
Sd/-
C. V. Rao
General Manager /CEO

NOTE:
1. All documents referred to in the Notice are open for inspection at the Registered Office of the Bank on all working days between 11.00 A.M to 4.00 P.M till 05-03-2026 with prior notice.
2. In the absence of the requisite Quorum within half an hour of the time specified for holding the 2nd General Body Meeting, the meeting shall stand adjourned to 11.30 A.M on the same day and the same agenda of the meeting shall be transacted at the same venue.

## तेज रफ्तार कार नहर में जा गिरी, तीन लोगों की मौत

औरैया, 19 फरवरी (एजेंसियां)। अछल्दा थाना क्षेत्र के अंतर्गत निचली गंग नहर रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के पास स्थित गांव तुरूकपुर के समीप एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। पानी गहरा होने के कारण कार देखते ही देखते पूरी तरह डूब गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी पंकज मिश्रा पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। कार को खोजने के लिए पुलिस टीम के दो सिपाहियों ने कपड़े उतारा और नहर के ठंडे पानी में छलांग लगा दी।

करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत और खोजबीन के बाद पुलिस टीम को पानी के भीतर कार का पता चला। नहर में कार मिलने के बाद पुलिस ने रस्सा डालकर उसे बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है। स्थानीय लोगों भी मदद कर रहे हैं। कार को बाहर निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

# 25 सालों से मुंगेर की पहाड़ियां जिसका ठिकाना थी
# नक्सली सुरेश कोड़ा ने किया सरेंडर

मुंगेर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार का मुंगेर जिला लंबे समय से नक्सली गतिविधियों से प्रभावित रहा है। हालांकि पुलिस और सुरक्षा बलों की ओर से लगातार चलाए जा रहे अभियानों से नक्सल नेटवर्क पर काफी हद तक अंकुश लगाया गया है। इसी क्रम में तीन लाख रुपये के इनामी और कुख्यात स्पेशल एरिया कमेटी कमांडर सुरेश कोड़ा ने गुरुवार को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। उसके सरेंडर के साथ ही जिला प्रशासन ने दावा किया है कि मुंगेर अब पूरी तरह नक्सल प्रभाव से मुक्त हो गया है। पुलिस केंद्र मुंगेर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीआईजी राकेश कुमार, एसटीएफ डीआईजी संजय कुमार सिंह और जिलाधिकारी निखिल धनराज सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुरेश कोड़ा ने हथियार डाले।



### लगातार अभियान से कमजोर पड़ा नेटवर्क

पुलिस अधिकारियों के अनुसार मुंगेर में पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज किया गया था। 28 दिसंबर 2025 को भी तीन नक्सली कमांडरों ने आत्मसमर्पण किया था, जबकि जुलाई 2025 में एक सक्रिय सदस्य ने संगठन छोड़ा था। राजासराय क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़ के बाद सुरेश कोड़ा के दस्ते को बड़ा नुकसान हुआ और उसके कई सहयोगी पहले ही सरेंडर कर चुके थे। लगातार हो रही कार्रवाई और गिरफ्तारी से उसका नेटवर्क लगभग टूट चुका था।

### आत्मसमर्पण नीति के तहत मिलेगी सहायता

सरकार की नक्सल आत्मसमर्पण नीति के तहत सुरेश कोड़ा को तीन लाख रुपये की घोषित इनाम राशि के अलावा पांच लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही उसे कौशल प्रशिक्षण, रोजगार सहायता, पुनर्वास पैकेज और अन्य सरकारी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी, ताकि वह सामान्य जीवन जी सके और समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सके।

### सरेंडर के बाद मांगी माफी

आत्मसमर्पण के बाद सुरेश कोड़ा ने लोगों से क्षमा मांगते हुए कहा कि वह अब कभी नक्सली संगठन में वापस नहीं जाएगा और शांति का जीवन जीना चाहता है। कार्यक्रम के दौरान उसने एसटीएफ जिंदाबाद का नारा भी लगाया। उसके भतीजे और ग्रामीण रंजन कौड़ा ने कहा कि गांव अब पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है और युवा अब हिंसक गतिविधियों से दूर रहेंगे। प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों और रोजगार योजनाओं का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

### प्रशासन का दावा, आगे भी रहेगी नजर

जिला प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा अभियान, विकास योजनाओं, पुनर्वास सुविधाओं और स्थानीय जनसहयोग के संयुक्त प्रयास से क्षेत्र में नक्सल प्रभाव लगभग समाप्त हो गया है। हालांकि अधिकारियों ने माना कि शांति को स्थायी बनाए रखने के लिए आगे भी सतत निगरानी, विकास कार्यों की गति और रोजगार अवसरों का विस्तार जरूरी होगा।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति, लगातार चल रहे सघन अभियान और सुरक्षा बलों की दबिश के कारण वह मुख्यधारा में लौटने को तैयार हुआ। आत्मसमर्पण के समय सुरेश कोड़ा ने पुलिस को भारी मात्रा में हथियार भी सौंपे। इनमें एक एके-47, एक एके-57, दो इंसास राइफल और 505 कारतूस शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह करीब 60 नक्सली और आपराधिक मामलों में वांछित था तथा पिछले लगभग 25 वर्षों से मुंगेर के पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सक्रिय रहा था।

## थोड़ा पीने वालों पर जुल्म और माफियाओं को खुली छूट
# शराबबंदी पर मांझी ने नीतीश सरकार को घेरा

मधुबनी, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार में राष्ट्रीय लोक मोर्चा (आरएलएम) के विधायक (मधुबनी) माधव आनंद के द्वारा शराबबंदी पर समीक्षा होने की बात कही गई थी। इस पर गयाजी में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को इस पर समीक्षा करना चाहिए। मांझी ने कहा कि शराबबंदी से सरकार को बहुत आर्थिक क्षति हो रही है। यह भी नीतीश कुमार को सोचना चाहिए। मांझी ने आगे कहा कि शराबबंदी पर तीसरी समीक्षा में यह तय हुआ था कि थोड़ा पीने वाले या एक पौआ लेकर जाने वालों को पुलिस नहीं पकड़ेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। मांझी ने कहा कि थोड़ा पीने वाले को पुलिस पकड़ रही है। वहीं हजार लाखों लीटर लेकर जाने वालों को पुलिस पैसे लेकर छोड़ रही है। शराबबंदी तो हो नहीं पा रही है और होम डिलीवरी हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि शराब बाहर से आ रहे हैं। महंगी शराब आ रही है।

### आरएलएम विधायक माधव आनंद ने विधानसभा में उठाया था मुद्दा



**बिहार** में शराबबंदी को लेकर हाल ही में आरएलएम विधायक माधव आनंद ने महत्वपूर्ण बयान दिया था। उनके बयान के बाद बिहार की राजनीति में शराबबंदी कानून की समीक्षा को लेकर एक नई बहस छिड़ गई है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान माधव आनंद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में शराबबंदी कानून की व्यापक समीक्षा करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि बिहार में शराबबंदी को लागू हुए करीब 10 साल होने वाले हैं, इसलिए अब यह देखने का समय आ गया है कि राज्य ने इस कानून से क्या खोया और क्या पाया है। उन्होंने सदन में आरोप लगाया कि कानून लागू होने के बावजूद राज्य में शराब की होम डिलीवरी हो रही है। इस दौरान उन्होंने कानून की समीक्षा की मांग के साथ-साथ इस कड़े फैसले के लिए नीतीश कुमार के साहस की सराहना भी की।

जनता का पैसा बाहर जा रहा है। बिहार में 1 अप्रैल 2016 से शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया था।

## अतीक गैंग की 100 करोड़ की जमीन अब सरकारी

प्रयागराज, 19 फरवरी (एजेंसियां)। संगम नगरी में माफिया अतीक अहमद के गैंग 'आईएस-227' का वर्चस्व भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन प्रशासन अब उसकी जड़ों को उखाड़ने में जुटा है। जिला प्रशासन ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अतीक गैंग के गुर्गों के कब्जे से 38 बीघा सरकारी जमीन मुक्त कराई है, जिसकी बाजार में कीमत 100 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है प्रयागराज के शहर पश्चिमी इलाके के नसीरपुर सिलना गांव में ग्राम सभा की इस बेशकीमती जमीन पर लंबे समय से माफिया के करीबियों का कब्जा था। जांच में सामने आया कि राजस्व दस्तावेजों में हेरफेर कर इस जमीन को निजी नामों पर दर्ज करा लिया गया था। प्रशासनिक जांच के बाद अमानंउल्ला, एकबाल अहमद, गुलाम गौस, इश्तियाक अहमद और मोहम्मद बिटनिया के नाम कागजों से हटा दिए गए हैं। अब यह पूरी जमीन वापस ग्राम सभा के नाम दर्ज कर दी गई है।

# हाई कोर्ट ने लखनऊ नगर निगम में जमा कराया 35 करोड़ का हाउस टैक्स




लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसियां)। गलती नगर निगम की थी, क्योंकि नगर निगम की तरफ से गोमतीनगर हाईकोर्ट भवन का हाउस टैक्स का निर्धारण ही नही किया। इस साल नगर निगम ने बिल भेजा और पैरवी की तो हाईकोर्ट प्रशासन की तरफ से 35.16 करोड़ का भुगतान कर दिया। यह नगर निगम के लिए बड़ी रकम थी और चालू वित्तीय वर्ष में उसकी आय में वृद्धि हो गई है। यह भुगतान एक अप्रैल 2016 से लेकर 2026 तक का है। इसकी पैरवी भी अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव व जोनल अधिकारी संजय यादव ने की थी। टैक्स की रकम आने के बाद शाम को खुशी बनाई गई। नगर आयुक्त गौरव कुमार की मौजूदगी में केक भी काटा गया। हाउस टैक्स न जमा पर नगर निगम ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र के दफ्तर को सील कर दिया।

1.98 करोड़ का बकाया था। जोन सात के कर अधीक्षक अजीत राय ने बताया कि संबंधित विभाग को कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन भुगतान न होने पर कार्रवाई की गई है। जोनल अधिकारी दो संजय यादव ने यूपी एग्रो इंडस्ट्रियल कारपोरेशन लिमिटेड का बैंक खाता सीज करा दिया है। कार्पोरेशन लिमिटेड पर 94 लाख का बकाया थाो समय-समय पर बिल और नोटिस जारी करने के बाद भी भुगतान न होने पर यह कार्रवाई की गई।

## 'धर्म के नाम पर हिंसा बर्दाश्त नहीं', बोलीं विधायक मैथिली ठाकुर

दरभंगा, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दरभंगा के घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के रणपरती मैदान में आयोजित मून स्टार क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान हुई चाकूबाजी की घटना में घायल युवकों से अलीनगर की भाजपा विधायक मैथिली ठाकुर ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (डीएमसीएच) पहुंचकर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। अस्पताल से बाहर निकलने के बाद पत्रकारों से बातचीत में विधायक ने कहा कि सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में एक सिरफिरे व्यक्ति द्वारा इस तरह की गंभीर घटना को अंजाम देना बेहद दुखद है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विधायक ने बताया कि इस मामले को लेकर उन्होंने बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर पूरी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि धर्म के नाम पर किसी भी प्रकार की लड़ाई या उन्माद फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। टूर्नामेंट के उद्घाटन में स्वयं मौजूद रहने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने वहां भाईचारे और आपसी प्रेम का संदेश दिया था।

## स्कूल में नौकरी लगते ही पति का टीचर पर आया दिल, पत्नी को करंट लगाकर मार डाला

अमेठी, 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पति पर अपनी ही पत्नी की करंट लगाकर हत्या करने का आरोप लगा है। मृतका के परिजन ने पति के साथ-साथ दो अन्य लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मामला अमेठी जनपद के गौरीगंज थाना क्षेत्र के पूरे रामदीन गांव का है। यहां की रहने वाली चेतना की शादी वर्ष 2014 में अमेठी कोतवाली क्षेत्र के लोहरता गांव के निवासी उमाकांत शुक्ला के साथ हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद उमाकांत शुक्ला प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक के पद पर नियुक्त हो गया। दंपति का एक छह वर्षीय पुत्र भी है।

# किंगमेकर बनेंगे असदुद्दीन ओवैसी? बिहार राज्यसभा चुनाव में 5वीं सीट पर सबकी नजर

पटना, 19 फरवरी (एजेंसियां)। निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव कराने की घोषणा कर दी है। बिहार की पांच सीटों पर होने वाले इस चुनाव में चार सीटों पर एनडीए की बढ़त मानी जा रही है, जबकि पांचवीं सीट पर संख्या बल, गठबंधन राजनीति और छोटे दलों की भूमिका मुकाबले को बेहद दिलचस्प बना सकती है। इस चुनाव में जिन सांसदों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, राजद के अमरेंद्र धारी सिंह व प्रेमचंद गुप्ता तथा रालोमो के उपेंद्र कुशवाहा शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी को अधिसूचना जारी होगी, पांच मार्च तक नामांकन दाखिल होंगे और 16 मार्च को मतदान होगा।

### संख्या बल में आगे एनडीए

विधानसभा के मौजूदा समीकरणों को देखें तो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन चार सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। भारतीय जनता पार्टी की कोई सीट खाली नहीं हो रही, लेकिन वह अतिरिक्त सीट जीतने की स्थिति में है। वहीं जनता दल (यूनाइटेड) की दो सीटें खाली हो रही हैं, जिन्हें वह अपने संख्या बल के आधार पर सुरक्षित कर सकता है। इससे ऊपरी सदन राज्यसभा में एनडीए की ताकत और बढ़ सकती है।





### उपेंद्र कुशवाहा की राह में चिराग का 'रोड़ा'?

सियासी गलियारों में सबसे ज्यादा चर्चा रालोमो (आरएलएम) अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा की सीट को लेकर है। चर्चा है कि लोजपा (आर) के मुखिया चिराग पासवान अपनी मां रीना पासवान को राज्यसभा भेजने के लिए अड़ सकते हैं। चूंकि चिराग की पार्टी के पास अब 19 विधायकों की ताकत है, ऐसे में एनडीए के भीतर सीट शेयरिंग का फॉर्मूला काफी अहम होगा। यदि चिराग अपनी मांग पर कायम रहते हैं, तो उपेंद्र कुशवाहा के लिए दोबारा सदन पहुंचना एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

### पांचवीं सीट पर क्यों बढ़ा रोमांच



सबसे दिलचस्प मुकाबला पांचवीं सीट को लेकर माना जा रहा है। बिहार विधानसभा में विपक्ष में सबसे ज्यादा विधायक राष्ट्रीय जनता दल के पास हैं, लेकिन जीत के लिए उसे सहयोगियों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस, वाम दलों और अन्य विपक्षी विधायकों को जोड़ने पर संख्या बढ़ती है, मगर निर्णायक भूमिका छोटे दल निभा सकते हैं।

### क्या ओवैसी बनेंगे किंगमेकर?

इस चुनाव में सबसे ज्यादा चर्चा असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम को लेकर है। यदि उनके पांच विधायक विपक्ष के साथ आते हैं तो समीकरण सीधे मुकाबले में बदल सकता है। बसपा और अन्य छोटे दलों का समर्थन भी निर्णायक साबित हो सकता है, क्योंकि एक सीट जीतने के लिए कम से कम 41 मत जरूरी होंगे। यही वजह है कि बिहार का यह राज्यसभा चुनाव सिर्फ संख्या का खेल नहीं, बल्कि रणनीति, गठबंधन और सामाजिक समीकरणों की परीक्षा माना जा रहा है। चार सीटों पर तस्वीर लगभग साफ है, लेकिन पांचवीं सीट का परिणाम यह तय करेगा कि आने वाले समय में बिहार की सियासत किस दिशा में मुड़ेगी।

# शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक ने किया 101 बटुकों का सम्मान

## तिलक-माला पहनाकर पत्नी संग लिया आशीर्वाद

लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और उनके बटुकों के साथ हुई बदसलूकी का विवाद में एक कदम और बढ़ता दिख रहा है। गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में अपने आवास पर 101 बटुकों का सम्मान किया हैं। डिप्टी सीएम ने अपनी पत्नी के साथ बटुकों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और तिलक लगाया। दरअसल ब्रजेश पाठक ने शंकराचार्य विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि माघ मेले में जिसने भी बटुकों की शिखा खींची, उसने महापाप किया है। उन्होंने कहा कि चोटी नहीं खींचना चाहिए थे, ये महापाप है। जिन लोगों ने चोटी को छुआ है उन्हें पाप लगेगा। कई बरस बाद भी बहुत पाप पड़ेगा, सब खाता बही में लिखा जा रहा है। इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।



### 101 बटुकों को अपने आवास पर किया स्वागत

ब्रजेश पाठक के इस बयान के बाद बटुक काफी खुश हुए थे। जिसके बाद आज सुबह वो बड़ी संख्या में डिप्टी सीएम के आवास पर उन्हें धन्यवाद देने पहुंचे थे, जिसके बाद ब्रजेश पाठक ने उनका अपने आवास पर स्वागत किया। उन्होंने बटुकों को गले में माला पहनाई और तिलक लगाया। उनके लगे में पटका पहनाकर भोजन भी कराया और आशीर्वाद लिया। शंकराचार्य विवाद के बीच ब्रजेश पाठक ने किया 101 बटुकों का सम्मान, तिलक-माला पहनाकर पत्नी संग लिया आशीर्वाद

ब्रजेश पाठक के बयान के बाद बुधवार शाम को भी कुछ बटुक उन्हें अपना आशीर्वाद देने आए थे। लेकिन, आज क़रीब 101 बटुक उनके आवास पर आशीर्वाद देने पहुंचे। डिप्टी सीएम के स्वागत के बाद बटुकों ने बहुत प्रसन्नता जताई। एक बटुक ने कहा कि ब्रजेश पाठक पहले ऐसे नेता है जिन्होंने हमारी बात को सदन के अंदर रखा। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद है। बता दें कि प्रयागराज माघ मेले में मौनी अमावस्या के स्नान पर्व पर जब शंकराचार्य अपने बटुकों के साथ संगम में स्नान के लिए जा रहे थे तो प्रशासन ने उन्हें पालकी में जाने से रोक दिया था,

जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच में विवाद हो गया था। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बटुकों के साथ बदसलूकी की थी और उन्ही शिखा खींचकर पिटाई की। जिसके बाद ये विवाद काफी बढ़ गया था। शंकराचार्य बिना स्नान किए है मेले से लौट गए।

## ट्रांसजेंडर और समलैंगिक जोड़े को लिव-इन रिलेशनशिप की मिली अनुमति

प्रयागराज, 19 फरवरी (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में ट्रांसजेंडर और एक अन्य व्यक्ति के बीच लिव-इन रिलेशनशिप को संरक्षण प्रदान करते हुए, उनके परिवार वालों या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उनके जीवन में हस्तक्षेप न करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने संविधान के जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार को सर्वोपरि बताते हुए पुलिस को जरूरत पड़ने पर तत्काल सुरक्षा प्रदान करने का भी आदेश दिया है। मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र से जुड़ा मामला है, दोनों याची बालिग हैं और उन्होंने स्वेच्छा से लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का फैसला लिया है। याचियों का कहना था कि परिवार से ही उनकी जान-माल को खतरा है। हाईकोर्ट की शरण ली।

न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी बालिग व्यक्ति को अपनी मर्जी से अपना जीवनसाथी चुनने का पूरा अधिकार है और परिवार या समाज इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018) मामले का हवाला दिया, जिसमें समलैंगिक संबंधों को मान्यता देते हुए आईपीसी की धारा 377 समाप्त कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि ऐसे संबंध संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 का उल्लंघन नहीं करते।

## यूपी चुनाव से पहले मुख्तार अंसारी परिवार में बगावती सुर
# विधायक भाई पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप



लखनऊ, 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले माफिया मुख्तार अंसारी के परिवार में राजनीतिक कलह की बात खुलकर सामने आने लगी है। समाजवादी पार्टी के विधायक सुहैब उर्फ मन्नू अंसारी के बड़े भाई सलमान अंसारी के सोशल मीडिया पोस्ट के बाद सियासी तूफान आ गया है। उन्होंने पोस्ट के जरिए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### सोशल मीडिया पोस्ट से मची हलचल

सलमान अंसारी, जो सिबगतुल्लाह अंसारी के बड़े बेटे और विधायक सुहैब अंसारी के भाई हैं, ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक ऑडियो क्लिप भी शेयर की है, जिससे पारिवारिक कलह की बात की है। राजनीति के जानकार इस घटनाक्रम को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव से पहले बदलते राजनीतिक समीकरणों के तौर पर देख रहे हैं। परिवार के भीतर उठी यह बगावत विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों के लिए राजनीतिक मायने रखती है। क्षेत्रीय राजनीति में इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है।

### भाई पर लगाए करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप

सलमान अंसारी ने आरोप लगाया कि पिछले चार सालों में मोहम्मदाबाद विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि 30 हजार रुपये की स्ट्रीट लाइट के लिए डेढ़ लाख रुपये तक का खर्च दिखाया गया। विधायक निधि के लगभग 20 करोड़ रुपये में भी अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि साल 2022 में जनता से विकास के नाम पर वोट मांगा गया था, लेकिन अब वह जनता को जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। उनके इस बयान से साफ है कि मामला सिर्फ राजनीतिक नहीं बल्कि व्यक्तिगत असंतोष से भी जुड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर यह पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है।

### कौन हैं सिबगतुल्लाह अंसारी?

सिबगतुल्लाह अंसारी, जो मुख्तार अंसारी के बड़े भाई हैं, दो बार विधायक रह चुके हैं। उनके छोटे भाई अफजाल अंसारी भी सक्रिय राजनीति में हैं। मुख्तार अंसारी की 60 वर्ष की उम्र में बांदा जेल में 2024 में मौत हो चुकी है। वर्तमान में सुहैब अंसारी मोहम्मदाबाद सीट से विधायक हैं। वहीं, एमआईएम के पूर्वांचल प्रवक्ता अफसर महमूद ने नसीमुद्दीन सिद्दीकी के समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि जो सपा आजम खान के साथ नहीं रही, वह नसीमुद्दीन के साथ क्या होगी। साथ ही आरोप लगाया कि आबकारी मंत्री रहते समय नसीमुद्दीन ने बड़े घोटाले किए थे।

## 'जिनकी लंगोटियां फटी, वो हमारी पगड़ी उछाल रहे'

# नवजोत सिंह सिद्धू ने किस पर कसा तंज?



चंडीगढ़, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पंजाब की राजनीतिक के चर्चित चेहरे नवजोत सिंह सिद्धू ने शायराना अंदाज में अपने विरोधियों पर निशाना साधा है। सिद्धू ने अपने आधिकारिक अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया है। जिसमें उन्होंने अपने विरोधियों को निशाने पर लिया है। सिद्धू ने कहा कि जो लोग उनकी कमियां ढूंढ़ रहे हैं, उन्हें सबसे पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'वो एक समंदर खंगालने में लगे हुए हैं, हमारी कमियां निकालने में लगे हुए हैं, जिनकी अपनी लंगोटियां तक फटी हुई हैं, वो हमारी पगड़ी उछालने में लगे हुए हैं, ओ जाओ यार।।।।'। नवजोत सिंह सिद्धू का बयान ऐसे समय में आया है जब वे कांग्रेस के कुछ नेताओं के निशाने पर रहे हैं। दरअसल,कांग्रेस ने नवजोत सिंह सिद्धू की पत्नी को पार्टी को निकाल दिया है। तकनीकी रुप से सिद्धू कांग्रेस में हैं लेकिन उनके बयानों से ऐसा लगता है कि वह पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं। वहीं, सिद्धू की पत्नी और कांग्रेस की पूर्व नेता नवजोत कौर ने राहुल गांधी पर एक और तीखा हमला किया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि वह ज़मीनी हकीकत से कटे हुए हैं और पार्टी की पंजाब यूनिट के अंदर भ्रष्टाचार को दूर करने में नाकाम रहे हैं। नवजोत कौर ने दावा किया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता को पंजाब के डेवलपमेंट के बारे में पता नहीं है और उनकी कोई कार्रवाई न करने से राज्य में कांग्रेस को नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अच्छी बातें करते हैं। वह समझदारी की बातें करते हैं। लेकिन वह जो करते हैं और जो कहते हैं, वह बहुत अलग है।

## गांधी जी ने बांहों में उठाकर कहा था, ये मेरे सूरज चांद हैं

# मणिशंकर अय्यर का खुलासा, बताया क्यों खुद को मानते हैं असली गांधीवादी?'



नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने कहा कि वह ''गांधीवादी'', ''नेहरूवादी' और 'राजीववादी' हैं लेकिन 'राहुलवादी' नहीं हैं क्योंकि राहुल गांधी उनसे उम्र में बहुत छोटे हैं और राजनीतिक जीवन में भी उनसे बहुत दूर हैं।

अय्यर ने कहा कि उन्होंने खुद को 'इंदिरावादी' नहीं कहा क्योंकि वह इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल की घोषणा करके 'हमारे लोकतंत्र को तानाशाही में बदलने' के कदम से 'पूरी तरह असहमत' थे, भले ही यह आपातकाल केवल 18 महीनों के लिए ही क्यों न रहा हो। हाल ही में राहुल गांधी पर की गई उनकी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर अय्यर ने कहा, ''कोई मुझसे 'राहुलियन' (राहुलवादी) होने की उम्मीद कैसे कर सकता है, जब वह मुझसे लगभग 30 साल छोटे हैं और मुझे उसके साथ काम करने का मौका नहीं मिला है?'

**महात्मा गांधी ने क्या कहा था?**

अय्यर के मुताबिक, उन्होंने हाल में कहा था कि '' मैं गांधीवादी हूं, मैं नेहरूवादी हूं, मैं राजीववादी हूं, लेकिन मैं राहुलवादी नहीं हूं।'' अपने बयान के बारे में विस्तार से बताते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' मैं उस वक्त छह साल का था और मेरा भाई चार साल का था जब महात्मा गांधी ने हमें अपनी बाहों में उठाया और कहा, 'ये मेरे सूरज और चांद हैं।'' उन्होंने कहा, ''वहीं से, मैं 'गांधीवादी' बन गया। जहां तक नेहरू की बात है, जब वह प्रधानमंत्री बने तो मैं छह साल का था और जब वह विदा हुए तो मैं 23 साल का था, इसलिए मेरे बड़े होने के पूरे वर्ष नेहरूवादी विचार में डूबे हुए थे, यही कारण है कि मैं भी खुद को नेहरूवादी मानता हूं।'

**अय्यर ने खुद को बताया राजीववादी**

अय्यर ने कहा, 'मैं खुद को 'राजीवियन' (राजीववादी) कहता हूं क्योंकि वह भले ही मुझसे दो साल छोटे थे, लेकिन वह मुझे प्रधानमंत्री कार्यालय में लाए और अपने इस काम से मुझे आश्चर्यचकित कर दिया।।। मुझे इस पर विश्वास नहीं हो रहा था। इस तरह मैं राजीववादी बन गया।'उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस नेतृत्व पर हमला बोलने के एक दिन बाद यह बयान दिया है।

## कांग्रेस-बीजेपी ने मिलकर बना लिया मेयर, महाराष्ट्र की इस नगरपालिका में एकनाथ शिंदे को झटका



मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की भिवंडी में अलग ही सियासत शुरू हो गई है। भिवंडी महानगरपालिका में कुछ ऐसा हुआ है जो महाराष्ट्र की राजनीति में पहले कभी नहीं हुआ था। यहां पर मेयर पद का चयन करने के लिए दो बड़े विरोधी दल कांग्रेस और बीजेपी साथ आ गए हैं। दरअसल, भिवंडी मेयर पद के बीजेपी उम्मीदवार को कांग्रेस ने समर्थन दिया है। इसके लिए पार्टी ने पत्र लिखकर बाकायदा आधिकारिक रूप से अपने समर्थन का ऐलान किया। बीजेपी ने फैसला लिया है कि वह मेयर के लिए सेक्युलर उम्मीदवार के साथ जाएगी।

इसलिए पद के लिए स्नेहा पाटील का नाम दिया गया है। बता दें, पहले बीजेपी के उम्मीदवार नारायण चौधरी थे, लेकिन अब नया नाम स्नेहा पाटील का है। कांग्रेस ने बीजेपी के उम्मीदवार को समर्थन दिया है। लोकसभा सांसद अनिल देसाई ने एबीपी न्यूज से बात करते हुए इस सियासी घटनाक्रम को आश्चर्यजनक बताया था। अब सवाल उठता है कि क्या भिवंडी की सत्ता से एकनाथ शिंदे को दूर करने के लिए बीजेपी ने कोई नई चाल चली है? दरअसल, एकनाथ शिंदे की शिवसेना महायुति का सहयोगी दल है और बीजेपी के साथ महाराष्ट्र की सत्ता पर काबिज है। हालांकि, लोकल चुनाव में कहीं सहयोगी दुश्मन तो कहीं दुश्मन भी दोस्त हो जाते हैं। भिवंडी में भी कुछ ऐसा ही होता दिख रहा है। महाराष्ट्र में 29 महानगरपालिका के चुनाव 15 जनवरी को हुए थे, जबकि नतीजे 16 जनवरी को घोषित किए गए थे। भिवंडी-निजामपुर महानगरपालिका के चुनाव में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला था। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और इस पार्टी को सबसे अधिक 30 सीटें मिली थीं। उसके बाद बीजेपी को 22 सीटें मिलीं। एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना को 12, शरद पवार गुट की एनसीपी-एसपी 12, समाजवादी पार्टी को 6, कोनार्क विकास अघाड़ी को 4 और भिवंडी विकास अघाड़ी को 3 सीटों पर जीत मिली थी।

## बीमारी की छुट्टी लेकर स्टाफ के साथ घूमने निकले नायब तहसीलदार, अब गिरेगी गाज

नाहन (सिरमौर), 19 फरवरी (एजेंसियां)। नायब तहसीलदार और स्टाफ को बीमारी की छुट्टी लेकर दूसरे राज्य में घूमने जाना भारी पड़ गया है। मामला संज्ञान में आते ही एसडीएम पांवटा साहिब गुंजीत सिंह चीमा ने कार्रवाई शुरू कर दी है। उपमंडल पांवटा साहिब के माजरा के नायब तहसीलदार को अपना स्टेशन छोड़ने पर एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा ने नोटिस देकर जवाब मांगा है। एसडीएम के नोटिस के बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब के माजरा उपतहसील कार्यालय के नायब तहसीलदार व अन्य कर्मचारी बाहरी राज्य में घूमने गए हुए थे। बताया जा रहा है कि नायब तहसीलदार ने बीमारी के लिए छूट्टी ली हुई थी

# टीवीके ने चुनावी तैयारी की तेज, 27 फरवरी को जारी होगा घोषणा-पत्र



चेन्नई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने चुनावी मैदान में संगठित प्रवेश का संकेत देते हुए 27 फरवरी को घोषणा पत्र जारी करने का ऐलान किया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, तमिलनाडु की सभी 234 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहचान की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रारंभिक चरण में हर सीट के लिए तीन संभावित उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। संभावित उम्मीदवारों की सूची में लगभग 80 प्रतिशत नाम जिला सचिवों के हैं। इससे स्पष्ट है कि पार्टी जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देना चाहती है और स्थानीय संगठन को मजबूत करने पर जोर दे रही है।

इसके अलावा, राज्य स्तरीय पदाधिकारियों और अनुभवी प्रशासकों के नाम भी सूची में शामिल किए गए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह रणनीति संगठनात्मक निष्ठा और प्रशासनिक अनुभव के संतुलन को दर्शाती है। कुछ हाई-प्रोफाइल सीटों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं। विल्लिवक्कम में हाल ही में पार्टी में शामिल हुए पूर्व एआईएडीएमके विधायक के बेटे को उम्मीदवार बनाए जाने की चर्चा है।

वहीं कोलाथुर सीट पर एक प्रसिद्ध उद्योगपति के चुनाव लड़ने की संभावना जताई जा रही है। तेनकासी जिले में अलंगुलम क्षेत्र के एक प्रमुख थिएटर मालिक के बेटे और वासुदेवनल्लूर के पूर्व विधायक को भी उम्मीदवार बनाया जा सकता है। सबसे अधिक चर्चा विजय की संभावित सीट को लेकर हो रही है। आधिकारिक घोषणा भले न हुई हो, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार वे वेदारण्यम से चुनाव लड़ सकते हैं, जो नागपट्टिनम जिले में स्थित है। यह सीट वर्तमान में ओएस मणियन के पास है, जो पूर्व मंत्री भी रह चुके हैं। पिछले चुनाव में डीएमके उम्मीदवार बेहद कम अंतर से हार गया था, जिससे यह सीट काफी प्रतिस्पर्धी मानी जाती है। वेदारण्यम क्षेत्र में मछुआरों और किसानों की बड़ी आबादी है, जिन्हें चुनाव में निर्णायक मतदाता माना जाता है।

पार्टी के आंतरिक सर्वेक्षणों के अनुसार, यदि विजय यहां से चुनाव लड़ते हैं तो उनकी जीत की संभावना मजबूत मानी जा रही है। घोषणा-पत्र जारी होने और उम्मीदवार चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंचने के साथ टीवीके अपने पहले बड़े विधानसभा चुनाव में निर्णायक प्रभाव छोड़ने के लिए तैयार दिखाई दे रही है।

## म्यांमार मानव तस्करी-साइबर ठगी रैकेट का भंडाफोड़

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने म्यांमार से जुड़े मानव तस्करी और साइबर ठगी के बड़े गिरोह के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। इन आरोपियों में अंकित कुमार उर्फ अंकित भारद्वाज, इश्तिखार अली उर्फ अली और एक फरार चीनी महिला लीसा शामिल हैं। यह चार्जशीट हरियाणा के पंचकूला स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल की गई है। एनआईए की जांच में पता चला कि यह एक संगठित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कथा, जो भारत के युवाओं को विदेश में नौकरी का लालच देकर फंसाता था। आरोपियों ने युवाओं को थाईलैंड में अच्छी नौकरी का झांसा दिया। ऑनलाइन इंटरव्यू करवाकर चीनी महिला लीसा को असली रिक्रूटर बताया जाता था। इसके बाद युवाओं को गैर-कानूनी तरीके से थाईलैंड होते हुए म्यांमार ले जाया जाता था। जानकारी के मुताबिक, जब युवक वहां पहुंचते थे, तो उन्हें साइबर ठगी कंपनियों में जबरन काम कराया जाता था और नकली सोशल मीडिया प्रोफाइल बनवाए जाते थे। फिर उन्हें अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा के लोगों को क्रिप्टो निवेश के नाम पर ठगने के लिए मजबूर किया जाता था। अगर कोई काम करने से मना करता था, उसे बंद करके रखा जाता, मारपीट और दबाव बनाया जाता और छोड़ने के बदले भारी रकम मांगी जाती।

# तृणमूल कांग्रेस की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती को 20 लाख का मानहानि नोटिस, इवेंट ऑर्गनाइजर का बड़ा दावा



कोलकाता, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बंगाली फिल्मों की अभिनेत्री और पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद मिमी चक्रवर्ती को कार्यक्रम आयोजक तनय शास्त्री ने मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। यह विवाद उस मामले से जुड़ा है, जिसमें शास्त्री पर पहले उत्पीड़न का आरोप लगा था। तनय शास्त्री ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने मिमी चक्रवर्ती को 20 लाख रुपए का हर्जाना देने या कानूनी कार्रवाई का सामना करने के लिए नोटिस भेजा है। इस पर मिमी चक्रवर्ती की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

मीडिया से बातचीत में शास्त्री ने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मिमी चक्रवर्ती को 2 लाख 65 हजार रुपए का भुगतान किया गया था। उनका आरोप है कि अभिनेत्री निर्धारित समय पर कार्यक्रम में नहीं पहुंचीं, इसलिए उनसे राशि लौटाने को कहा गया। उन्होंने यह भी कहा कि बिना किसी कारण उनके खिलाफ मामला दर्ज कराकर उनकी छवि खराब की गई और उन्हें न्यायिक हिरासत तक जाना पड़ा। शास्त्री ने कहा कि यदि अभिनेत्री माफी नहीं मांगतीं या 20 लाख रुपए का भुगतान नहीं करतीं, तो अगले दो-तीन दिनों में अदालत में मानहानि का मामला दायर किया जाएगा।

यह पूरा विवाद पिछले महीने बोंगांव में आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम से जुड़ा है, जो उत्तर 24 परगना जिले में स्थित है। उस कार्यक्रम में मिमी चक्रवर्ती को अंतिम प्रस्तुति देनी थी। मिमी चक्रवर्ती का आरोप है कि रात 12 बजे के बाद कार्यक्रम जारी रखने की अनुमति नहीं होने के कारण तनय शास्त्री ने उन्हें मंच से हटा दिया और उनके साथ अनुचित व्यवहार किया। इसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

दूसरी ओर, तनय शास्त्री ने पलटवार करते हुए कहा कि अभिनेत्री समय पर नहीं पहुंचीं और उन्होंने केवल विनम्रतापूर्वक मंच छोड़ने का अनुरोध किया था, किसी प्रकार का उत्पीड़न नहीं किया गया। जांच के दौरान पुलिस जब शास्त्री के घर पहुंची तो उन्होंने कथित रूप से जांच में बाधा डाली। इसके बाद उन्हें और उनके दो सहयोगियों को उत्पीड़न और पुलिस कार्य में बाधा डालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

गैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज होने के बाद वे एक सप्ताह से अधिक समय तक न्यायिक हिरासत में रहे और 11 फरवरी को उन्हें जमानत मिली। अब मानहानि नोटिस के साथ दोनों पक्षों के बीच एक नई कानूनी लड़ाई शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

## एनआईए अफसर बनकर बेरोजगारों को ठग रहा था मुदस्सर, दिल्ली पुलिस ने लाल किले के पास से दबोचा,

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी खुद को एनआईए का अधिकारी बताकर लोगों को झांसा देता था और उनसे मोटी रकम ऐंठता था। उसके पास से एक फर्जी आईडी कार्ड भी मिला है, जिसे दिखाकर वो लोगों को भरोसा दिलाता था कि वो बड़ी एजेंसी में तैनात है। दरअसल 18 फरवरी 2026 को थाना कोतवाली की पुलिस टीम इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान लाल किले के पीछे दिल्ली चलो पार्क के पास एक काली हुंडई सेंट्रो कार जिसका नंबर जेके01एल9913 था संदिग्ध हालत में खड़ी दिखी। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें दो लोग बैठे मिले। इनमें एक जम्मू-कश्मीर के पुलवामा के रहने वाला मुदस्सर है, जबकि दूसरा एक नाबालिग लड़का था। पूछताछ के दौरान मुदस्सर ने खुद को एनआईए से जुड़ा अधिकारी बताते हुए एक पहचान पत्र दिखाया लेकिन कार्ड देखने में ही संदिग्ध लग रहा था। पुलिस दोनों को थाने ले आई और गहन पूछताछ शुरू की।

# दक्षिण और तटीय तमिल में हल्की बारिश का पूर्वानुमान, मछुआरों को सावधानी बरतने की सलाह



चेन्नई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी और तटीय तमिलनाडु के कई इलाकों में अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, मौसम में यह बदलाव भूमध्यरेखीय हिंद महासागर और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के कारण हो रहा है। विभाग के अनुसार, यह कम दबाव का क्षेत्र पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और मजबूत हो सकता है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को दक्षिणी तमिलनाडु और तटीय जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इसी तरह की मौसम की स्थिति पुडुचेरी और कराईकल में भी रहने का अनुमान है। आईएमडी ने यह भी बताया है कि शुक्रवार और रविवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ मध्यम बारिश हो सकती है। 23 और 24 फरवरी को इन क्षेत्रों के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। उत्तरी तमिलनाडु के जिलों में अगले दो दिनों तक सुबह के समय हल्का कोहरा या धुंध छाने की संभावना है, जिससे सुबह के समय दृश्यता प्रभावित हो सकती है। राजधानी चेन्नई में आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। सुबह के समय कुछ इलाकों में हल्की धुंध बनने की भी संभावना है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और भूमध्यरेखीय हिंद महासागर के आसपास तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे समुद्र की स्थिति उग्र रहने की आशंका है।

इसी कारण मछुआरों को अगले आदेश तक इन क्षेत्रों में समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने विशेष रूप से तटीय जिलों के लोगों से अपील की है कि वे आधिकारिक मौसम बुलेटिन पर नजर रखें और गरज-चमक के दौरान सावधानी बरतें। मौसम प्रणाली पर लगातार नजर रखी जा रही है और स्थिति के अनुसार आगे की जानकारी जारी की जाएगी। आने वाले दिनों में रुक-रुक कर बारिश का पूर्वानुमान को देखते हुए लोगों को यात्रा की योजना सावधानी से बनाने और मौसम में होने वाले बदलावों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, डर के साए में जीने को मजबूर हैं लोग, बीजेपी पर बरसी आप

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी ने देश की राजधानी दिल्ली में रोजाना हो रही हत्याओं को लेकर बीजेपी की सरकार और उसकी पुलिस पर तीखा हमला बोला है। ''आप'' विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होने की वजह से रोज हत्याएं हो रही हैं। अपराधी इतने बेखौफ हो गए हैं कि नंदनगरी में अपने नाबालिग बेटे को बचाने गए पिता की बदमाशों ने गोली मार कर हत्या कर दी। हालात ये हो गए हैं कि अब बीच बचाव करने वाले लोगों की हत्याएं हो रही हैं और सरकार व पुलिस सो रही है।

जबकि देश की राजधानी में अपराधी थर-थर कांपने चाहिए, लेकिन उल्टा हो रहा हैं। यहां लोग ही बदमाशों के डर के साए में जीने को मजबूर हैं। "आप" मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर वरिष्ठ नेता कुलदीप कुमार ने कहा कि दिल्ली की कानून-व्यवस्था बीजेपी सरकार के हाथ से लगातार निकलती जा रही है। नए साल से लेकर अब तक दिल्ली में सैकड़ों हत्याएं हो चुकी हैं। दिल्ली में एक ही दिन में छह मर्डर हुए। फिर भी बीजेपी की चार इंजन वाली सरकार अपराध को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठा रही है।

कुलदीप कुमार ने कहा कि पहले दिल्ली में जब कोई रोड रेज की घटना होती थी, कोई अपराधी किसी को मारने जाता था या कोई लड़ाई-झगड़ा होता था और कोई दूसरा आदमी बीच-बचाव करने आता था, तो मामला वहीं खत्म हो जाता था। लेकिन आज दिल्ली के अंदर अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि मंगलवार को नंदनगरी में एक नाबालिग बच्चे को जब कुछ बदमाश मार रहे थे, तो उसे बचाने आए उसके पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

कुलदीप कुमार ने कहा कि बीजेपी देश को विश्व गुरु बनने की बात कर रही है। बीजेपी सरकार कह रही है कि हम एआई समिट करा रहे हैं और बाहर से विदेशी प्रतिनिधि आ रहे हैं। देश की राजधानी में ऐसी वारदातें होने से विदेशों में क्या संदेश जाएगा? आखिर दिल्ली में अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग रही है? लगातार फिरौतियां मांगी जा रही हैं और हत्याएं हो रही हैं।

# धार्मिक स्थलों को तो छोड़ दो, लिव-इन रिलेशनशिप पर भड़का उत्तराखंड हाई कोर्ट, पुजारी की लगाई क्लास



देहरादून, 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तराखंड हाई कोर्ट ने हरिद्वार में मां चंडी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी के खिलाफ लगे क्रिमिनल चार्ज पर चिंता जताई है। पुजारी पर एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप और छेड़छाड़ के आरोप हैं। इस मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस राकेश थपलियाल ने कहा कि मंदिर मैनेजमेंट में शामिल लोगों से जुड़े ऐसे क्रिमिनल केस बढ़ रहे हैं और उन्होंने कलेक्टर को मंदिरों और आश्रमों का सरप्राइज इंस्पेक्शन करने का निर्देश दिया।

जज ने कहा, अगर आश्रमों और मंदिरों में ऐसा हो रहा है तो यह एक चिंताजनक स्थिति है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी गतिविधियों से लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। जस्टिस थपलियाल ने कहा, अगर ऐसी चीजें किसी मंदिर में हो रही हैं, वहां के मुख्य पुजारी तलाक की कार्रवाई से गुजर रहे हैं, लिव-इन रिलेशनशिप में हैं, उस रिश्ते से उनका एक बच्चा भी है। उन्होंने आगे कहा कि कम से कम ऐसे धार्मिक स्थलों को ऐसी गतिविधियों से बचाया जाना चाहिए। क्या अब कोई जगह बची है। कम से कम मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे जैसी जगहों को तो छोड़ ही दो। कम से कम उन्हें तो छोड़ दो, लेकिन उन्हें भी नहीं बख्शा जा रहा है, वहां भी अय्याशी और गलत काम चल रहा है।

यह मामला मां चंडी देवी मंदिर के महंत रोहित गिरी की पत्नी की शिकायत से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, रोहित गिरी ने 2021 में अपनी पत्नी की बड़ी बहन की परिचित रीना बिष्ट को अपनी पत्नी से मिलवाया था। शिकायतकर्ता को रोहित गिरी की हैंडराइटिंग में एक डायरी मिली, जिसमें रीना बिष्ट के नाम पर 5।5 लाख रुपये का फिक्स्ड डिपॉजिट बताया गया। जब उनसे बात हुई, तो पता चला कि मुख्य पुजारी बिष्ट के साथ फिजिकल रिलेशन में थे और उनसे से एक बेटी भी पैदा हुई थी।

पुजारी को मई 2025 में पंजाब पुलिस ने छेड़छाड़ के एक मामले में गिरफ्तार किया था। पिछले साल कोर्ट ने महंत रोहित गिरी के खिलाफ आरोपों को गंभीरता से लिया और कहा कि मंदिर ट्रस्ट का मैनेजमेंट पूरी तरह से खराब था। कोर्ट ने बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर कमेटी (बीकेटीसी) को मौजूदा मंदिर ट्रस्ट के कामकाज की देखरेख करने का निर्देश दिया।

# सुप्रिया सुले की मांग

## बढ़ाई जाए भाई रोहित की सुरक्षा; अजित पवार के विमान हादसे को लेकर उठाए थे सवाल

मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। एनसीपी-एसपी नेता रोहित पवार लगातार उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के विमान दुर्घटना पर सवाल उठा रहे हैं। इसी बीच एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने गुरुवार को महाराष्ट्र सरकार से उनके सुरक्षा की मांग की है। एक एक्स पोस्ट में सुले ने कहा कि पुणे के बारामती में 28 जनवरी को हुए विमान हादसे में अजीत पवार और चार अन्य लोगों की मौत हो गई थी। इससे पूरे महाराष्ट्र में सदमा फैल गया है। लोग अभी भी गहरे शोक में हैं। सोशल मीडिया पर कई तरह के संदेह और आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि रोहित पवार जनता की भावनाओं को दर्शाते हुए अच्छी तरह से शोध किए गए।

विचारशील तरीके से तथ्यों, मुद्दों और प्रश्नों को सामने रख रहे हैं। इस बात पर जोर दिया कि लोगों को अधिकारियों से स्पष्ट जवाब पाने का अधिकार है। बारामती लोकसभा सदस्य ने कहा, यदि अधिकारी जवाब देने में देरी करते हैं, तो बेचैनी और भी बढ़ जाएगी। इसे



बढ़ने से रोकने के लिए यह आवश्यक है कि घटना की सच्चाई पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से जनता के सामने आए। इस बात पर जोर देते हुए कि व्यवस्था पर सवाल उठाना हर भारतीय नागरिक का संवैधानिक अधिकार है, सुले ने कहा कि रोहित पवार अधिकारियों के समक्ष लोगों के मन में उठने वाले संदेह और चिंताओं को व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि उन्हें पर्याप्त सुरक्षा प्रदान की जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार को उठानी चाहिए। दो बार के विधायक रोहित दिवंगत अजीत पवार के भतीजे है।

# ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार

## एपस्टीन मामले में नाम, 17 साल की लड़की से रेप का आरोप, शाही घर भी छीना जा चुका

लंदन, 19 फरवरी (एजेंसियां)। ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें सार्वजनिक पद पर रहते हुए गलत बर्ताव के शक में पकड़ा गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने उन्हें गुरुवार सुबह करीब 8 बजे सैंड्रिंघम में उनके घर से हिरासत में लिया। बता दें कि एंड्रयू का आज ही जन्मदिन है।

दरअसल, एपस्टीन मामले में पीड़िता रही वर्जीनिया गिफ्रे ने आरोप लगाया था कि 2001 में जब वह 17 साल की थी तब प्रिंस एंड्रयू ने उनका यौन शोषण किया था।

हालांकि, एंड्रयू ने ग्रिफे के सभी आरोपों को खारिज किया था। गिफ्रे की अप्रैल 2025 में मौत हो गई थी। इसकी वजह आत्महत्या बताई गई थी।

इंग्लैंड में सार्वजनिक पद पर रहने हुए कदाचार गंभीर अपराध माना जाता है। इस अपराध में यह साबित होना जरूरी है कि व्यक्ति को पता था कि वह गलत कर रहा है, फिर भी उसने ऐसा किया। इस अपराध में अधिकतम सजा



उम्रकैद हो सकती है। इस मामले की सुनवाई सिर्फ गंभीर आपराधिक आरोप के तहत अदालत में की जा सकती है।

माना जा रहा है कि यह मामला उस समय से जुड़ा है जब एंड्रयू ब्रिटेन के ट्रेड एनवॉय (व्यापार दूत) थे। वह 2001 में इस पद पर नियुक्त हुए थे, लेकिन 10 साल बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उस समय उनका नाम अमेरिकी अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर विवादों में आया था। किंग चार्ल्स ने पिछले साल अक्टूबर में अपने छोटे भाई एंड्रयू से 'प्रिंस' का खिताब और सभी शाही उपाधियां वापस ले ली थीं। उन्हें विंडसर स्थित उनके आलीशान घर 'रॉयल लॉज' को भी खाली करने का आदेश दिया गया।

65 साल के एंड्रयू दिवंगत क्वीन एलिजाबेथ के दूसरे बेटे हैं। एंड्रयू का नाम लंबे समय से अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़ा रहा है।

एंड्रयू को 'ड्यूक ऑफ यॉर्क' का खिताब इस्तेमाल करने से भी रोक दिया गया था। शाही उपाधियां छिन जाने के बाद अब प्रिंस एंड्रयू को 'एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर' के नाम से जाना जाता है।

वर्जिनिया गिफ्रे ने साल 2011 में अमेरिका के हाई प्रोफाइल वेश्यावृत्ति नेटवर्क का खुलासा कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया था। उसने अपने साथ हुए यौन शोषण और तस्करी का खुलासा किया था। उसने कहा था कि जब वह सिर्फ 15 साल की थी, तभी एपस्टीन के नेटवर्क में फंस गई थीं। उसे कई प्रभावशाली और हाई-प्रोफाइल व्यक्तियों के साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया।

इसी इंटरव्यू में वर्जिनिया ने ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू के साथ अपनी मुलाकातों का भी जिक्र किया था। वर्जिनिया कई साल से ऑस्ट्रेलिया में रह रही थीं और यौन उत्पीड़न का सामना करने वाली महिलाओं की वकील बन गई थीं। पिछले साल 21 अक्टूबर को वर्जिनिया गिफ्रे का संस्मरण 'नो बॉडीज गर्ल' पब्लिश हुई थी।

# 48 घंटे में 4 स्टूडेंट्स ने की आत्महत्या

कोरबा, 19 फरवरी (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में 12वीं की बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से और 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से शुरू होने वाली है। लेकिन परीक्षा से पहले ही कई स्टूडेंट्स तनाव में आकर आत्महत्या जैसे कदम उठा रहे हैं। कोरबा में पिछले 48 घंटों में 4 स्टूडेंट ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

जांजगीर-चांपा में भी 12वीं की छात्रा ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय छात्रा के माता-पिता मजदूरी के लिए बाहर गए थे। वो घर पर अकेली थी। जब मां मजदूरी से लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद पाया। सभी स्टूडेंट्स एग्जाम की तैयारी में लगे हुए थे। इन घटनाओं को लेकर मनोचिकित्सक का कहना है कि माता-पिता को बच्चों पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहिए, और न ही दूसरे बच्चों से तुलना करना चाहिए। पहली घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के इंद्रानगर दुरपा, वार्ड नंबर-5 की है। मंगलवार को 17 वर्षीय अंजलि केंवट ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। अंजलि 10वीं कक्षा की छात्रा थी और दुरपा रोड स्थित लवली केयर स्कूल में पढ़ती थी।

# शेख हसीना पर नरमी जहरीला फैसल महमूद बर्खास्त

## यूनुस के फैसलों को पलट रहे तारिक रहमान, भारत से सुधरेंगे रिश्ते?

ढाका/नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री बनने के बाद मोहम्मद यूनुस के उन फैसलों को बदलना शुरू कर दिया है, जिनको लेकर काफी विवाद हुए थे। तारिक रहमान की जीत से बांग्लादेश की विदेश नीति में एक नया अध्याय खुलता है, खासकर भारत के साथ संबंधों को लेकर। हालांकि बहुत कुछ उम्मीद नहीं की जानी चाहिए लेकिन हम इतना उम्मीद लगा सकते हैं कि मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल के मुकाबले दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध होंगे, डिप्लोमेटिक बातचीत होगी और विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए पहल किए जाएंगे। तारिक रहमान को जीतते ही पीएम मोदी ने बधाई संदेश दिया था और भारतीय संसद के स्पीकर ओम बिरला उनके शपथ ग्रहण समारोह में गये थे, ये साफ बताता है कि भारत ने बांग्लादेश में हुए चुनाव को मंजूरी दी है और चुनी हुई सरकार के साथ भारत को रिश्ते बनाने से कोई परहेज नहीं है।



मोहम्मद यूनुस ने भारत-बांग्लादेश संबंध को बर्बाद करने को अपना मिशन बना लिया था और पिछले 18 महीनों में ढाका में भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। यहां तक की 17 फरवरी को अपने आखिरी संबोधन में भी उन्होंने पूर्वोत्तर भारत का जिक्र किया था। इसका साफ मतलब था कि वो नई सरकार के लिए भारत के साथ संबंधों को लेकर एक सीमा रेखा खिंचना चाह रहे थे। लेकिन तारिक रहमान की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को लेकर कुछ सकारात्मक बातें भी हैं। जैसेः-बीएनपी बांग्लादेश की आजादी में भारत के योगदान को मानती है।

जमात-ए-इस्लामी ने 1971 युद्ध में पाकिस्तान का साथ दिया था, इस बात को जानती है।

बांग्लादेश के लिए भारत-पाकिस्तान के बीच संतुलन बनाना होगा, इसे समझती है।

सीमा को लेकर भारत की संवेदनशीलता का अंदाजा बीएनपी और तारिक रहमान को है।

# दुनिया के दो हिस्सों में आया भूकंप

## ईरान में 5 .5 तीव्रता, तिब्बत में भी हिली धरती

तेहरान, 19 फरवरी (एजेंसियां)। गुरुवार को दो जगहों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। तिब्बत और ईरान में। तिब्बत में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.3 मापी गई। इसकी गहराई 130 किलोमीटर रही। अमेरिका के साथ जंगी हालात के बीच दक्षिणी ईरान में भी 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप 19 फरवरी को सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर तिब्बत में अक्षांश 33.57 उत्तर और देशांतर 81.86 पूर्व में महसूस किया गया। हालांकि, इस भूकंप से जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

**ईरान में 6.21 मील की गहराई था**

एक तरफ न्यूक्लियर डील को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच भारी तनाव चल रहा है। हालात ऐसे हैं कि जंग के आसार भी बनते नजर आ रहे हैं। दूसरी तरफ भूकंप के झटके महसूस होने के बाद ऐसे सवाल उठ रहे हैं कि कहीं ईरान ने न्यूक्लियर परीक्षण तो नहीं कर लिया, जिसकी वजह से धरती हिली। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे (यूएसजीएस) ने एक अलग रीडिंग जारी की, जिसमें ईरान में आए भूकंप की तीव्रता 4.4 बताई गई। हालांकि, अधिकारियों की तरफ से फिलहाल तीव्रता को लेकर कोई आंकड़ा जारी नहीं किया गया है। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज (जीएफजेड) ने कहा कि दक्षिणी ईरान में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप 10 किलोमीटर (6.21 मील) की गहराई पर था।

**ईरान में एक ही महीने में दूसरी बार भूकंप**

इससे पहले रविवार, 1 फरवरी, की सुबह दक्षिणी ईरान में रिक्टर स्केल पर 5.3 तीव्रता का एक हल्का भूकंप आया। इस भूकंप को यूएई के समय के अनुसार सुबह 8:11 बजे महसूस किया गया। हालांकि, इसकी तीव्रता को देखते हुए इसे हल्का भूकंप माना जा सकता है, लेकिन इसकी जगह और गहराई ने इस बात में अहम भूमिका निभाई कि एनर्जी पूरे इलाके में कैसे फैली। ऑफिशियल डेटा के मुताबिक, भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया, जो ईरानी पठार में टेक्टोनिक एक्टिविटी के लिए एक आम गहराई है, जो अक्सर पड़ोसी अरब प्रायद्वीप के लिए एक बफर का काम करता है।

# किम जोंग उन की बहन के बदले सुर

प्योंगयांग, 19 फरवरी (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रभावशाली बहन किम यो-जोंग ने पड़ोसी देश दक्षिण कोरिया की सराहना की है। आमतौर पर वह दक्षिण कोरिया को अपना दुश्मन मानती रही हैं, लेकिन अब उनका रुख नरम पड़ता नजर आ रहा है। यह बदलाव दक्षिण कोरिया की ओर से दिए गए एक बयान के बाद आया, जिसमें उन्होंने उत्तर कोरिया की सीमा में ड्रोन घुसपैठ पर खेद जताया था।

यो-जोंग ने गुरुवार को कहा कि वह दक्षिण कोरिया के वादे और दावे की काफी प्रशंसा करती हैं। दक्षिण कोरिया ने ड्रोन घुसपैठ की जिम्मेदारी स्वीकार की है और सीमा पर सतर्कता बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

पार्टी की उप-विभाग प्रमुख यो-जोंग ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के माध्यम से यह टिप्पणी की। एक



दिन पहले दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्री चुंग डोंग-यंग ने उत्तर कोरिया में ड्रोन हमलों पर अफसोस व्यक्त किया था और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई कदमों की घोषणा की थी। यो-जोंग ने बयान में कहा कि वह मंत्री चुंग की सराहना करती हैं, जिन्होंने उत्तर कोरिया के हवाई क्षेत्र में ड्रोन भेजने की बात को आधिकारिक रूप से कबूल किया है और दोबारा ऐसा न होने देने का वचन दिया है। पिछले दिन एक प्रेस सम्मेलन में चुंग ने माना कि जांच के आधार पर, दक्षिण कोरियाई नागरिकों ने सितंबर से फरवरी के बीच चार बार उत्तर कोरिया में ड्रोन भेजे थे, जिसमें उत्तर कोरिया द्वारा बताए गए दो मामले भी शामिल हैं। चुंग ने कहा कि सोल 2018 के सैन्य समझौते की समीक्षा करेगा और इसे फिर से लागू करने का प्रयास करेगा। इस समझौते का उद्देश्य दोनों देशों की सीमा पर दुश्मनी को कम करना है, जिसमें उड़ान प्रतिबंधित क्षेत्र भी शामिल हैं, ताकि ड्रोन घुसपैठ जैसी घटनाएं दोबारा न हों। इस साल जनवरी में, प्योंगयांग ने सोल पर सितंबर 2025 और 4 जनवरी 2026 को निगरानी उपकरणों से लैस ड्रोन भेजने का आरोप लगाया था, जिसके बाद दक्षिण कोरियाई सरकार ने जांच शुरू की थी।

किम यो-जोंग ने चेतावनी दी कि अगर ऐसा फिर हुआ तो दक्षिण कोरिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे, चाहे इसके पीछे कोई भी हो या किसी भी तरीके से किया गया हो।

# गुमला-छत्तीसगढ़ एनएच पर दर्दनाक हादसा

गुमला, 19 फरवरी (एजेंसियां)। गुमला-छत्तीसगढ़ नेशनल हाईवे पर बुधवार देर रात सिलम बायपास मोड़ के पास एक भीषण सड़क हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई। बताया गया कि रात करीब एक बजे अनियंत्रित ट्रेलर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोगों की नींद खुल गई।

जब लोग बाहर निकले तो देखा कि ट्रेलर पेड़ से भिड़ा हुआ है और उसमें आग लगी हुई है। आग की लपटें तेजी से उठ रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के तुरंत बाद ट्रेलर के केबिन से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। हादसे के समय ट्रेलर में एक जेसीबी मशीन लदी हुई थी। टक्कर के बाद चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और केबिन में ही फंस गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही गुमला थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग बुझाई जा सकी। इसके बाद ट्रेलर के केबिन को काटकर चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक चालक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है ताकि परिजनों को घटना की सूचना दी जा सके। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि लंबी दूरी की यात्रा के दौरान चालक को झपकी आ गई होगी, जिसके कारण ट्रेलर अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया।

# भारत के लिए पाकिस्तान ने फिर बंद किया अपना आसमान

## एयरस्पेस पर पाबंदी 1 महीने और बढ़ाई, हो रहा बड़ा घाटा



इस्लामाबाद, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने भारत में रजिस्टर्ड विमानों के लिए अपने एयरस्पेस को बंद करने की समय सीमा एक महीने बढ़ा दी है। अब यह पाबंदी 23 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इस दौरान भारत में रजिस्टर्ड कोई भी नागरिक या सैन्य विमान पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं कर सकेगा। पाकिस्तान ने यह ऐलान तब किया है, जब मई 2025 में दोनों देशों के बीच हुए सैन्य झड़प के बाद तनाव चरम पर है। भारत ने भी पाकिस्तान में रजिस्टर्ड विमानों के भारतीय हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करने पर रोक लगाई हुई है। इन प्रतिबंधों के कारण दोनों देशों की एयरलाइनों को लंबी रूट से उड़ान भरना पड़ रहा है।

**पाकिस्तान ने नोटिस जारी कर क्या कहा?**

पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ने इस संबंध में एक नया नोटिस टू एयरमेन (नोटम) भी जारी किया है। इसके अनुसार, इस दौरान सभी भारतीय-रजिस्टर्ड सिविल और मिलिट्री विमानों के पाकिस्तान के एयरस्पेस से गुजरने पर रोक रहेगी। यह बैन, जो पहली बार 23 अप्रैल, 2025 को लगाया गया था, अब लगभग 10 महीने से लागू है। पाकिस्तान ने भारतीय एयरलाइंस के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया, जिसके बाद नई दिल्ली ने 30 अप्रैल को पाकिस्तानी एयरलाइनों पर भी इसी तरह की पाबंदियां लगा दीं।

हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल पर पाबंदी लगने के कारण दोनों देशों की एयरलाइनों को ज्यादा खर्च करना पड़ रहा है। इस कारण उनकी ऑपरेशनल कॉस्ट और फ्लाइट रूट बढ़ गए हैं। हालांकि, इसका ज्यादा नुकसान भारत को हो रहा है। इसका प्रमुख कारण भारत में हवाई उड़ानों का बाजार पाकिस्तान से ज्यादा बड़ा होना है। पाकिस्तान भारत के मुकाबले काफी गरीब है और वहां ज्यादातर लोग महंगे किराए के कारण हवाई सफर नहीं कर पाते हैं। भारत के प्रमुख हवाई गंतव्यों में मध्य पूर्व के देश शामिल हैं। ऐसे में पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर जाने में भारतीय एयरलाइंस को कम खर्च करना पड़ता है।

एयर इंडिया ने पिछले साल भारत सरकार को एक चिट्ठी लिखकर आशंका जताई थी कि अगर पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध 1 साल तक जारी रहता है तो इससे लगभग 600 मिलियन डॉलर का घाटा हो सकता है। उसने भारतीय सरकार से इस नुकसान की भरपाई करने का अनुरोध किया था। एयरलाइन ने सरकार से आर्थिक नुकसान के अनुपात में सब्सिडी मॉडल की मांग की थी।

# लातेहार के मनिका में जमीन विवाद पर खूनी संघर्ष

लातेहार, 19 फरवरी (एजेंसियां)। लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र में गुरुवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से दो वाहन भी जब्त किए हैं।

थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी अभिमन्यु यादव को गिरफ्तार किया। उसके साथ निखिल यादव, अंकित यादव, शिवम तिवारी, अमित कुमार और सौरभ सिंह को भी पकड़ा गया। सभी आरोपी रांची जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी प्रभात दास ने बताया कि अभिमन्यु यादव अपने बाहरी सहयोगियों के साथ विवादित जमीन पर कब्जा करने पहुंचा था।

# ईरान को अमेरिका से तनातनी के बीच मिला चीन से धोखा?

## दुनिया के सामने क्यों छलका प्रेसिडेंट मसूद का दर्द



तेहरान, 19 फरवरी (एजेंसियां)। ईरान के प्रेसिडेंट मसूद पेजेश्कियान का कहना है कि उनके देश को चीन से उस तरह की मदद नहीं मिल रही है, जैसी उनको उम्मीद है। ईरानी राष्ट्रपति ने यह बात चीनी निवेश और वित्तीय मदद के हवाले से कही है। मसूद का बयान ऐसे समय आया है, जब ईरान का अमेरिका के साथ तनाव चरम पर है। अमेरिका ने ईरान पर वित्तीय प्रतिबंध लगाए हैं तो सैन्य हमले की धमकी भी डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी जा रही है। अमेरिका के साथ तनाव में रूस और चीन को ईरान के सबसे मजबूत सहयोगियों के तौर पर देखा गया है। हालांकि मसूद के बयान से लगता है कि चीन के निवेश से ईरान बहुत खुश नहीं है।

मसूद पेजेश्कियान ने अपने बयान में निराशा जताते हुए कहा, 'फिलहाल के माहौल में चीन को बहुत ज्यादा फाइनेंसिंग देनी चाहिए। हालांकि ऐसा नहीं हो रहा है। यह उतना आसान नहीं है, जितना आप कहते हैं या दूर से देखने में लगता है। खैर, हम तो यही कहते हैं कि जो कोई भी फाइनेंस करना चाहता है, वह कर सकता है।' ईरानी प्रेसिडेंट की ओर से चीन के संबंध में सार्वजनिक तौर पर दिए गए बयान को उनकी निवेश ना आने से उपजी निराशा के तौर पर देखा जा रहा है।

ईरान ने साल 2021 में चीन के साथ एक डील की थी। इसमें चीन ने ईरान में बड़े निवेश का भरोसा दिया था लेकिन ये बीते पांच सालों में यह जमीन पर उतरते नहीं दिखा है। ईरानी सरकार इस समय हालिया वर्षो की सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रही है। देश की कमजोर होती करेंसी और अर्थव्यवस्था में गिरावट की वजह से इस साल के शुरू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन देखे गए हैं। दूसरी ओर अमेरिका लगातार तेहरान में मौजूदा सत्ता को बदलने की कोशिश करता हुआ नजर आ रहा है।

# सीएम मरियम के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप

## 10 अरब रुपए कीमत, मंत्री बोलीं- सरकारी एयरलाइन के लिए खरीदा

इस्लामाबाद, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में पंजाब सरकार पर मुख्यमंत्री मरियम नवाज के लिए लग्जरी जेट खरीदने का आरोप लगा है। ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक गल्फस्ट्रीम जी500 मॉडल के इस विमान की कीमत करीब 10 अरब पाकिस्तानी रुपए है।

विमान की खरीद को लेकर सोशल मीडिया में विवाद तेज हो गया है। दावा किया जा रहा है कि यह जेट मुख्यमंत्री मरियम नवाज के उपयोग के लिए खरीदा गया है। यूजर्स ने इसे वीआईपी उड़ानों के लिए कॉल साइन 'पंजाब 2' का हवाला देकर उड़ाने के आरोप लगाए।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह विमान फिलहाल अमेरिका में



रजिस्टर्ड है और अभी पाकिस्तान में इसका रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। इसका रजिस्ट्रेशन नंबर एन144एस बताया जा रहा है।

पंजाब की सूचना मंत्री अजमा बोखारी ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि यह जेट मुख्यमंत्री के लिए नहीं, बल्कि एयर पंजाब के लिए तैयार की जा रही फ्लीट का हिस्सा है।

गल्फस्ट्रीम जी500 को दुनिया के सबसे लग्जरी बिजनेस जेट्स में गिना जाता है। इसकी केबिन डिजाइन और सुविधाएं इसे आसमान में चलता फाइव-स्टार सुइट बनाती हैं। विमान में आमतौर पर 10 से 19 यात्रियों के बैठने की व्यवस्था होती है, जिसे जरूरत के मुताबिक तीन अलग-अलग रहने के हिस्सों में बांटा जा सकता है। सीटें पूरी तरह फ्लैट बेड में बदल जाती हैं। बीच में कॉन्फ्रेंस टेबल लगाई जा सकती है, जहां मीटिंग की जा सके। लंबी उड़ान के दौरान आराम के लिए अलग विश्राम क्षेत्र भी बनाया जा सकता है।

जी500 का केबिन इंडस्ट्री में सबसे शांत केबिन में गिना जाता है। केबिन प्रेशर और हवा की गुणवत्ता ऐसी रखी जाती है कि लंबी दूरी की उड़ान में यात्रियों को कम थकान महसूस हो।

# गाजा में कंट्रोल बढ़ा रहा हमास

## प्रभाव वाले इलाकों में 90% मौजूदगी, ट्रम्प के पीस बोर्ड की बैठक आज, इसके दस्तावेजों में गाजा का ही जिक्र नहीं

गाजा, 19 फरवरी (एजेंसियां)। अक्टूबर में अमेरिका की पहल पर लागू हुए सीजफायर के बाद गाजा में हमास ने अंदरूनी मोर्चे पर अपनी पकड़ फिर मजबूत कर ली है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा के एक कार्यकर्ता मोहम्मद दियाब ने कहा, 'हमास ने उन क्षेत्रों के 90% से अधिक हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां वह मौजूद है।'

दियाब ने कहा, 'पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं। वे अपराध रोकने और जिन लोगों को सहयोगी या विरोधी मानते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं।'

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 'बोर्ड ऑफ पीस' गुरुवार को वॉशिंगटन में अपनी पहली बैठक करेगा। इसमें करीब 60 देशों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में गाजा पट्टी के लिए ट्रम्प की शांति योजना पर रिपोर्ट पेश की जाएगी।

हालांकि, पीस बोर्ड के शुरुआती दस्तावेज में गाजा का ही स्पष्ट जिक्र नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि बोर्ड का मिशन गाजा से कहीं आगे, पूरी दुनिया में शांति लाना है। कई यूरोपीय देशों ने इसे ट्रम्प का पर्सनल प्रोजेक्ट बताया और इसमें शामिल होने से इनकार कर दिया है।

चार्टर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प को इनॉगुरल चेयरमैन (प्रथम अध्यक्ष) नामित किया गया है, और यह पद लाइफटाइम



उनके द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी तक रह सकता है। उनके पास वीटो पावर है।

बोर्ड के अधिकांश फैसलों को चेयरमैन की मंजूरी चाहिए होती है, जिसका मतलब है कि ट्रम्प किसी भी निर्णय को रोक सकते हैं। बोर्ड के सदस्यों को जोड़ने, हटाने एजेंडा तय करने, सब्सिडियरी बॉडी बनाने, ग्रुप भंग करने पर ट्रम्प का पूरा कंट्रोल होगा। राष्ट्रपति पद खत्म होने के बाद भी वे चेयरमैन बने रह सकते हैं, क्योंकि यह पद उनकी राष्ट्रपति पद से स्वतंत्र है। केवल एग्जीक्यूटिव बोर्ड के सर्वसम्मति से उन्हें हटाया जा सकता है (जो व्यावहारिक रूप से लगभग असंभव है, क्योंकि एग्जीक्यूटिव बोर्ड भी ट्रम्प ही नियुक्त करेंगे)।

ट्रम्प ने सोमवार को कहा था, 'हम सभी विश्व नेताओं को बुला रहे हैं।' हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि कितने राष्ट्राध्यक्ष खुद शामिल होंगे। बैठक डोनाल्ड जे. ट्रम्प यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ पीस में होगी।

# विनायक चतुर्थी का व्रत कल

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विनायक गणेश चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। आइए जानते हैं कि फरवरी 2026 में विनायक चतुर्थी कब है, पूजा का शुभ समय क्या रहेगा और वर्जित चंद्र दर्शन का समय कब तक है।

हर माह शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर विनायक गणेश चतुर्थी का व्रत रखा जाता है। यह दिन भगवान गणेश की आराधना के लिए विशेष माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि चतुर्थी तिथि के अधिष्ठाता स्वयं गणपति हैं। उन्हें बुद्धि, विवेक, सुख-समृद्धि और मंगल के देवता के रूप में पूजा जाता है। प्रथम पूज्य श्रीगणेश की उपासना करने से जीवन के विघ्न दूर होते हैं, कार्यों में सफलता मिलती है और ज्ञान व धन की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं कि फरवरी 2026 में विनायक चतुर्थी कब है, पूजा का शुभ समय क्या रहेगा और वर्जित चंद्र दर्शन का समय कब तक है।

### विनायक चतुर्थी 2026 तिथि

फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को ढुण्ढिराज चतुर्थी भी कहा जाता है। मत्स्यपुराण में इसे मनोरथ चतुर्थी के नाम से वर्णित किया गया है। इस दिन भगवान गणेश के ढुण्ढिराज स्वरूप की पूजा की जाती है। वर्ष 2026 में विनायक चतुर्थी का व्रत 21 फरवरी, शनिवार को रखा जाएगा।

### चतुर्थी तिथि और पूजा मुहूर्त

दृक पंचांग के अनुसार, चतुर्थी तिथि का आरंभ 20 फरवरी 2026 को दोपहर 2:38 बजे होगा और इसका समापन 21 फरवरी को दोपहर 1 बजे होगा।

**मध्याह्न पूजा मुहूर्त 21 फरवरी को सुबह 11:** 27 बजे से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। मान्यता है कि इस समय गणेश पूजन करने से शीघ्र शुभ फल प्राप्त होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### विनायक चतुर्थी पर पूजन विधि

प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।
व्रत और पूजा का संकल्प लें।
सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करें।



गणेश जी को सिंदूर अर्पित करें और 21 दूर्वा चढ़ाएं।
लड्डू या मोदक का भोग लगाएं।
"ॐ गं गणपतये नमः" मंत्र या गणेश जी के 12 नामों का जप करें।
अन्न, मूंग, वस्त्र या धन का दान जरूरतमंदों को दें।
शाम के समय पुनः आरती करें और फिर व्रत खोलें।
इस प्रकार विधि-विधान से किया गया विनायक चतुर्थी व्रत जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आता है।

# वैष्णो देवी जाने वाले भक्त सावधान!
## भवन का वीडियो बनाने पर भारी जुर्माना



माता वैष्णो देवी को आदिशक्ति मां दुर्गा का एक प्रमुख स्वरूप माना जाता है। उनका प्राचीन मंदिर त्रिकुटा पर्वत की प्राकृतिक गुफा में स्थित है और हर साल बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए जम्मू कश्मीर आते हैं। मंदिर के भवन, गर्भगृह और पवित्र गुफा में फोटो और वीडियो बनाने की मनाही है। बावजूद इसके, कई लोग नियम तोड़कर वीडियो बनाने की कोशिश करते हैं। हाल ही में एक कंटेंट क्रिएटर युवती ने हिडन कैमरे का इस्तेमाल कर मंदिर के भवन की वीडियो बनाई और इसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना के बाद पुलिस और श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (SMVDSB) के सुरक्षा स्टाफ ने नया निर्देश जारी किया है।

### नियम तोड़ने पर कड़ी सजा

सूत्रों के अनुसार, पुलिस और श्राइन बोर्ड का सुरक्षा स्टाफ मंदिर में तीन-परत सुरक्षा जांच कर रहा है। अगर कोई श्रद्धालु गुप्त कैमरा या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के साथ मंदिर में पाया जाता है, तो उसे कड़ी सजा का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, कटरा से लेकर मंदिर तक हर श्रद्धालु की बारीकी से जांच की जाएगी।

### मंदिर में वीडियो क्यों नहीं बन सकता?

मंदिर प्रशासन के मुताबिक, फोटो और वीडियो पर प्रतिबंध मंदिर की सुरक्षा, मर्यादा और श्रद्धालुओं की प्राइवेसी को ध्यान में रखकर लगाया गया है। यहां तक कि वीआईपी और वीवीआईपी श्रद्धालुओं को भी भवन के अंदर वीडियो या फोटो बनाने की अनुमति नहीं है।

### युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज

पिछले हफ्ते, व्यूज के लालच में एक कंटेंट क्रिएटर युवती ने अपने चश्मे में हिडन कैमरे से मंदिर के भवन की वीडियो बनाई और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

## सुख को शांति से जोड़ने की कला ही अध्यात्म है

भाग्य का सबसे हठीला ढंग यही है कि वह समय पर बदल ही जाता है। अच्छे-अच्छे लोगों के जीवन में दुर्भाग्य जब प्रवेश करता है तो समझ नहीं पाते यह क्या हो गया? इस यू-टर्न से वो परेशान हो जाते हैं। और ऐसे ही जब भाग्य प्रवेश करता है तो बावले हो जाते हैं।
संयम नहीं रख पाते। सुख-दुःख, सौभाग्य-दुर्भाग्य, मनुष्य जीवन के साथ तयशुदा शर्त के रूप में आते हैं। यदि आपने मनुष्य का शरीर लिया है तो इन चारों की तैयारी भी रखिए। यह दौर ऐसा है कि लोग सुविधाओं के पीछे बावले हैं। आप सुविधाओं को सुख में बदल तो सकते हैं, पर शांति में बदलना कम लोगों को आता है। सुख को शांति से जोड़ने की कला ही अध्यात्म सिखाता है। अगर शांति प्राप्त करने का ढंग, योजना, तरीका, उपाय, कला आ जाए, तो क्या भाग्य और क्या दुर्भाग्य। फिर जीवन आराम से चल जाएगा।

# महाभारत काल में कैसे पति के बिना भी बच्चे पैदा कर लेती थीं स्त्रियां



भारत में एक दौर ऐसा भी था जब महिलाएं पति के बगैर भी बच्चा पैदा कर सकती थीं। समाज उन्हें इसके लिए अनुमति देता था। इसे शास्त्र सम्मत माना जाता था। लेकिन पैदा हुआ ये बच्चा बेशक परपुरुष से पैदा होता था लेकिन इसके पिता उनके पति ही माने जाते थे। ये प्रथा महाभारत के दौर में आम थी। इसे नियोग कहते थे। पांडवों से लेकर धृतराष्ट्र, पांडु और विदुर तक नियोग से पैदा हुए थे।

नियोग का मतलब होता है पति के मृत हो जाने या संतान पैदा करने में असमर्थ होने की स्थिति में किसी योग्य पुरुष से संतान प्राप्त करना। ये व्यवस्था विशेष रूप से कुल परंपरा को बनाए रखने और वंश वृद्धि के लिए अपनाई जाती थी। आइए हम आपको उन स्त्रियों के बारे में बताते हैं और उनकी नियोग से पैदा हुई संतानों के बारे में भी। महाभारत में नियोग को एक धार्मिक, नैतिक और सामाजिक जरूरतों के कारण अपनाया गया। यह केवल वंश रक्षा और कुल परंपरा को बनाए रखने का एक उपाय था। यह प्रथा महिलाओं की सहमति से होती थी। इसमें संतान का अधिकार महिला के पति या कुल को ही माना जाता था, न कि उस ऋषि या पुरुष का, जिससे संतान पैदा हुई।

### पांडवों की पड़दादी का नियोग

महाभारत में रानी सत्यवती का नाम हर कोई जानता है। वह मछुआरे की बेटी थीं। राजा शांतनु उनकी सुंदरता पर रीझ गए। हालांकि जब उन्होंने सत्यवती से शादी करना चाहा तो उनके पिता ने शर्त ले ली की सत्यवती से पैदा संतान ही राजगद्दी पर बैठेगी। जिससे शांतनु के पुत्र भीष्म को प्रतिज्ञा करनी पड़ी कि वह आजीवन ब्रह्मचर्य का पालन करेंगे। शादी करेंगे ही नहीं।

हालांकि तब राजा शांतुन को मालूम भी नहीं था कि सत्यवती ने युवावस्था में महान ऋषि पराशर से संतान पैदा की है। ये संतान नियोग से हुई। ऋषि पराशर तब सत्यवती पर आसक्त हो गए। उन्होंने उनके जरिए संतान पैदा करने की इच्छा जाहिर की। तब नियोग के जरिए उनसे एक पुत्र पैदा हुआ। जिसका नाम वेदव्यास था। बाद में वह महाभारत के रचयिता बने। एक महान ऋषि के रूप में प्रसिद्ध हुए। यही नहीं इन्हीं महर्षि व्यास को कुरु वंश को चलाने के लिए नियोग से संतान प्राप्ति के लिए बुलाया गया।

नियोग से पांडवों और कौरवों के पिता का जन्म
सत्यवती के दो पुत्र थे, चित्रांगद और विचित्रवीर्य। दोनों की मृत्यु के बाद हस्तिनापुर के सिंहासन पर उत्तराधिकारी का संकट उत्पन्न हो गया। तब सत्यवती ने अपने पुत्र वेदव्यास यानि ऋषि व्यास को बुलवाया। उन्हें नियोग के जरिए अपनी बहुओं से संतान पैदा करने के लिए कहा।

अंबिका ने व्यास के पास आने पर आंखें बंद कर लीं तो उन्हें धृतराष्ट्र नामक पुत्र उत्पन्न हुआ जो जन्म से अंधे थे। अंबालिका तो व्यास के पास आने पर डर से पीली पड़ गईं, जिससे पांडु का जन्म हुआ जो शारीरिक रूप से दुर्बल थे। इन दोनों की एक दासी ने भी व्यास से नियोग किया, जिससे विदुर का जन्म हुआ, जो बहुत बुद्धिमान और नीति-निपुण थे।

### पांडु की पत्नी ने अश्विनीकुमार को बुलाया

पांडु को ऋषि किंदम द्वारा दिए गए शाप के कारण वह अपनी पत्नियों के साथ सहवास नहीं कर सकते थे। तब उन्होंने संतान उत्पत्ति के लिए अपनी दोनों पत्नियों कुंती और माद्री को नियोग की अनुमति दी। माद्री ने अश्विनीकुमारों से नियोग किया। उनसे नकुल और सहदेव नामक जुड़वां पुत्रों का जन्म हुआ। नकुल और सहदेव पांडवों में सबसे छोटे थे।

### कुंती ने दो बार किया नियोग

कुंती जब कुंवारी थीं। तभी ऋषि दुर्वासा से मिले वरदान के बाद उन्होंने सूर्य का आह्वान किया। उस नियोग से उन्हें कर्ण पैदा हुआ, जिसे कुंवारी होने के कारण लोकलाज के डर से उन्होंने टोकरी में रखकर नदी में बहा दिया। बाद में शादी के बाद पांडु की आज्ञा से कुंती ने तीन और देवताओं को बुलाया, इससे उन्हें तीन पुत्र मिले। धर्मराज (यम) के संसर्ग से युधिष्ठिर, वायुदेव के साथ मिलन से भीम और इंद्रदेव के साथ नियोग से अर्जुन पैदा हुए।

वैसे महाभारत काल से पहले और इसके बाद भी नियोग प्रथा का उल्लेख अनेक धार्मिक ग्रंथों और पुराणों में मिलता है। ये परंपरा वैदिक काल, रामायण काल और बाद के युगों तक सामाजिक वंश-वृद्धि के लिए मान्य व्यवस्था रही।

### ऋषि पत्नी अनुसुइया का नियोग

अनसूइया के प्रसंग में ब्रह्मा, विष्णु और महेश ने खुद उनके पुत्र दत्तात्रेय, चंद्र और दुर्वासा के रूप में जन्म लिया। यह कथा सांकेतिक है, लेकिन यह दिखाती है कि एक स्त्री एक से अधिक दिव्य आत्माओं से नियोग कर सकती थी।

### शिवि की रानी

पद्मपुराण में उल्लेख मिलता है कि राजा शिवि की पत्नी को संतान नहीं हो रही थी।तब उन्होंने एक तपस्वी ब्राह्मण से नियोग द्वारा संतान पैदा की। जो बाद में महान राजा बना। यहां ये कहा जाता है कि ये नियोग रानी की सहमति के साथ राज्य की अनुमति से हुआ।

### राजा द्रुमिल की रानी

पद्मपुराण में ये भी उल्लेख मिलता है। राजा द्रुमिल की पत्नी ने अपने पति की मृत्यु के बाद ऋषि कुश से नियोग के जरिए पुत्र पैदा किया। ये पुत्र बाद में एक प्रसिद्ध राजा बना।

### बाणासुर की पुत्री ऊषा

स्कंद पुराण के अनुसार ऊषा ने भगवान कृष्ण के पौत्र अनिरुद्ध से गुप्त रूप से संबंध बनाए और गर्भवती हुईं। यह नियोग नहीं था लेकिन उससे मिलता जुलता माना गया, जिससे वंश विस्तार हुआ।

### संतान वैध मानी जाती थी

नियोग से पैदा संतान को वैध माना जाता था। बौद्ध और जैन ग्रंथों में भी ऐसे प्रसंग आते हैं, जहां महिलाओं ने संतान पाने के लिए नियोग को अपनाया।

### क्यों खत्म हुई नियोग प्रथा

नियोग प्रथा के समाप्त होने के पीछे कोई एक कारण नहीं, बल्कि समय के साथ बदलते सामाजिक, नैतिक और धार्मिक दृष्टिकोण भी उसके पीछे जिम्मेदार थे। वैदिक काल के शुरुआती चरणों में समाज अधिक लचीला था। समय बीतने के साथ शुद्धता और एकनिष्ठ विवाह की अवधारणाएं अधिक मजबूत होती गईं। समाज में पति-पत्नी के संबंध की पवित्रता को अधिक महत्व दिया जाने लगा। अन्य पुरुष के माध्यम से संतान उत्पत्ति को अनैतिक माना जाने लगा।

# पांच प्रकार की तिथियां, नंदा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा...
## इनके क्या हैं अर्थ, रिक्ता को क्यों नहीं होते हैं शुभ काम?

30 तिथियों को पांच भागों में विभाजित किया गया है। नंदा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा। आज हम आपको इन्हीं के बारे में बताने वाले हैं, तो आइए जानते हैं कि इनके अर्थ क्या हैं? साथ ही जानते हैं कि रिक्ता में क्यों शुभ काम नहीं होते?



सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति में तिथियों का विशेष महत्व है। भारतीय परंपरा में तिथियां चंद्रमा की गति के आधार पर निर्धारित होती हैं। यही कारण है कि इनको चंद्रमास कहा जाता है। साल को मास और मास तिथियों में विभाजित हैं। सनातन धर्म में पर्व, त्योहार और सभी शुभ व मांगलिक कामों का आधार तिथियां ही होती हैं। इसमें 15 कृष्ण और 15 शुक्ल पक्ष की तिथियां हैं। शुक्ल पक्ष का अंतिम दिन पूर्णिमा का होता है।

इस दिन आसमान में पूर्ण चंद्रमा होता है। इसी तरह कृष्ण पक्ष के आखिरी दिन जब आसमान में चंद्रमा नहीं होता तो उसको अमावस्या कहा जाता है। इन 30 तिथियों को पांच भागों में विभाजित किया गया है। नंदा, भद्रा, जया, रिक्ता और पूर्णा। आज हम आपको इन्हीं के बारे में बताने वाले हैं, तो आइए जानते हैं कि इनके अर्थ क्या हैं? साथ ही जानते हैं कि रिक्ता में क्यों शुभ काम नहीं होते?

### पांच प्रकार की तिथियां

**नदा तिथि:** हर माह की दो पक्षों की प्रतिपदा यानी कृष्ण और शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, षष्ठी और एकादशी नंदा तिथि कही जाती है। इस तिथि में अंत के 24 मिनट छोड़कर सभी तरह के शुभ और मांगलिक काम किए जा सकते हैं।

भद्रा तिथिः हर माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया, सप्तमी और द्वादशी तिथि भद्रा कहलाती है। इसमें पूजा, व्रत, जाप, दान आदि करना बहुत शुभ होता है। इस तिथि में वाहन भी खरीद सकते हैं। इसमें मांगलिक और शुभ काम नहीं किए जाते हैं।

जया तिथिः हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की तृतीया, अष्टमी, त्रयोदशी, जया तिथि कही जाती है। ये तिथि सेना से जुड़े काम, अदालती काम, वाहन खरीद और कलात्मक काम के लिए बहुत शुभ होती है।

**रिक्ता तिथि (क्यों मानी जाती है अशुभ? :** हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की चतुर्थी, नवमी और चतुर्दशी तिथि रिक्ता कहलाती है। इन तिथियों को अशुभ माना जाता है। इनको ब्लैंक डेट्स कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, रिक्ता तिथियां इसलिए अशुभ मानी जाती हैं क्योंकि इसमें किए गए शुभ कामों का लाभ लंबे समय तक नहीं मिल पाता।

**पूर्णा तिथिः** पंचमी, दशमी, पूर्णिमा, अमावस्या को पूर्णा तिथि कहा जाता है। इसमें अमावस्या को छोड़कर बाकी सभी तिथियों में शुभ और मांगलिक काम किए जा सकते हैं।

# मुंह में पानी भरकर किया शिव का अभिषेक और अपनी आंख कर दी अर्पित

हम बात कर रहे हैं शिव के महान भक्त कन्नप्पा की। जोकि दक्षिण भारत का एक शिकारी था। वो बहुत सरल जीवन जीता था और साहसी था। कन्नप्पा को शास्त्रों और विधि-विधान की बिल्कुल जानकारी नहीं थी, लेकिन वो ह्रदय से शिव जी से प्रेम करता था। उसकी यही आस्था उसे शिव के महान भक्तों में शामिल करती है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार जंगल में शिकार को तालश करते समय कन्नप्पा की नजर एक शिला पर पड़ी। कन्नप्पा उसे देखकर वहीं रुक गया।

उसे समझ में आ गया कि ये कोई साधारण शिला नहीं है, बल्कि किसी देवता का प्रतीक है। उस दिन से कन्नप्पा उस शिला की देखभाल और पूजा करने लगा। हालांकि, कन्नप्पा पूजा की विधि नहीं जानता था, लेकिन उसने उस शिला की सेवा का रास्ता खोज लिया। कन्नप्पा शिकारी था, इसलिए वो शिवलिंग पर मांस चढ़ाता था। जंगल में उसके पास कोई पात्र नहीं था, इसलिए वो अपने मुंह में जल भरकर लाता और शिवलिंग पर चढ़ाता था। शिवलिंग के आसपास रोजाना सफाई करता था।



भगवान को आंखें कर दी अर्पित

एक दिन कन्नप्पा ने देखा कि शिवलिंग की आंखों से रक्त बह रहा है। ये देखकर कन्नप्पा बहुत परेशान हो गया। जब उसको कुछ भी समझ में न आया तो उसने अपनी एक आंख निकालकर शिवलिंग पर चढ़ा दी। ताकि शिवलिंग से खून बहना बंद हो जाए। जब शिवलिंग की दूसरी आंख से भी खून बहने लगा तो कन्नप्पा ने अपनी दूसरी आंख भी शिवलिंग पर चढ़ाने का मन बना लिया। इसके बाद कन्नप्पा जैसे ही अपनी दूसरी आंख शिवलिंग पर चढ़ाने के लिए निकालना लगा तो शिव जी प्रकट हुए।

भगवान शिव ने कन्नप्पा को ऐसा करने से रोक लिया। भगवान कन्नप्पा की भक्ति से बहुत प्रसन्न हुए और उसे मोक्ष प्राप्ति का वर दे दिया। आंध्र प्रदेश में भक्त कन्नप्पा से जुड़ा श्रीकालहस्ती मंदिर आज भी है।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 20 फरवरी - 2026

# मासूम जानों की कीमत कौन देगा?

देश की सड़कों पर नाबालिग वाहन चालकों की बढ़ती संख्या एक गंभीर और चिंताजनक संकेत है। यह केवल ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक विफलता का आईना भी है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हाल ही में हुए दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर इस मुद्दे को केंद्र में ला खड़ा किया है। 23 वर्षीय साहिल की मौत ने न केवल एक परिवार को तोड़ा, बल्कि पूरे समाज से यह सवाल पूछा है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? मोटर वाहन अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि 18 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति वाहन नहीं चला सकता। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाता है तो उसके अभिभावक पर कार्रवाई का प्रावधान है कि 25 हजार रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की सजा हो सकती है। लेकिन जमीनी स्तर पर यह दिखाई नहीं देता। दरअसल समस्या केवल कानून की नहीं, मानसिकता की भी है। आज कई अभिभावक अपने नाबालिग बच्चों को वाहन की चाबी सौंपना 'स्टेटस सिंबल' समझते हैं। 16–17 वर्ष के किशोरों को स्कूटी, बाइक और यहां तक कि कार चलाते देखना आम बात है। स्कूलों और कॉलोनियों के बाहर ऐसे दृश्य रोज़ दिखाई देते हैं। यह भी कटु सत्य है कि अधिकतर मामलों में पकड़े जाने पर केवल चालान भरकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। इससे कठोर दंड का भय समाप्त हो चुका है। जब कानून का डर नहीं रहेगा, तो नियमों का पालन कैसे होगा? कई बार यह भी देखने में आता है कि पुलिस कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रह जाती है। इसलिए असली दोषी अभिभावक कानूनी जाल से बच निकलते हैं। हादसों के पीछे केवल कम उम्र ही कारण नहीं होती, बल्कि अनुभवहीनता, लापरवाही और रफ्तार का रोमांच भी होता है। किशोरावस्था में जोखिम उठाने की प्रवृत्ति अधिक होती है। ऐसे में वाहन जैसे घातक साधन उनके हाथ में देना आग से खेलने जैसा है। एक क्षण की भूल कई जिंदगियों को हमेशा के लिए तबाह कर देती है। देश में हर घंटे सड़क दुर्घटनाओं में औसतन 20 से अधिक लोग जान गंवाते हैं। इनमें एक बड़ा हिस्सा युवा वर्ग का ही होता है। समाधान केवल कड़े कानून बनाने में नहीं, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू करने में है। सबसे पहले, अभिभावकों की जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़ा जाए तो वाहन जब्त हो और लाइसेंस जारी करने पर भी अस्थायी रोक लगे। स्कूलों में सड़क सुरक्षा शिक्षा को अनिवार्य किया जाए। सामाजिक संगठनों को जागरूकता अभियान चलाने चाहिए। साथ ही, पुलिस और प्रशासन को दिखावटी नहीं, वास्तविक कार्रवाई करनी होगी। नियमित जांच, सीसीटीवी निगरानी और कड़ी दंड प्रक्रिया ही इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगा सकती है। हर दुर्घटना के बाद कुछ दिनों की सख्ती और फिर ढिलाई का चक्र तोड़ना होगा। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, यह हर नागरिक का दायित्व है। जब तक माता-पिता स्वयं सजग नहीं होंगे, तब तक कानून भी असहाय रहेगा। नाबालिग के हाथ में वाहन की चाबी देना केवल नियम तोड़ना नहीं, बल्कि संभावित त्रासदी को आमंत्रण देना है। समय आ गया है कि देश इस मुद्दे पर गंभीर राष्ट्रीय बहस करे। क्योंकि अगली खबर किसी और की नहीं, शायद हमारे अपने घर की हो सकती है।

# परीक्षा से बड़ी है जिंदगी, अंक केवल संकेत हैं, मूल्य नहीं



आरके जैन

कभी-कभी बस एक छोटा-सा क्षण पूरी व्यवस्था की आत्मा को बेनकाब कर देता है। घड़ी ने दस मिनट का फासला तय किया-और एक बच्ची परीक्षा कक्ष के बाहर रह गई। वही दस मिनट उसके जीवन और मृत्यु के बीच की दूरी बन गए। नियम अपनी जगह अडिग खड़े रहे, पर जीवन चुपचाप फिसल गया। दूसरी ओर, एक परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र कम पड़े तो उसी तंत्र ने नियमों को मोड़कर दो पालियों में परीक्षा करा दी। यही विरोधाभास हमारे समय की नंगी सच्चाई है-जहाँ सुविधा हो वहाँ नियम लचीले, और जहाँ करुणा चाहिए वहाँ वे पत्थर बनकर गिरते हैं।

दस मिनट की देरी पर दरवाजा बंद कर देना नियम की कठोरता नहीं, संवेदना की विफलता है। परीक्षा का उद्देश्य प्रतिभा की जाँच है, न कि घड़ी की सुइयों की पूजा। यदि चाहा जाता तो कोई व्यावहारिक रास्ता निकाला जा सकता था-जैसा अन्य परिस्थितियों में निकाला भी गया। पर यहाँ नियमों की दीवार ऊँची कर दी गई और मानवीय विवेक को बाहर छोड़ दिया गया। परिणाम केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं रहा, वह एक असहनीय त्रासदी में बदल गया। प्रश्न नियमों के अस्तित्व का नहीं, उनमें जीवित मनुष्यता की उपस्थिति का है। क्या व्यवस्था इतनी यांत्रिक हो चुकी है कि उसे परिस्थितियों की धड़कन सुनाई ही नहीं देती? इसी क्रम में दूसरी घटना ने तंत्र का दूसरा चेहरा भी दिखाया। जब प्रश्नपत्र कम पड़ गए और व्यवस्था की अपनी भूल उजागर हुई, तो तुरंत समाधान तलाश लिया गया। दो पालियाँ बनीं, प्रतियाँ तैयार हुईं, समय-सारिणी बदली-और परीक्षा पूरी करा दी गई। यहाँ नियमों को मोड़ना संभव था, क्योंकि आवश्यकता थी। यही विरोधाभास सबसे चुभता है-जहाँ सिस्टम की असुविधा हो, वहाँ लचीलापन; जहाँ छात्र की मजबूरी हो, वहाँ कठोरता क्यों? क्या नियम केवल नीचे की ओर सख्त और ऊपर की ओर नरम होते हैं? क्या करुणा का पैमाना भी पद और अधिकार देखकर बदल जाता है? पर इस पूरी पीड़ा का एक और पक्ष भी है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कोई भी परीक्षा जीवन से बड़ी नहीं होती। अंक केवल भविष्य की दिशा तय करते हैं, अस्तित्व की कीमत नहीं। देर हो जाए तो अगला अवसर मिलता है, अगला प्रयास संभव है, अगला वर्ष भी आता है। पर यदि जीवन का पन्ना ही फाड़ दिया जाए, तो उसे कोई परिणाम फिर नहीं जोड़ सकता। क्षणिक आवेश में उठाया गया चरम कदम समस्या का समाधान नहीं, परिवार के लिए आजीवन घाव बन जाता है। हमें यह समझना और समझाना होगा कि असफलता अंत नहीं, अनुभव है; ठोकर हार नहीं, आगे बढ़ने की तैयारी है।

हमारे समाज ने परीक्षा को उपलब्धि से आगे बढ़ाकर प्रतिष्ठा और पहचान का पैमाना बना दिया है। अंक अब केवल परिणाम नहीं रहे, वे मानो सम्मान का प्रमाणपत्र बन गए हैं। माता-पिता की आकांक्षाएँ, रिश्तेदारों की तुलना और सोशल मीडिया की चकाचौंध-ये सब मिलकर एक कोमल मन पर ऐसा दबाव रचते हैं, जो दिखाई नहीं देता पर भीतर गहराई तक चुभता है। ऐसे माहौल में दस मिनट की देरी महज समय का अंतर नहीं रह जाती; वह मानो सपनों के ढह जाने का प्रतीक बन जाती है। यहीं परिवार और विद्यालय की असली भूमिका शुरू होती है। बच्चों को सिखाना होगा कि जीवन की कीमत किसी परिणाम से कहीं अधिक है। परीक्षा एक अवसर है, अस्तित्व का अंतिम सत्य नहीं। प्रशासन की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। नियम अनुशासन बनाए रखने के लिए होते हैं, पर उनका उद्देश्य मनुष्यों की रक्षा करना है, उन्हें तोड़ना नहीं। यदि कोई नियम ऐसी स्थिति पैदा करे जहाँ जीवन ही संकट में पड़ जाए, तो उसके स्वरूप पर पुनर्विचार अनिवार्य हो जाता है।

# ड्रैगन के सामने क्यों कमजोर पड़ जाता है बहिष्कार मॉडल?



सुरेश गांधी

भारतीय राजनीति में राष्ट्रवाद हमेशा एक प्रभावशाली मुद्दा रहा है। सीमा विवाद या सुरक्षा संकट के समय यह भावना व्यापक जनसमर्थन प्राप्त करती है। पाकिस्तान के खिलाफ आर्थिक और सांस्कृतिक बहिष्कार इसी भावना का परिणाम रहा है। भारत-पाक व्यापार 2019 के बाद लगभग समाप्त हो गया। भारत ने पाकिस्तान को व्यापारिक रूप से अलग-थलग कर दिया। यह निर्णय भावनात्मक और राजनीतिक रूप से लोकप्रिय भी साबित हुआ। लेकिन जब बात चीन की आती है, तो वही राजनीतिक इच्छाशक्ति व्यवहारिक कठिनाइयों में उलझ जाती है। यह विरोधाभास बताता है कि राष्ट्रवाद केवल भावनाओं से संचालित नहीं हो सकता, बल्कि उसके पीछे आर्थिक ताकत और औद्योगिक आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार होना आवश्यक है। आर्थिक आंकड़े भारत की चुनौती को स्पष्ट रूप से उजागर करते हैं। वर्ष 2024-25 में भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 120 अरब डॉलर के आसपास पहुंच चुका है। इसमें भारत का व्यापार घाटा 85 अरब डॉलर से अधिक है।

भारत चीन से भारी मात्रा में आयात करता है, जिसमें शामिल हैं, इलेक्ट्रॉनिक्स और मोबाइल उपकरण, सोलर पैनल और ऊर्जा उपकरण, दवा उद्योग का कच्चा माल, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, औद्योगिक मशीनरी, खिलौने और उपभोक्ता उत्पाद. औद्योगिक विशेषज्ञों के अनुसार भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स आयात का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा चीन से आता है। फार्मा सेक्टर में उपयोग होने वाले कच्चे रसायनों का लगभग 65 प्रतिशत चीन पर निर्भर है। यह स्थिति केवल आर्थिक नहीं बल्कि रणनीतिक जोखिम भी पैदा करती है। चीन की औद्योगिक ताकत केवल उत्पादन क्षमता का परिणाम नहीं, बल्कि सुविचारित आर्थिक रणनीति का उदाहरण है। चीन आज वैश्विक विनिर्माण उत्पादन का लगभग 30 प्रतिशत नियंत्रित करता है। वैश्विक निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 14 प्रतिशत के आसपास है। चीन ने उद्योगों को विकेंद्रीकृत मॉडल पर विकसित किया। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में औद्योगिक क्लस्टर स्थापित किए गए। इससे रोजगार के अवसर व्यापक रूप से बढ़े और उत्पादन लागत कम हुई।

चीन की सरकार ने उद्योगों को व्यापक सब्सिडी, सस्ती बिजली, आधुनिक बुनियादी ढांचा और निर्यात प्रोत्साहन प्रदान किया। यही कारण है कि चीन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का केंद्र बन सका। भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और उसका जीडीपी लगभग 3.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। लेकिन भारत की आर्थिक संरचना सेवा क्षेत्र पर अधिक निर्भर है। सेवा क्षेत्र भारत की जीडीपी में लगभग 55 प्रतिशत योगदान देता है, जबकि विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी केवल 17 प्रतिशत के आसपास है। भारत लंबे समय से विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य रखता रहा है, लेकिन यह लक्ष्य अभी अधूरा है। भारत का एमएसएमई क्षेत्र लगभग 11 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, लेकिन यह क्षेत्र पूंजी, तकनीक और वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों से जूझ रहा है। औद्योगिक विकास का लाभ बड़े कॉरपोरेट समूहों तक सीमित होने की आलोचना भी लगातार होती रही है। चीन ने औद्योगिक विस्तार के माध्यम से रोजगार के व्यापक अवसर उत्पन्न किए।

भारत में आर्थिक विकास के बावजूद रोजगार सृजन एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। रिपोर्टों के अनुसार भारत में शीर्ष 10 प्रतिशत लोगों के पास देश की लगभग 70 प्रतिशत संपत्ति केंद्रित है। आर्थिक असमानता औद्योगिक विस्तार और सामाजिक स्थिरता दोनों को प्रभावित करती है। भारत में युवाओं की बड़ी आबादी रोजगार की तलाश में है। यदि औद्योगिक क्षेत्र मजबूत नहीं होता तो यह जनसंख्या अवसर के बजाय चुनौती बन सकती है। भारतीय बाजार अत्यंत मूल्य संवेदनशील है। उपभोक्ता कम कीमत में अधिक विकल्प चाहता है। चीन ने इसी मनोविज्ञान को समझते हुए सस्ते और विविध उत्पादों की बड़ी श्रृंखला तैयार की। भारतीय बाजार में चीन की सफलता केवल उत्पादन लागत की वजह से नहीं है, बल्कि उसकी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता भी महत्वपूर्ण कारण है। चीन का लॉजिस्टिक्स नेटवर्क दुनिया के सबसे तेज और सस्ते परिवहन तंत्रों में शामिल है। भारतीय राजनीति में चीन के खिलाफ कठोर बयान और बहिष्कार की मांग समय-समय पर उठती रही है। लेकिन जमीनी स्तर पर बाजार का व्यवहार अलग कहानी बयान करता है। यह स्थिति बताती है कि भारत का राष्ट्रवाद भावनात्मक रूप से मजबूत है, लेकिन आर्थिक स्तर पर अभी आत्मनिर्भर नहीं बन पाया है।

भारत सरकार ने 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों के माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। मोबाइल निर्माण क्षेत्र में भारत तेजी से उभरा है। रक्षा उत्पादन में स्वदेशीकरण पर जोर दिया जा रहा है। भारत सेमीकंडक्टर, सोलर ऊर्जा और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में निवेश आकर्षित कर रहा है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि चीन जैसी औद्योगिक क्षमता विकसित करने में भारत को अभी लंबा समय लग सकता है। भारत आज वैश्विक शक्ति संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां चीन के विकल्प के रूप में भारत की ओर देख रही हैं। भारत वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में वैकल्पिक उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लेकिन इसके लिए भारत को बुनियादी ढांचे, श्रम सुधार, लॉजिस्टिक्स और औद्योगिक नीति में व्यापक सुधार करने होंगे। भारत को चीन की आर्थिक चुनौती का मुकाबला करने के लिए केवल राष्ट्रवादी बयानबाजी से आगे बढ़ना होगा। इसके लिए आवश्यक है औद्योगिक विकेंद्रीकरण, एमएसएमई क्षेत्र को तकनीकी और वित्तीय सहयोग, उत्पादन लागत कम करने के लिए नीति सुधार, कौशल विकास और रोजगार विस्तार, ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में उद्योग विस्तार. भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपनी राष्ट्रवादी भावनाओं को आर्थिक शक्ति में परिवर्तित करे। पाकिस्तान के खिलाफ दिखाई देने वाली भावनात्मक एकजुटता चीन के मामले में इसलिए संभव नहीं हो पाती क्योंकि दोनों देशों के साथ भारत के आर्थिक संबंधों की प्रकृति अलग है। भारत यदि औद्योगिक क्षमता, रोजगार सृजन और तकनीकी नवाचार पर ध्यान केंद्रित करता है तो वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत स्थान हासिल कर सकता है। मतलब साफ है भारत के सामने यह प्रश्न केवल व्यापारिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का है। यदि भारत आर्थिक रूप से मजबूत बनता है तो वह वैश्विक राजनीति में भी प्रभावशाली भूमिका निभा सकेगा। सीमा पर सैनिकों की वीरता भारत की सुरक्षा का प्रतीक है, लेकिन आर्थिक मोर्चे पर आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र की वास्तविक शक्ति बन सकती है। भारत को भावनात्मक राष्ट्रवाद से आगे बढ़कर आर्थिक राष्ट्रशक्ति के निर्माण की दिशा में निर्णायक कदम उठाने होंगे।

# राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव 2026 के सियासी मायने



कमलेश पाण्डेय

चिरंजीवी सदन 'राज्यसभा' के द्विवार्षिक चुनाव के लिए वर्ष 2026 में विभिन्न चरणों में खाली होने वाली कुल 71-75 सीटें के लिए चुनाव होंगे जो पूरे वर्ष अप्रैल और नवंबर में भरी जाएंगी। लिहाजा, इन चुनावों के राजनीतिक मायने गहन व अहम हैं, क्योंकि ये चुनाव जहां एनडीए की बहुमत मजबूती बढ़ा सकते हैं, वहीं विपक्ष को भी कमजोर कर सकते हैं। इससे भाजपा व उसके साथियों का चुनावी हौसला बढ़ेगा।

जहां तक इनकी प्रमुख तारीखों की बात है तो चुनाव आयोग ने पहले चरण में 10 राज्यों की 37 सीटों पर चुनाव घोषित किए हैं। जिसके लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी होगी, नामांकन 5 मार्च तक, और मतदान-मतगणना 16 मार्च 2026 को। जबकि बाकी सीटें नवंबर में भरी जाएंगी, जिसमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटें सबसे महत्वपूर्ण हैं। इन दस चुनावी राज्यों में से 6 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जबकि 4 राज्यों में इंडी गठबंधन के घटक दल सरकार में हैं। जहां तक राज्यवार सीटों की बात है कि पहले चरण में महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6, पश्चिम बंगाल की 5, बिहार की 5, ओडिशा की 4, असम की 3, हरियाणा की 2 और छत्तीसगढ़ की 1 सीटें शामिल हैं, जबकि दूसरे चरण में उत्तरप्रदेश की 10 और झारखंड, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना आदि की 20 से अधिक सीटों के लिए नवम्बर में चुनाव होंगे।

जहां तक उच्च सदन राज्यसभा में वर्तमान दलगत स्थिति की बात है तो राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं, जहां भाजपा के 103 और एनडीए के 121-129 सांसद हैं। जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक के पास 78-80 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस के 27 सांसद हैं। जहां तक इन चुनावों के राजनीतिक प्रभाव की बात है तो इन चुनावों में एनडीए को 7-9 या इससे अधिक सीटों का लाभ मिलने का अनुमान है, जिससे उनकी संख्या 145 तक पहुंच सकती है जबकि विपक्ष को 5 सीटें खोने का खतरा, खासकर बिहार, महाराष्ट्र में है। इससे भाजपा को राज्यसभा में अब कोई भी विधेयक पास करना आसान होगा और सुपरमेजॉरिटी की ओर बढ़त भी उसे मिलेगी। सवाल है कि इन चुनावों में एनडीए को कितनी सीटें मिलने की संभावना है तो राजनीतिक विश्लेषकों को अनुमान है कि एनडीए को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 48 या इससे अधिक सीटें मिलने की संभावना है, जिससे उनकी ताकत 129 से बढ़कर 140+ हो सकती है। पहले चरण के 37 सीटों पर 5-7 का लाभ अनुमानित है, जबकि उत्तर प्रदेश जैसे बाद के चरणों से भी उसे अतिरिक्त मजबूती मिलेगी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 71-75 खाली सीटों में से एनडीए को नेट 7-9 या 48 सीटें हासिल हो सकती हैं। चूंकि वर्तमान में एनडीए के 121-129 सदस्य हैं, इसलिए चुनाव बाद 145 तक पहुंचने की उम्मीद है। वहीं बाद के जून-नवम्बर वाले दूसरे चरणों के प्रभाव की बात है तो वे भी स्पष्ट है। उत्तर प्रदेश की 10 सीटों में भाजपा को 7-8 मिलनी संभावित है, जबकि ओडिशा, तेलंगाना आदि में स्थिरतामिलेगी।, कुल मिलाकर सुपरमेजॉरिटी (123+) पक्की होगी। जबकि विपक्ष को 5 नुकसान होगा। जहां तक इन चुनावों में इंडिया गठबंधन को कितनी सीटें मिलने की बात हैं तो इंडिया गठबंधन को 2026 के राज्यसभा चुनावों में कुल 71-75 सीटों में से नेट 5 का नुकसान हो सकता है, जिससे उनकी संख्या 80 से घटकर 75 रह जाएगी। पहले चरण के 37 सीटों पर भी नुकसान की स्थिति बनी हुई है, हालांकि कुछ राज्यों में स्थिरता संभव है। विश्लेषकों के अनुसार, इंडिया ब्लॉक वर्तमान 80 सीटों से 75 पर सिमट सकता है। कांग्रेस को विशेष रूप से 8 सीटें खोने का खतरा, जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे, दिग्विजय सिंह की सीटें भी शामिल हैं। वहीं बाद के चरणों का प्रभाव भी उसपर पड़ेगा। क्योंकि उत्तर प्रदेश की 10 सीटें में से सपा को 2-3 मिलनी संभावित हैं, लेकिन कुल नुकसान होगा। जबकि कर्नाटक, झारखंड में 1-1 सीटों का नुकसान संभव है। ओवरऑल, एनडीए के लाभ से इंडिया कमजोर होगा।

जहां तक राज्यवार स्थिति की बात है तो बिहार में राज्यसभा की 5 सीटों के लिए चुनाव होगा। अभी आरजेडी के 2, जेडीयू के 2 और एक सांसद राष्ट्रीय लोक मोर्चा का है। बिहार में 243 सदस्यीय विधानसभा में एक सीट पर जीत के लिए 41 विधायकों के समर्थन की जरूरत है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं और एनडीए के खाते में 4 सीटें सुनिश्चित हैं, जबकि 5 के लिए जोर आजमाइश बढ़ेगी। क्योंकि यहां 35 सीटों के साथ भारत. एक भी सीट अपने बल पर जीतने की स्थिति में नहीं है, ऐसे में 5 विधायकों वाले एआईएमआईएम की भूमिका अहम हो जाती है। यदि पूरा विपक्ष एकजुट होता है तो बिहार में विपक्ष के पास कुल 41 विधायक हो जाते हैं और विपक्ष एक सीट निकाल सकते हैं। ऐसे में यह चुनाव तेजस्वी यादव के नेतृत्व और विपक्षी एकता की के लिए अग्निपरीक्षा होगा। वहीं महाराष्ट्र विधानसभा में भाजपा के नेतृत्व में सत्तारूढ़ महायुति आसानी से 6 सीटों पर जीत हासिल कर लेगा, वहीं 7वीं सीट के लिए वोटिंग हो सकती है। इसलिए

महाराष्ट्र की राजनीतिक के चाणक्य कहे जाने वाले शरद पवार का संसदीय सफर थम सकता है। जबकि हरियाणा से बीजेपी के दो सदस्य किरण चौधरी और रामचंद्र जांगरा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो रहा है। इसी प्रकार ओडिशा की 4 सीटों पर चुनाव होंगे, जहां अभी 2 सीट बीजेपी और 2 बीजेडी के पास है लेकिन विधानसभा चुनाव के नतीजों को देखें तो बीजेपी की सीटों में इजाफा होना तय है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में दोनों सीटें अभी कांग्रेस के पास हैं और यहां भी बीजेपी जीत दर्ज करने की स्थिति में है।

रही बात तेलंगाना की तो वहां से कांग्रेस के अभिषेक मनु सिंघवी रिटायर हो रहे हैं और बीआरएस के एक कैंडिडेट का कार्यकाल पूरा हो रहा है। तेलंगाना में काग्रेस दोनों सीटें जीत सकती है और हिमाचल में भी काग्रेस एक सीट जीत सकती है। असम से तीन पश्चिम बंगाल से 5 और तमिलनाडु से भी 6 राज्यसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। चूंकि इन तीनों राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं लेकिन विधानसभा चुनाव से पहले इन राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों के पास राज्यसभा में अपना संख्याबल कायम रखने का मौका मिलेगा।

यही वजह है कि क्रॉस वोटिंग से निपटने की चुनौती विपक्ष के सामने रहेगी। क्योंकि राज्यसभा चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के लिए अपने अपने विधायको को एकजुट रखने की चुनौती हमेशा होती है। पिछले कुछ राज्यसभा चुनावों को देखें तो हरियाणा में कांग्रेस को क्रॉस वोटिंग का सामना करना पड़ा था। इसलिए आने वाले राज्यसभा चुनावों को देखें तो चाहे हरियाणा हो, बिहार हो, यहां पर काग्रेस और सहयोगी दलों को फूंक-फूंक करकदम रखना होगा। हालांकि कुछ सीटों पर तो रिजल्ट पहले से ही तय है, लेकिन अगर विपक्ष क्रॉस वोटिंग को रोक पाता है तो उसके हाथ भी कुछ सीट आ सकतीहैं। चूंकि राज्यसभा में बीजेपी और एनडीए का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है, इसलिए इस वर्ष 75 सीटों पर होने वाले चुनावों में विपक्ष यदि कारगर रणनीति नहीं बनाता है तो फिर इंडिया गठबंधन वाले कांग्रेस और उसके सहयोगियों की संख्या और घट सकती है, इतना तय है।

# जब तक अंतिम व्यक्ति सुरक्षित नहीं, अधूरा है विकास



योगेश कुमार गोयल

किसी भी समाज की सच्ची प्रगति उसकी ऊंची इमारतों या तेज आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से मापी जानी चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना न्यायपूर्ण, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान करता है। 20 फरवरी को मनाया जाने वाला सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का प्रतीक है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। इस दिवस की स्थापना इसलिए की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिए देशों के बीच साझा प्रतिबद्धता को मजबूती मिल सके। यह एक चेतावनी भी है कि बढ़ती असमानताएं समाज की नींव को भीतर से कमजोर कर रही हैं और साथ ही एक अवसर भी है कि समय रहते ठोस नीतियों, संवेदनशील शासन और सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 में सामाजिक न्याय का विश्व दिवस की थीम है 'समावेशन को सशक्त बनानाः सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना'। यह थीम स्पष्ट करती है कि असमानताओं को कम करने के लिए केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है। जरूरी यह है कि विकास की प्रक्रिया में समाज के हर वर्ग की वास्तविक भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ पहुंचाना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में उन लोगों की आवाज को स्थान देना है, जो अब तक हाशिए पर रहे हैं। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बनती रहेंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा लक्ष्य बना रहेगा।

यह दिवस विशेष प्रासंगिकता रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक गहरे संक्रमणकाल से गुजर रही है। वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक ढ़ांचों को तेजी से बदला है। इन बदलावों का लाभ जहां कुछ सीमित वर्गों तक सिमट गया है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय, और अधिक असुरक्षित होती जा रही है। ऐसे समय में सामाजिक न्याय केवल नैतिक आदर्श नहीं, नीति और शासन की अनिवार्य प्राथमिकता बन चुका है। सामाजिक न्याय की अवधारणा अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी है। इसका मतलब यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर उपलब्ध हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच इसके मूल स्तंभ हैं। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से तय होने लगे, तब यह स्पष्ट संकेत होता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज वैश्विक स्तर पर असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की प्रचुरता है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर संकट खड़े कर दिए हैं। इसी संदर्भ में सम्मानजनक कार्य और मजबूत सामाजिक सुरक्षा तंत्र की आवश्यकता सामने आती है। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता और भरोसे की आधारशिला हैं।

भारत में सामाजिक न्याय का विचार गहरे संवैधानिक मूल्यों से जुड़ा है। संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की गारंटी देती है जबकि मौलिक अधिकार और राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। स्वतंत्रता के बाद से आरक्षण नीति, सामाजिक कल्याण योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश तथा कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बावजूद इसके, क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक विषमता जैसी चुनौतियां आज भी बनी हुई हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें आत्ममंथन का अवसर देता है कि क्या हमारी नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, क्या शिक्षा और रोजगार के अवसर वास्तव में समान हैं, और क्या विकास का लाभ संतुलित रूप से बंट रहा है? यह दिवस यह भी याद दिलाता है कि सामाजिक न्याय की लड़ाई किसी एक देश या सरकार की नहीं बल्कि वैश्विक सहयोग और सामूहिक प्रयास की मांग करती है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे।

समावेशन और सशक्तिकरण केवल शब्द नहीं बल्कि रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और सामाजिक व्यवहारों में उतारने योग्य जिम्मेदारी हैं। जब हर व्यक्ति को समान गरिमा, अवसर और सुरक्षा मिलती है, तभी न्याय कागजों से निकलकर जीवन की वास्तविकता बनता है और एक अधिक मानवीय, समावेशी तथा न्यायपूर्ण विश्व का निर्माण संभव हो पाता है।

# अनंत असहमति का आकाश



डॉ टी महादेव राव

सुबह की सैर में मेरा पड़ोसी मिल गया। साथ साथ चलते चलते हम बातें कर रहे थे। बातें क्या कर रहे थी ठंडे ढंग से एक दूसरे से असहमति जता रहे थे। वैसे वह हमेशा किसी बात से सहमत नहीं होता। सदा परेशान और हमेशा त्रस्त जीव।

मैं ने कहा बहुत गर्मी है। सुबह छह बजे हैं और अभी से उमस और गर्मी परेशान कर रही है।

ग्रीष्म ऋतु है और नौ तप्पा चल रहा है। गर्मी तो होगी ही। नया क्या है? मैं चुप रह गया। थोड़ी देर बाद बोला ₹जानते हो हमारे वॉचमैन का बेटा हमारे मोहल्ले की अमीर घर की लड़की को भागा ले गया है। क्या हो रहा है?

नया क्या है? फिल्मों में जब ऑटो वाले और करोड़पति की लड़की में प्यार हो तो तालियां पीटकर आप लोग खुश हो जाते हैं, उसे हीरो और उस लड़की को हीरोइन मानकर। सच में ऐसा हो तो माथा पीटते हो?

लेकिन फिल्में और जिंदगी में फर्क तो है न?

फिल्मों की कहानियां भी तो जिंदगी से ली जाती हैं। यह सब सामान्य है। मुझे लगा और झेल न पाऊंगा।

मैं ने पूछा इस बार आपको क्या लगता है, कौन जीतेगा इलेक्शन में?जीते कोई भी हम और आप इसी तरह मॉर्निंग वॉक करते रहेंगे।

बेफजूल की बातें भी करते हुए कदम गिनेंगे। जीतने वाला नोट गिन रहा होगा। लगा मुझे कि इतनी तटस्थता किसी बहुत ज्यादा बीमार व्यक्ति में या पहुंचे हुए संत महात्मा में ही हो सकती है। मतलब अब सरकार किसकी बनेगी?

किसी की भी बने। आयकर, सेवाकर, उनके मेवा कर और हैं हम चाकर उनके नौकर। कोई फ़र्क नहीं। जैसे थे बस वैसे ही रहेंगे।मैने विषय बदलना चाहा।

घर में सब कैसे हैं?उनको क्या हुआ है? मैं कमा रहा हूं और सब डटके उड़ा रहे हैं।बच्चों की पढ़ाई कैसे चल रही है।

पढ़ाई कछुए की चाल में और खर्चे खरगोश की रफ्तार में। बुक्स की जगह फेस बुक और मेरे पास बुक पर उनका सारा ध्यान रहता है।

आपके कोई दोस्त नहीं होंगे न दफ्तर में?

क्या जरूरत है सिवाय अपना खर्चा बढ़ाने के। मेरे मातहत हों या ऊपर वाले अधिकारी सभी दफ्तर में काम ही तो करने आते हैं। दोस्ती प्यार मोहब्बत थोड़ी ही करेंगे।

पता नहीं क्यों हर बात पर असहमत होते इस आदमी से किसी भी बात पर सहमत होने को मजबूर करूं ऐसी ज़िद आ गई मुझमें।

वह सब तो ठीक है। आपकी हॉबीज़ यानी शौक क्या हैं? कोई खेल, कोई टी वी शो या कुछ भी।

कोई शौक नहीं है मेरा। समय कहां है? दफ्तर, घर, मॉर्निंग वॉक बस इसी में मजा लेता हूं।₹ मॉर्निंग वॉक अंतिम चरण में आ गया। मैं ने कहा चलिए यहां जूस पी लेते हैं। यहां फलों का अच्छा और ताज़ा जूस मिलता है।

हां। चलो पीते हैं। पीने के बाद मुझे रोकते हुए पड़ोसी ने पैसे दिए। मैने कहा महंगाई काफी बढ़ गई है। सारे चीजों के दाम दुगुने हो गए हैं।

उन्होंने हामी भरते हुए पर्स को जेब के हवाले किया और कहा आप बिल्कुल ठीक कहते हैं। महंगाई बहुत बढ़ गई है। मैं सहमति के इस पल ही की प्रतीक्षा कर रहा था। उनके साथ लंबे लंबे डग भरता हुआ घर की ओर चल पड़ा। कितना मुश्किल है आजकल सहमति के स्वर को सुन पाना।





# सामने आया विजय-रश्मिका की शादी का इन्विटेशन बॉक्स, कार्ड के अलावा क्या है खास?

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी की खबरें इन दिनों बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनी हुई हैं। खबरों के मुताबिक, उनकी शादी में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। हाल ही में विजय देवरकोंडा के सजे हुए घर का वीडियो भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ था। वहीं वेडिंग कार्ट की भी एक झलक सोशल मीडिया पर छाई हुई है। अब दोनों की शादी के वेडिंग कार्ड से जुड़ी एक और जानकारी सामने आई है। दोनों ने एक बॉक्स में वेडिंग इन्विटेशन भेजा है। अब इस बॉक्स का एक वीडियो सामने आया है, जिससे पता चलता है कि बॉक्स के अंदर क्या गिफ्ट्स हैं?

**बॉक्स में हैं ये गिफ्ट्स**

ऐसा बताया जा रहा है कि विजय और रश्मिका का वेडिंग इन्विनेशन पारंपरिक कार्डों के बजाय एक प्रीमियम गिफ्ट बॉक्स वाला है। इसमें कपल से जुड़ी चीजें शामिल हैं। अब इस प्रीमियम गिफ्ट बॉक्स का एक वीडियो सोशल मीडिया पर





वायरल है, जिससे पता चलता है कि इस बॉक्स के अंदर क्या-क्या है।

सबसे खास है नेशनल क्रश नाम का परफ्यूम, जो रश्मिका मंदाना के मशहूर टाइटल से प्रेरित है और उनके हाल ही में लॉन्च हुए परफ्यूम ब्रांड को समर्पित है। बॉक्स में हैंड क्रीम और फुट क्रीम भी शामिल हैं। एक और पर्सनल टच देते हुए विजय देवरकोंडा के कपड़ों के ब्रांड से जुड़ी रॉडी टी-शर्ट भी शामिल है। इतना ही नहीं इस बॉक्स में काजू और मिठाई का एक डिब्बा भी शामिल है।

**पिछले दिनों सामने आई थी शादी के कार्ड की झलक**

इससे पहले पिछले दिनों दोनों की शादी का इन्विटेशन कार्ड भी वायरल हुआ था। जिससे यह पता चला था कि 26 फरवरी को दोनों शादी करने वाले हैं। जबकि कार्ड में 4 मार्च को दोनों के रिसेप्शन के बारे में भी जानकारी थी। खबरों के मुताबिक, रिसेप्शन में फिल्म जगत की कई हस्तियों के शामिल होने की संभावना है।

बताया जा रहा है कि दोनों ने मीडिया की मौजूदगी के बिना एक निजी समारोह आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की है। वहीं खबरें हैं कि शादी को प्राइवेट रखते हुए नो मोबाइल फोन पॉलिसी को भी लागू किया गया है। यानी कोई अतिथि पार्टी में फोन लेकर नहीं जा सकता।

खबरें ये भी सामने आ रही हैं कि रश्मिका और विजय मीडियाकर्मियों के लिए लंच का आयोजन करने की योजना बना रहे हैं। इस बारे में अभी तक इस जोड़े या उनके परिवार की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

## निर्देशक जावेरी की नई फिल्म 'तेरा यार हूं मैं' में इंद्र कुमार के बेटे अमन करेंगे बॉलीवुड डेब्यू

पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के निर्देशक मिलाप जावेरी की नई फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आ गया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी गई है। इस बार मिलाप जावेरी प्यार, दर्द और संगीत की कहानी 'तेरा यार हूं मैं' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।

**22 मई को रिलीज होगी फिल्म**

मेकर्स ने फिल्म की घोषणा करते हुए एक मोशन पोस्टर जारी किया है। इसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं।

साथ में पीछे जुबीन नौटियाल की आवाज में एक लाइन भी सुनाई देती है। इसको शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में




लिखा, 'प्यार, दर्द और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं की रिलीज डेट तय हो गई है। यह फिल्म 22 मई 2026 को सिनेमाघरों में आ रही है। यह रोमांचक लव स्टोरी बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है।'

निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन करेंगे बॉलीवुड में डेब्यू

अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। हालांकि, फिल्म की कास्ट की बात करें तो 'तेरा यार हूं मैं' से 'धमाल' जैसी फिल्म के निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रहे हैं। यह उनकी पहली फिल्म है। उनके साथ आकांक्षा शर्मा प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। जबकि फिल्म की कास्ट में परेश रावल का नाम भी नजर आ रहा है। फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है।

**पिछले साल आई थी मिलाप जावेरी की 'एक दीवाने की दीवानियत'**

मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं' के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।




## अदा खान संग हुआ भेदभाव, नहीं मिला काम? बोलीं- शिव तांडव किया...इक ओंकार गाया

टीवी की दुनिया की फेमस एक्ट्रेस अदा खान अक्सर किसी ना किसी शो का हिस्सा रहती हैं. वो हाल ही में हसरतें में दिखाई दीं. उन्होंने टिंसेल टाउन की हकीकत पर बात की. अक्सर जैसे स्टार्स बताते हैं कि उन्हें किसी खास वजह से शो से निकाल दिया जाता है, कभी धार्मिक भेदभाव या कभी किसी और चीज का हवाला देकर. वहीं अदा ने बताया कि क्या कभी उनके साथ ऐसा हुआ है. एक्ट्रेस ने बिना किसी झिझक के सीधा जवाब दिया.

**धर्म बना दीवार?**

अदा ने बताया कि धर्म को वजह बताते हुए उनके साथ कभी ऐसा नहीं हुआ कि उन्हें किसी प्रोजेक्ट से निकाल दिया गया हो. या उनके साथ भेदभाव किया गया हो.

अदा ने कहा- ऐसा कभी नहीं हुआ है. जब मैंने अमृत मंथन किया था, तो मुझे कहा गया था कि इसमें पंजाब की सिख महिला का किरदार होगा. तो मेकर्स ने मुझे इक ओंकार याद करने को कहा था. एक सीन था जहां पर मैं यानी अमृत गा रही है इक ओंकार, तो मुझसे ही गाने को कहा गया था. किसी और की आवाज नहीं थी. मैंने खुद उसे अपनी आवाज में गाया, याद किया था पूरा. वो बहुत अच्छी फीलिंग थी. उन्होंने मुझे गुरुद्वारे जाकर वहां क्या कैसे होता है, महसूस करने को कहा था. तो मैं अपनी मां के साथ गई थी.

'मैं पहली बार गई थी, बहुत सुकून मिला था. मैंने उस पूरे प्रोसेस को समझा था. वैसे ही नागिन शो के लिए भी हम महादेव की आराधना करते थे. शिव तांडव करते थे. वो बहुत सुंदर है. मैं मानती हूं सबसे बड़ा धर्म इंसानियत होता है. एक अच्छा इंसान बनने की जरूरत है. हर धर्म आपको यही सिखाता है. तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी धर्म का हवाला देकर मुझे कास्ट नहीं किया गया हो. या फिर किसी शो में लिया भी गया हो.'

अदा नागिन के कई सीजन्स का हिस्सा रही हैं. उन्हें शेषा के किरदार के लिए जाना जाता है. उन्होंने 'अमृत मंथन' के अलावा 'बहनें' और 'विष या अमृतः सितारा' जैसे टीवी शो में भी काम किया है. वो 2020 में 'खतरों के खिलाड़ी 10' की प्रतियोगी रही हैं. अदा ने 'पालमपुर एक्सप्रेस' शो से टेलीविजन में शुरुआत की थी.

## जीसएटी ऑफिसर थी ये हसीना, सरकारी नौकरी छोड़ बनी एक्ट्रेस, डेटिंग शो में ढूंढ रही दूल्हा!




बोल्ड एंड ब्यूटीफुल एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कृति वर्मा इन दिनों फिर से लाइमलाइट में हैं. दरअसल, वो एल्विश यादव और जिया शंकर के नए शो डेटिंग शो एंगेज्ड 2 में नजर आ रही हैं. कृति शो में कंटेस्टेंट के तौर पर प्यार ढूंढने आई हैं.

कृति ने शो में बताया कि वो पहले जीसएटी ऑफिसर थीं. लेकिन एक्ट्रेस बनने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी थी. फिर वो एक मॉडल के तौर पर काम करने लगीं. कृति अब पूरी तरह से एंटरटेनमेंट की दुनिया में एक्टिव हैं. वो गाने, वेब सीरीज, रियलिटी शोज हर चीज में लक आजमा रही हैं.

कृति ने साल 2018 में स्टंट बेस्ड रियलिटी शो 'रोडीज' में भी पार्टिसिपेट किया था. वो नेहा धूपिया के गैंग का हिस्सा बनी थीं. इस शो से उन्हें खास पहचान मिली, क्योंकि शो में उनके खूब लड़ाई-झगड़े होते थे.

रोडीज से मिले फेम के बाद कृति ने बिग बॉस 12 में कॉमनर के तौर पर एंट्री की थी. बिग बॉस में भी उन्होंने काफी आतंक मचाया था. उनकी खूब लड़ाइयां होती थीं, जिस वजह से उन्हें अच्छा स्क्रीनटाइम मिल जाता था.

एक्ट्रेस होने के साथ कृति वर्मा एक ट्रेंड डांसर, डीजे और होस्ट भी हैं. रियल लाइफ में वो काफी ग्लैमरस हैं. वो वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं.

सोशल मीडिया पर कृति काफी एक्टिव रहती हैं. उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. इंस्टाग्राम पर उनके 2.5 मिलियन फॉलोअर्स हैं. कृति इंडियन-वेस्टर्न हर लुक में कमाल लगती हैं.

कृति इन दिनों 'एंगेज्ड 2' शो में नजर आ रही हैं. शो में वो कनेक्शन ढूंढने आई हैं. उन्हें प्यार मिलता है या नहीं ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा.

## अभिनेता के बार-बार रीटेक लेने से परेशान हुए अनुराग कश्यप तो गुस्से में एक्टर को चॉक से मारा



दिग्गज निर्माता-निर्देशक अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कैनेडी' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल्स में तारीफें बटोरने के बाद अब 'कैनेडी' भारत में रिलीज को तैयार है। इस बीच अनुराग कश्यप ने एक ऐसे अभिनेता के बारे में बताया, जो सीधे चलने वाला सीन भी नहीं कर पा रहा था और बार-बार रीटेक ले रहा था। इससे निर्देशक काफी गुस्सा हो गए थे।

निर्देशक ने बताया कि एक बार मैं फंसा था। मैं तरीके ढूंढता हूं। सचमुच एक बार एक अभिनेता था पता नहीं क्यों वो सीधा चल ही नहीं पा रहा था। मैं चाहता था कि वह बार जैसी एक जगह के पीछे से आराम से बाहर आए।

वहां जगह कम थी, लेकिन वह आराम से आ सकता था। लेकिन उसका हाथ-पैर कुछ भी कंट्रोल में ही नहीं था। वो इधर-उधर हिलता हुआ आता था। कभी बोतलें गिर जाती थीं, कभी कुछ।

**गुस्से में अनुराग ने किया ये काम**

निर्देशक ने आगे उस एक्टर की हरकतों से परेशान होने को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि मैं उसकी हरकतों से गुस्से से आग बबूला हो गया। मैंने एक चॉक उठाई और फिर एक किनारे पर चॉक मार दी और दीवार पर भी चॉक मार दी। मैंने बोला कि अगर चॉक का निशान तेरे शरीर पर दिखा तो मैं तुम्हें फिल्म से हटा दूंगा। इसके बाद वह सीधे चला गया।

## क्यों शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन के साथ काम नहीं करना चाहते प्रोड्यूसर सुदीप? 'मुझे कोई दिलचस्पी नहीं'

एक्टर शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन दुनिया के बड़े नामों में शामिल हैं। हर डायरेक्टर और प्रोड्यूसर उनके साथ फिल्म करना चाहता है। लेकिन एक प्रोड्यूसर का कहना है कि उन्हें इनके साथ काम करने की कोई इच्छा नहीं है।

**मेरी कोई दिलचस्पी नहीं**

बाकी प्रोड्यूसर और राइटर की तरह 'पाताललोक' और 'कोहरा' जैसे प्रोजेक्ट्स के क्रिएटर सुदीप शर्मा का विचार थोड़ा अलग है। हाल ही में डिजिटल कमेंट्री के साथ एक इंटरव्यू में सुदीप शर्मा ने बड़ा खुलासा किया। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमिताभ बच्चन या शाहरुख खान के साथ काम करने का उनका कोई सपना है, तो सुदीप ने कहा, 'नहीं, मेरी कभी ऐसी ख्वाइश नहीं रही। इसीलिए मैंने कभी ऐसा काम करने की कोशिश भी नहीं की। मैं कभी यहां किसी विशेष स्टार के साथ काम करने नहीं आया। मैं यहां अपनी कहानी सुनाने आया



हूं, वो कहानी जो मैं हमेशा से सुनाना चाहता था। ऐसी फिल्में बनाने, जो मैंने कभी देखी थी और जिनसे प्यार किया था। स्टार्स के साथ काम करना कभी मेरी दिलचस्पी नहीं रही। वास्तव में अगर ऐसा मौका मिलता भी है, तो मैं थोड़ा घबरा जाऊंगा, क्योंकि ये बहुत बड़ी जिम्मेदारी होगी।'

**एक स्टार अपनी एक तय इमेज लेकर आता है**

उन्होंने आगे कहा, 'देखिए, एक स्टार अपनी एक तय इमेज लेकर आता है। फिर उसी इमेज के हिसाब से फिल्म की कहानी और किरदार गढ़ने पड़ते हैं। मुझे ये तरीका नहीं आता। मैं तो बस एक सच्चा और मजबूत किरदार लिखना चाहता हूं। जो भी कलाकार उसे निभाए, वो उसमें पूरी तरह डूब जाए। मैं ये सोचकर कहानी नहीं लिखना चाहता कि फैंस कैसे रिएक्ट करेंगे या स्टारडम का उस पर क्या असर होगा। कई बार फिल्म से ज्यादा चर्चा इन बातों पर होने लगती है, और मुझे उसमें बिल्कुल दिलचस्पी नहीं है।'

**कौन हैं सुदीप शर्मा?**

सुदीप ने बतौर फीचर स्क्रीनराइटर अपने करियर की शुरुआत अनुष्का शर्मा स्टारर 'एनएच10' से की थी। यह फिल्म रियल लाइफ ऑनर किलिंग की घटनाओं से प्रेरित थी और अपने डार्क और रियलिस्टिक अंदाज के लिए खूब सराही गई। इसके बाद उन्होंने 'उड़ता पंजाब' और 'सोनचिड़िया' जैसी फिल्मों के लिए स्क्रीनप्ले और डायलॉग्स लिखे। इन फिल्मों को क्रिटिक्स से जबरदस्त तारीफ मिली, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये उम्मीद के मुताबिक कमाल नहीं दिखा पाईं।

## द केरल स्टोरी झूठी अफवाह फैला रही...', बोले सीएम पिनाराई विजयन, कंटेंट पर जताई नाराजगी

विपुल अमृतलाल शाह की 'द केरल स्टोरी 2' को लेकर विवाद शुरू हो चुका है. केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने फिल्म को लेकर नाराजगी जताई है. उन्होंने इस फिल्म को गलत प्रोपगेंडा फैलाने और सेकुलरिज्म के लिए खतरा बताया है.

साल 2022 में आई 'द केरल स्टोरी' ने कई लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया था. जिस तरह उस फिल्म में केरल की महिलाओं के मुस्लिम धर्म में बदलने की कहानी दिखाई गई, वो काफी हैरानी वाली बात थी. इस फिल्म के लिए इसके डायरेक्टर सुदीप्तो सेन को नेशनल अवॉर्ड भी मिला था. अब वो डायरेक्टर इसका अगला पार्ट 'द केरल स्टोरी 2' भी लेकर आ रहे हैं, जिसपर अभी से विवाद शुरू हो गया है.

**'द केरल स्टोरी 2' से नाराज केरल सीएम**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई






विजयन ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टेंटमेंट जारी किया, जिसमें उन्होंने लिखा है कि फिल्म 'द केरल स्टोरी' का दूसरा पार्ट जल्द आने वाला है, इससे उन्हें बहुत चिंता हो रही है. उनका कहना है कि पहली फिल्म को जानबूझकर बनाया गया था ताकि केरल के खिलाफ नफरत फैलाई जाए और राज्य के सभी धर्मों का सम्मान वाली संस्कृति को कमजोर किया जाए.

अपने बयान में उन्होंने पूछा कि समाज में विभाजन और नफरत फैलाने वाली ऐसी जहरीली फिल्मों को सिनेमाघरों में दिखाने की इजाजत कैसे मिल जाती है, जबकि 'बीफ' नाम की एक मूवी को फिल्म फेस्टिवल में रोक दिया गया था. उन्होंने कहा कि संघ परिवार ने इस फिल्म की झूठी कहानी को आगे बढ़ाया और फैलाया. वो झूठ फैला रहे हैं कि आपसी सहमति से हुई शादियां भी जबरन धर्म बदलवाने और सांप्रदायिकता का उदाहरण हैं.

**झूठा प्रोपगेंडा फैलाने का लगाया आरोप**

केरल के सीएम ने ये भी कहा कि केरल में कभी सांप्रदायिक दंगे नहीं हुए, यहां सभी समुदाय एक-दूसरे का सम्मान करते हैं. ऐसे में ये लोग केरल को देखकर जलते हैं और राज्य के दुश्मन बनकर शांति भंग की कोशिश करते हैं. उन्होंने कहा, 'हमें मिलकर इन कोशिशों को ठुकराना चाहिए जो केरल को आतंकवाद का केंद्र दिखाने की कोशिश करती हैं. केरल एक ऐसा राज्य है जहां धर्मों में सद्भाव है, स्थिर विकास हो रहा है, कानून-व्यवस्था बहुत अच्छी है.'

अंत में वो कहते हैं कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस झूठे प्रोपगेंडा से केरल राज्य के सभी धर्मों का सम्मान वाली संस्कृति की नींव को नुकसान ना पहुंचे. हमें सेकुलरिज्म और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करके इस झूठ को नकारना चाहिए. बात करें फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की, तो इसे विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोड्यूस किया है, जिसका ट्रेलर कुछ दिन पहले ही सामने आया है.

## मृणाल ठाकुर के एक्स बॉयफ्रेंड को थी इनसिक्योरिटी, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी यूट्यूब पर रौनक रजनी के शो में अपनी आने वाली फिल्म दो दिवाने सहर में के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे। इस बीच मृणाल ने शेयर किया कि उनका एक्स-बॉयफ्रेंड उनके को-एक्टर्स को लेकर कितना इनसिक्योर था।

**इनसिक्योरिटी पर क्या बोलीं मृणाल**

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर से जब पूछा गया कि क्या वे खुद को एक इनसिक्योर मानती हैं या नहीं। तब, उन्होंने स्वीकार किया कि कभी-कभी उन्हें इनसिक्योरिटी होती है और इसके लिए उन्होंने अपने एक्स-बॉयफ्रेंड से जुड़ी एक कहानी शेयर की।

मृणाल ने कहा, 'करियर के शुरुआती दिनों में, मैं ऋतिक रोशन के साथ 'सुपर 30' और शाहिद कपूर के साथ 'जर्सी' की शूटिंग कर रही थी। जो मेरा बॉयफ्रेंड था, उसे लगता था कि मैं अच्छे दिखने वाले एक्टर्स के साथ शूटिंग कर रही हूं और घूम रही हूं। इस वजह से उसे इनसिक्योरिटी होने लगी। उसने वर्कआउट करना शुरू कर दिया और 15–17 किलो वजन घटाकर मसल्स बनाए। लेकिन कुछ दिनों बाद, उसने वर्कआउट बंद कर दिया। फिर खा कर 20 किलो बढ़ा लिया। मेरे बॉयफ्रेंड ने कहा कि मैं थक गया हूं तुम्हारे एक्टर्स की बराबरी करने की वजह से।

लेकिन असल में मैंने कभी उससे वजन घटाने को नहीं कहा। यह उसकी इनसिक्योरिटी थी, इससे मेरा कुछ लेना-देना नहीं था।

**इस फिल्म में नजर आएंगी एक्ट्रेस**

मृणाल ठाकुर जल्द ही 'दो दीवाने सहर में' नजर आने वाली हैं। यह एक रोमांटिक ड्रामा है। इसमें वे सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ रोमांस करती नजर आएंगी। रवि उदयवार के निर्देशन में बनी यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके निर्माता संजय लीला भंसाली हैं।

## राजीव खंडेलवाल ने फिल्म करने से पहले सामने रखी बड़ी शर्त, क्या था संजय लीला भंसाली का रिएक्शन?





राजीव खंडेलवाल एक लंबे गैप के बाद दर्शकों के सामने आए हैं। इन दिनों वह अपनी एक नई सीरीज 'अमर विश्वास' को लेकर चर्चा में हैं। इस कोर्ट रूम ड्रामा सीरीज में वह एक वकील के रोल में नजर आ रहे हैं। अपनी सीरीज के प्रमोशन के दौरान राजीव खंडेलवाल ने बताया कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की एक बड़ी फिल्म साइन की थी, लेकिन फिल्म करने से पहले एक शर्त उनके सामने रखी। इस शर्त को सुनकर संजय लीला भंसाली का क्या रिएक्शन था? क्या एक नए एक्टर की डिमांड को सुनकर वह दंग नहीं रह गए?

**क्या थी राजीव खंडेलवाल की शर्त?**

हाल ही में राजीव खंडेलवाल ने बताया कि उन्होंने संजय लीला भंसाली की फिल्म 'चेनाब गांधी' साइन की थी। लेकिन फिल्म साइन करने से पहले एक जरूरी बात या शर्त उनके सामने रखी। राजीव कहते हैं, 'मैंने भंसाली जी से कहा था कि आप मुझे टेस्ट करें। इसके बाद बताएं कि आप मुझे फिल्म में चाहते हैं या नहीं। इसके बाद आप मुझे स्क्रिप्ट मांगने की आजादी दें, ना कहने की भी आजादी दें। आप जो चाहें करें, स्क्रीन टेस्ट लें, लुक टेस्ट लें। लेकिन जिस दिन आप कहेंगे कि राजीव मुझे तुम चाहिए। तो उसके बाद मैं स्क्रिप्ट पढ़ूंगा। मुझे हां या ना कहने का भी हक होगा।' राजीव खंडेलवाल आगे कहते हैं, 'भंसाली सर ने इस बात का सम्मान रखा। वह मुझसे 15-20 दिनों तक मिलते रहे। उसके बाद मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी, मैं हिल गया। मैंने अपनी जिंदगी में ऐसी स्क्रिप्ट कभी नहीं पढ़ी थी। मैं इसे करने के लिए मान गया। सेटअप की वजह से नहीं बल्कि इसलिए कि स्क्रिप्ट कमाल की थी।' सिर्फ संजय लीला भंसाली की फिल्म करने से पहले राजीव ने शर्त नहीं रखी। उन्होंने एक और बड़े डायरेक्टर की फिल्म को भी ठुकराया था।

राजीव बताते हैं, 'मैं उस फिल्म का नाम नहीं लूंगा क्योंकि वह बहुत जानी-मानी फिल्म है। उस जाने-माने डायरेक्टर से भी मैंने कहा कि पहले स्क्रिप्ट पढ़ूंगा। अगर मुझे यह फिल्म पसंद नहीं आई, तो मैं मना कर दूंगा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं रोल के लिए बिल्कुल फिट हूं, लेकिन जब मैंने स्क्रिप्ट पढ़ी तो उनसे कहा कि यह फिल्म नहीं कर सकता हूं। उन्होंने कहा ठीक है। जब फिल्म रिलीज हो रही थी, तो मैं उनसे फिर मिला। फिल्म का जबरदस्त प्रमोशन हुआ। मैं सोच रहा था कि क्या मैंने सही फैसला किया? जिस एक्टर ने वह किरदार निभाया था, बाद में उसका निधन हो गया। फिल्म रिलीज होने के बाद फ्लॉप हो गई। जब मुझे लगा कि मैंने सही फैसला लिया था।'

## 'तुम्हें किस करना चाहता हूं', डिमांड सुन फ्रीज हुई एक्ट्रेस फलक खान, घर जाकर रोई, बोलीं- कांप रही थी



एक्ट्रेस फलक खान इन दिनो शो 'सहर होने को है' में नजर आ रही हैं. करियर के इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी स्ट्रगल किया. उन्होंने कास्टिंग काउच भी झेला. इसका खुलासा एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में किया है. फलक ने बताया कि एक बार ऑडिशन के दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हुआ जिसने उन्हें डिस्टर्ब किया था. इस वाकये ने उनके कॉन्फिडेंस को हिलाकर रख दिया था.

फलक कहती हैं- मैंने आंखों में ढेर सारे सपने लेकर ऑडिशन रूम में एंट्री की थी. इसके लिए मैंने बहुत प्रैक्टिस की थी. मुझे अपनी लाइन्स याद थीं. इस पल का मैं काफी देर से इंतजार कर रही थी. "लेकिन सामने वाले शख्स ने स्क्रिप्ट पर बात करने के बजाय मुझसे कहा- मैं तुम्हें kiss करना चाहता हूं. ये सुनकर मेरे होश उड़ गए थे. थोड़ी देर के लिए मैं फ्रीज हो गई थी."

"मुझे समझ ही नहीं आया कि चिल्लाना चाहिए या वहां से निकल जाना चाहिए. मैं ये मानना चाहती थी कि ये कोई भयानक मजाक है, लेकिन उसका चेहरा देखकर मैं समझ गई कि ये जोक नहीं था." "उस शख्स ने जो कहा उससे मुझे इतना दुख नहीं हुआ, लेकिन जिस तरीके से उसने वो बात कही थी, उसने मुझे हिट किया. उसने ऐसे रिएक्ट किया जैसे किसी से यूं kiss मांगना बहुत नॉर्मल बात है. मैंने मजबूती से काम लिया और वहां से निकली. लेकिन घर जाकर मैं खबू रोई. 1 पूरा हफ्ता मैं कांप रही थी. मैं इस डर में थी कहीं उस शख्स ने मेरे साथ कुछ कर दिया होता तो? उसकी बात सुनकर मुझे अपने टैलेंट, इरादों पर शक हुआ.

फलक ने बताया कि इस वाकये के बाद वो काफी दिनों तक ऑडिशन नहीं दे पाई थीं. वो ये सोचने लगी थीं क्या ये इंडस्ट्री उनके लिए बनी भी है. बाद में उन्हें समझ आया कि किसी का गलत बिहेवियर उनकी योग्यता पर सवाल नहीं उठा सकता.

फलक के मुताबिक, वो इस घटना को सिम्पेथी लेने के लिए रिवील नहीं कर रही हैं, बल्कि जागरुकता के लिए इसे बात रही हैं. वो सभी स्ट्रगलिंग एक्टर्स से कहना चाहती हैं कि आप प्रोजेक्ट से क्विट कर सकते हो, ना बोल सकते हो. लेकिन कभी किसी मौके के लिए अपनी सेल्फ रिस्पेक्ट से समझौता ना करें.

## केरल एचसी में 'द केरल स्टोरी 2' के खिलाफ याचिका, सेंसर सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग



केरल हाई कोर्ट में फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' का सेंसर सर्टिफिकेट रद्द करने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई है। यह याचिका कन्नूर के चित्तरीपरम्बा के रहने वाले श्रीदेव नंबूदरी ने फाइल की है। हाई कोर्ट ने याचिका पर सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। प्रोड्यूसर सनशाइन पिक्चर्स को भी इस मामले पर जवाब देना होगा। मंगलवार, 24 फरवरी को हाई कोर्ट इस याचिका पर फिर से विचार करेगा।

**कब होगी सुनवाई**

एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'केरल स्टोरी 2' के सेंसर सर्टिफिकेट को रद्द करने की मांग वाली एक याचिका केरल हाई कोर्ट में दायर की गई है। यह याचिका कन्नूर जिले के चित्तरिपरम्बा निवासी श्रीदेव नंबूथिरी ने दाखिल की है। हाई कोर्ट ने सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है, जिस पर फिल्म के निर्माता सनशाइन पिक्चर्स को भी जवाब देना होगा। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार, 24 फरवरी को करेगा।

**क्यों विवादों में छाई फिल्म?**

फिल्म 'द केरल स्टोरी 2 - गोज बियॉन्ड' में अदिति भाटिया, उल्का गुप्ता और ऐश्वर्या ओझा मुख्य भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर से लगता है कि पूरी कहानी इन्हीं तीन लड़कियों के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में तीनों लड़कियों के जबरन धर्म बदलवाने की कहानी दिखाई गई है। मेकर्स ने इसमें लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया है। इसी वजह से सोशल मीडिया पर इस फिल्म को लेकर बहुत विवाद हो रहा है।

कुछ लोग इसे सांप्रदायिक बताकर विरोध कर रहे हैं, जबकि कुछ इसका समर्थन भी कर रहे हैं। यह फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## 'द ब्लफ' के लिए प्रियंका चोपड़ा ने क्यों स्टंट डबल का इस्तेमाल किया? बोलीं- 'मैं हीरो नहीं हूं'



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड की देसी गर्ल से हॉलीवुड की एक्शन गर्ल बनने तक का सफर बखूबी तय किया है। जल्द ही वह एक हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' में लीड रोल में दिखेंगी। इस फिल्म को लेकर प्रियंका काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन फिल्म में कई एक्शन सीन्स प्रियंका ने खुद नहीं किए। इसकी वजह भी वह साझा करती हैं।

**खतरनाक शॉट्स से प्रियंका ने बनाई दूरी**

हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'कुछ शॉट्स ऐसे थे जिनके लिए मुझे अपने स्टंट डबल पर डिपेंड रहना पड़ा। स्टंट डबल को तीन या चार खतरनाक शॉट्स करने पड़े। इसमें चेहरे पर कांच लगने वाले सीन्स भी शामिल थे।'

प्रियंका चोपड़ा आगे कहती हैं, 'यह चॉइस सिर्फ मेरी नहीं थी। प्रोडक्शन टीम को भी चिंता थी। उन्होंने मुझे खतरनाक स्टंट करने नहीं दिए। देखिए, मैं हीरो नहीं हूं, मैं काम करने के लिए काम पर जाती हूं। मैं नहीं चाहती कि किसी को चोट लगे या मुझे खुद को भी चोट लगे।'

**फिल्म 'द ब्लफ' में क्या है प्रियंका चोपड़ा का किरदार?**

प्रियंका चोपड़ा और कार्ल अर्बन स्टारर 'द ब्लफ' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह 25 फरवरी 2026 को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने वाली है। फ्रैंक ई फ्लावर्स के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म एक कैरिबियन महिला की कहानी है, जिसका सीक्रेट पास्ट तब सामने आता है जब समुद्री लुटेरे उसके आइलैंड पर हमला करते हैं। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा ने गजब का एक्शन भी किया है।

**इन प्रोजेक्ट्स में भी आएंगी देसी गर्ल नजर**

प्रियंका चोपड़ा के करियर फ्रंट की बात करें तो वह हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' और राजामौली की पैन इंडिया फिल्म 'वाराणसी' का हिस्सा हैं। 'वाराणसी' फिल्म में प्रियंका चोपड़ा साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म बड़े स्तर पर बन रही है। इस फिल्म की शूटिंग के लिए प्रियंका चोपड़ा लगातार भारत आ रही हैं। अब उनका नाम फिल्म '007 बॉन्ड' सीरीज को लेकर भी सामने आ रहा है।

## आलिया भट्ट ने दिया कटरीना कैफ के बेटे विहान को प्यारा तोहफा शेयर की खिलौनों से भरे गिफ्ट हैम्पर की तस्वीर



आलिया भट्ट ने कटरीना कैफ और विक्की कौशल के तीन महीने के बेटे विहान को एक प्यारा सा तोहफा भेजा है। इस गिफ्ट हैम्पर की एक तस्वीर कटरीना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की। इसके साथ ही कटरीना ने आलिया का शुक्रिया भी अदा किया है।

**आलिया ने भेजा विहान के लिए तोहफा**

आलिया भट्ट ने कटरीना कैफ और विक्की कौशल के बेटे विहान के लिए बहुत प्यारा तोहफा भेजा है, जो कि आलिया की कंपनी से आया है। इस तोहफे की खास तस्वीर कटरीना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की है। कटरीना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस तोहफे की फोटो शेयर की है। इस गिफ्ट हैप्पर में नीले रंग का एक नरम खरगोश का खिलौना और बच्चे के लिए गर्म कंबल जैसी चीजे नजर आ रही हैं। इसके साथ कटरीना ने लिखा, 'इस प्यारे cuddly खिलौनों के लिए धन्यवाद।'

**विहान कौशल का जन्म**

फैंस के बीच बहुत पॉपुलर कपल विक्की कौशल और कटरीना कैफ ने 7 नवंबर 2025 को अपने पहले बच्चे विहान का स्वागत किया था। दोनों की शादी 2021 में हुई थी।

**इस फिल्म में विक्की के साथ नजर आएंगी आलिया**

विक्की कौशल इन दिनों फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म में विक्की के साथ आलिया भट्ट और रणबीर कपूर नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'लव एंड वॉर' 2027 में रिलीज होगी। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट की तारीख अभी तय नहीं हुई है।

## एक्टिंग में डेब्यू के सवाल पर क्या बोलीं अमृता फडणवीस? पैशन के बारे में भी की खुलकर बात



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस अपने नए भक्ति गीत 'शंभू रे' को लेकर चर्चाओं में हैं। सिंगर के इस गीत को दर्शक काफी प्यार दे रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने संगीत सफर के बारे में बताया है। साथ ही अभिनय क्षेत्र में कदम रखने के सवाल पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।

**एक्टिंग में आने के सवाल पर क्या बोलीं अमृता?**

अमृता फडणवीस पूछा गया कि मनोरंजन जगत से काफी नजदीक से जुड़ी हैं, ऐसे में क्या उन्होंने कभी एक्टिंग करने के बारे में सोचा है? इस पर उन्होंने बताया, 'मुझे कई बार फिल्मों के ऑफर आते रहे हैं। लेकिन, हर बार मैंने इन ऑफर्स को विनम्रता के साथ मना किया है। मेरा मानना है कि हर इंसान का जीवन में एक रास्ता तय होता है और अभिनय मेरा रास्ता नहीं है। संगीत मेरा पहला और आखिरी प्यार है। यह वह कला है जो मुझे स्वाभाविक रूप से आती है और इसमें मैं खुद को पूरी तरह व्यक्त कर पाती हूं। मैं वही काम करना चाहती हूं, जिससे मैं पूरी ईमानदारी से जुड़ी रहूं और वह काम मेरे लिए संगीत ही है।'

**सिंगर ने पैशन पर रखी राय**

अपने पैशन के बारे में बात करते हुए अमृता ने कहा, 'संगीत मेरे लिए सांस लेने जैसा है। जिस तरह इंसान बिना सांस के नहीं रह सकता, उसी तरह मैं संगीत के बिना खुद को अधूरा महसूस करती हूं। चाहे देर रात हो या सुबह का सुकून भरा वक्त, जब भी समय मिलता है, मैं शास्त्रीय संगीत का अभ्यास करती हूं। सुरों की साधना और रियाज मेरी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा है।'

**कब रिलीज हुआ भक्ति गीत?**

आपको बता दें कि अमृता फडणवीस का भक्ति गीत 'शंभू रे' 14 फरवरी को रिलीज हुआ। बेहद कम समय में दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना चुका है। इस गाने को अब तक 9 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। अमृता फडणवीस की आवाज में 'शंभू रे' का संगीत मोटी शर्मा ने तैयार किया है। गीत के बोल सृजन विनय वैष्णव ने लिखे हैं। गाने का निर्देशन राजीव वालिया ने किया है।

## 'मुझे फिल्म पर बहुत गर्व है', 'ओ रोमियो' की आलोचनाओं पर बोले विशाल भारद्वाज; ये मेरी सबसे सफल फिल्म





विशाल भारद्वाज की गिनती इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्म निर्देशकों में होती है। उन्होंने 'मकबूल', 'ओमकारा' और 'हैदर' जैसी कल्ट फिल्में बनाई हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'ओ रोमियो' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। क्रिटिक्स से फिल्म को मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है। लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। हालांकि, विशाल भारद्वाज का मानना है कि यह उनकी सबसे सफल फिल्मों में से एक हो सकती है।

**यह मेरे जीवन की सबसे सफल फिल्म होगी**

विशाल भारद्वाज ने कहा कि फिल्म को लेकर क्रिटिक्स की चाहें जो भी राय हो, लेकिन उन्हें भरोसा है कि यह उनकी अब तक की सबसे सफल फिल्मों में से एक हो सकती है। मुझे यह इसलिए कहना पड़ रहा है ताकि उन आलोचकों का दिल टूट जाए जिन्होंने फिल्म की आलोचना की थी। उनकी राय चाहे जो भी रही हो, यह मेरे जीवन की सबसे सफल फिल्म होगी। मुझे इस फिल्म पर बहुत गर्व है। मुझे इस पर जरा भी शर्म नहीं है। मैं बहुत खुश हूं। मैंने जो हिंसा और प्रेम की कहानी गढ़ी है, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

**'ओ रोमियो' का अब तक कलेक्शन**

'ओ रोमियो' के निर्माता नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के अनुसार, फिल्म ने 9.01 करोड़ रुपए के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की थी। इसके बाद शुरुआती तीन दिनों में फिल्म सिर्फ 14.50 करोड़ रुपए की ही कमाई कर पाई। भारी गिरावट के बाद, फिल्म ने संभलते हुए वीकेंड में 5.10 करोड़, 5.90 करोड़ और 3.90 करोड़ की कमाई की, जिससे अब तक फिल्म का घरेलू कुल कलेक्शन 49.41 करोड़ हो गया है। जबकि फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई 75.80 करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है। 'ओ रोमियो' ने शाहिद कपूर की 'देवा' के लाइफटाइम कलेक्शन को पार कर लिया है, जिसने वर्ल्डवाइड 55.80 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

**हुसैन जैदी की किताब 'माफिया क्वींस ऑफ मुंबई' पर आधारित है फिल्म**

विशाल भारद्वाज द्वारा निर्देशित 'ओ रोमियो' हुसैन जैदी की किताब 'माफिया क्वींस ऑफ मुंबई' पर आधारित है। फिल्म में शाहिद कपूर ने उस्तरा की भूमिका निभाई है, जबकि तृप्ति डिमरी अफ्शा के किरदार में नजर आई हैं। इसके अलावा फिल्म में नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया, विक्रांत मैसी, फरीदा जलाल और हुसैन दलाल भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म 1995 में मुंबई पर आधारित है।

## थाने के पीछे जिंदा जलते मिली किशोरी हालत नाजुक

### पीड़िता ने पेट्रोल पंप कर्मी का लिया नाम

बाराबंकी, 19 फरवरी (एजेंसियां)। यूपी के बाराबंकी में बृहस्पतिवार को दोपहर में थाने से 100 मीटर दूरी एक किशोरी जिंदा जलते मिली। लोगों ने देखा तो आग बुझाई और उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मामले की जांच की जा रही है।

घटना मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर खाला गांव की है। गुरुवार को दोपहर गांव निवासी मैकू की पुत्री प्रीति (17) घर से शौच के लिए निकली थी। कुछ देर बाद लोगों ने उसे थाने के पीछे ईंट-भट्ठा के पास उसे जलता देखा। चीखने की आवाज सुनकर लोग भागकर पहुंचे।

लोगों ने आग बुझाकर किशोरी को सीएचसी, सूरतगंज पहुंचाया। वहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने किशोरी के बयान दर्ज किए हैं। पीड़िता ने मोहम्मदपुर खाला चौराहा स्थित पेट्रोल पंप में कार्यरत रहे एक युवक का नाम लिया है।

# लॉरेंस गैंग की लेडी डॉन 'मैडम जहर' अरेस्ट

### बॉयफ्रेंड 'कबूतर' भी गुरुग्राम बॉर्डर से दबोचा, सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड से कनेक्शन

गुरुग्राम, 19 फरवरी (एजेंसियां)। हरियाणा के गुरुग्राम से सटे महिपालपुर से लॉरेंस और हाशिम बाबा गैंग से जुड़े गैंगस्टर महफूज उर्फ बॉबी कबूतर और उसकी गर्लफ्रेंड नेहा को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की ओर से गिरफ्तार की गई नेहा का असली नाम खुशनुमा अंसारी है। वह बॉबी कबूतर गैंग में 'मैडम जहर' के नाम से जानी जाती है।

इन दोनों के अलावा बॉबी कबूतर के दो साथी मोहम्मद राजी खान और शाहबाज को भी गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के मुताबिक, बॉबी कबूतर ने मूसेवाला की हत्या से पहले उनके रूट और मूवमेंट की रेकी की थी और यह जानकारी मुख्य हमलावरों तक पहुंचाई थी। इसके अलावा बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के घर पर हुए हमले में हथियार सप्लाई करने में उसका नाम सामने आया था।

जबकि, खुशनुमा अंसारी उर्फ नेहा को ड्रग्स तस्करी और गैंग के अवैध कामों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया



है। उनके पास से ड्रग्स बरामद हुए हैं।

नेहा नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली में एक ब्यूटी पार्लर चलाती थी। दिल्ली पुलिस अब उससे लॉरेंस गैंग और हाशिम बाबा नेटवर्क के बीच ड्रग लिंक के बारे में पूछताछ कर रही है।

**सिद्धू मूसेवाला के मूवमेंट और रूट की दी थी जानकारी**

स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, बॉबी कबूतर ने मूसेवाला की मूवमेंट और रूट की जानकारी एकत्र की और बाद में यह सूचना हमलावरों तक पहुंचाई गई। 29 मई 2022 को दिनदहाड़े सिद्ध मूसेवाला की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट लंबे ने सर्विलांस के बाद उसे दबोचा। इस दौरान की उसकी गलफ्रेंड खुशनुमा अंसारी उर्फ नेहा और दो साथी भी साथ थे। ये चारों एसयूपी कार से जा रहे थे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मूसेवाला हत्याकांड में नाम सामने आने के बाद बॉबी कबूतर अंडरग्राउंड हो गया था। पहचान और ठिकाना बदलने की वजह से अब तक वह पकड़ में नहीं आ पा रहा था।

दिल्ली के सीलमपुर इलाके में हुए डबल मर्डर और ग्रेटर कैलाश इलाके में जिम के बाहर किए गए नादिर शाह मर्डर केस में भी बॉबी कबूतर आरोपी था। दिल्ली के नार्थ ईस्ट इलाके के बड़े गैंगस्टर हाशिम बाबा के लिए बॉबी कबूतर लिए काम करता है और वो लॉरेंस बिश्नोई के लिए काम करता है।

**दिशा पाटनी के घर फायरिंग केस में भी सामने आया था नाम**

पुलिस के मुताबिक बॉबी कबूतर ने बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी के यूपी के बरेली में घर फायरिंग करने बाले शूटर्स को हथियार मुहैया करवाए थे। दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग में इस्तेमाल हथियार विदेश से आए थे।

पाटनी के घर फायरिंग मामले में हरियाणा के दो शूटर रविंद्र निवासी गांव काहनी (रोहतक) और अरुण निवासी मयूर विहार (सोनीपत) एनकाउंटर में मारे गए थे, जबकि तीन गिरफ्तार हुए थे। बॉबी कबूतर से यह पूछताछ की जा रही है कि उसने किस के कहने पर शूटर्स को हथियार मुहैया करवाए थे।

**चौहान बंगर इलाके का रहने वाला, इस तरह पड़ा नाम बॉबी कबूतर**

दिल्ली पुलिस ने बताया कि महफूज उर्फ बॉबी कबूतर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चौहान बंगर इलाके का रहने वाला है। वह अपने घर की छत पर कबूतर पाला करता था।

स्थानीय लोग उसे 'बॉबी कबूतर' कहकर बुलाते थे, जो नाम बाद में पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हो गया।

कबूतर लगभग एक दशक से दिल्ली पुलिस की वांछित सूची में था। कई छापों के बावजूद गिरफ्तारी से बचता रहा था। चौहान बंगर की संकरी गलियां और आपस में जुड़ी हुई छतें अक्सर उसे छापेमारी के दौरान पुलिस से बचने में सहायक होती थीं।

# नहर में गिरी कार, 4 की मौत

### इनमें 2 लॉ स्टूडेंट, लाश गाड़ी में फंसी रही, क्रेन से निकाला गया

मथुरा, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मथुरा में बेकाबू कार नहर में गिर गई। हादसे में 2 लॉ स्टूडेंट समेत 4 युवकों की मौत हो गई। सभी शादी में शामिल होने डीग जा रहे थे। रास्ते में ड्राइवर मोड़ नहीं देख पाया और कार 20 फीट गहरी नहर में जा गिरी।

स्थानीय लोगों ने कार को नहर में गिरते देखा और दौड़कर मौके पर पहुंचे। तुरंत बचाव कार्य में जुट गए और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले स्थानीय लोगों ने 2 लड़कों को गाड़ी का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाल लिया।

इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ, लेकिन दो युवकों को नहीं निकाला जा सका। इसके बाद क्रेन मंगाकर कार को बाहर निकाला गया। तब जाकर दोनों युवकों के शव कार से बाहर निकाले गए। हादसा बुधवार देर रात मगोर्रा थाना के पास हुआ।

मृतकों की पहचान राहुल (23), अमित (22) और मोहित के रूप में हुई है। एक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। अमित और मोहित लॉ की पढ़ाई कर रहे थे, जबकि राहुल सिलाई का काम करता था। कार राहुल वर्मा के एडवोकेट भाई सज्जन सिंह की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात चारों युवक फ्रॉन्क्स कार (UP 85 CV 9856) से महावन से गोवर्धन होते हुए बाईपास मार्ग से डीग जा रहे थे। रास्ते में मोड़ आने के कारण ड्राइवर आगे का रास्ता सही से नहीं देख पाया। अचानक मोड़ आने से चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार सीधे नहर में जा गिरी। गाड़ी के नहर में गिरने की आवाज सुनते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने गाड़ी से दो युवकों को बाहर निकाला, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल टीम ने क्रेन की मदद से गाड़ी को बाहर निकाला।

# रिश्वतखोर इंस्पेक्टर बोला-डील 1.5 लाख की, 75 हजार क्यों लाए?

### पकड़ा गया तो गिड़गिड़ाया, बोला- बदनामी होगी

प्रयागराज, 19 फरवरी (एजेंसियां)। प्रयागराज में एंटी करप्शन टीम ने बुधवार को बारा थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) को 75 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गुरुवार को अदालत में पेशी के बाद आरोपी को नैनी जेल भेज दिया गया।

एंटी करप्शन टीम ने आरोपी इंस्पेक्टर विनोद कुमार सोनकर को रंगे हाथ पकड़ने के लिए करीब सवा पांच घंटे का ऑपरेशन चलाया था। ऑपरेशन सुबह 9:23 बजे शुरू हुआ और दोपहर 2:40 बजे निरीक्षक की गिरफ्तारी के साथ समाप्त हुआ।

जब शिकायककर्ता संतोष कुमार दुबे ने इंस्पेक्टर को 75 हजार रुपए दिए तो वह और रकम की मांग करने लगा। उसने कहा



कि कुल डेढ़ लाख रुपए की बात हुई थी। तभी एंटी करप्शन टीम ने उसे दबोच लिया।

एंटी करप्शन टीम ने बताया कि टीम बुधवार सुबह 9:23 बजे कलेक्ट्रेट पहुंची। वहां डीएम से मिलकर दो स्वतंत्र सरकारी गवाह की मांग की। डीएम के आदेश पर चकबंदी कार्यालय में तैनात दो जूनियर असिस्टेंट गवाह के रूप में उपलब्ध कराए गए।

इसके बाद टीम उन्हें लेकर एंटी करप्शन कार्यालय पहुंची। वहां शिकायतकर्ता संतोष के नोटों पर फेनोल्फ्थलीन पाउडर लगाया गया। औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दोपहर 12:32 बजे ट्रैप टीम रवाना हुई। टीम में तीन इंस्पेक्टर, एक सब-इंस्पेक्टर और 13 कांस्टेबल/हेड कांस्टेबल शामिल थे।

योजना के अनुसार शिकायतकर्ता संतोष कुमार दुबे ने आरोपी इंस्पेक्टर को फोन किया। इंस्पेक्टर ने संतोष से थाने आने को कहा। इस पर ट्रैप टीम शिकायतकर्ता के साथ थाने पहुंची। शिकायतकर्ता को एक लोकसेवक गवाह के साथ थाने के अंदर भेजा गया।

उस समय आरोपी इंस्पेक्टर जनसुनवाई में बैठा था। शिकायतकर्ता को देखते ही उसने अपने ऑफिस की ओर जाने का इशारा किया। जनसुनवाई समाप्त होने के बाद वह अपने ऑफिस में गया। शिकायतकर्ता ने रुपये से भरा लिफाफा उसे सौंपा। आरोपी ने लिफाफा अपनी मेज की बाईं दराज में रख लिया।

ट्रैप टीम के सदस्य थाना परिसर में अलग-अलग स्थानों पर पहचान छिपाकर खड़े थे। कुछ सदस्य प्रभारी निरीक्षक कक्ष के दरवाजे के बाहर लगे शीशे से अंदर की गतिविधि पर नजर रख रहे थे। जैसे ही इंस्पेक्टर ने रुपए दराज में रखे, ट्रैप टीम भीतर पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। नोटों से भरा लिफाफा भी टीम ने कब्जे में ले लिया।

## शिक्षक की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

गिरिडीह, 19 फरवरी (एजेंसियां)। गिरिडीह-पचंबा मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूल जा रहे शिक्षक की कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा पंचम्बा थाना क्षेत्र स्थित वन विभाग कार्यालय के पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गनीमत रही कि चालक शिक्षक मदन कुमार रत्न को गंभीर चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिसके बाद आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार कार संख्या JH-11AS-6524 के मालिक शिक्षक मदन कुमार रत्न प्रतिदिन की तरह गुरुवार को मधैया टोला प्राथमिक उच्च विद्यालय जा रहे थे।

# 'बच्चा चोरों को पकड़ो', एक अफवाह और 5 दिन में 12 से ज्यादा निर्दोष बने निशाना

रांची, 19 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में बच्चा चोरी की अफवाहों ने खतरनाक रूप ले लिया है। रांची में गुरुवार को महज शक के आधार पर तीन निर्दोष लोगों को भीड़ ने घेरकर पीट दिया। मामला एदलहातु का है, जहां दो महिलाओं और एक पुरुष पर बच्चा चोरी का आरोप लगाकर हमला किया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से तीनों की जान बच सकी।

प्रारंभिक जांच में किसी संगठित बच्चा चोरी गिरोह की पुष्टि नहीं हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दो महिलाएं और एक पुरुष ऑटो से एक बच्चे को लेकर जा रहे थे। बच्चा रो रहा था। इसी दौरान किसी ने बच्चा चोरी का शोर मचा दिया। अफवाह फैलते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बिना तथ्य की पुष्टि किए ऑटो को रोककर तीनों को नीचे उतार लिया। देखते ही देखते भीड़ उग्र हो गई और मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने हस्तक्षेप कर तीनों को भीड़ से मुक्त कराया और थाने ले आई। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चा चोरी का कोई प्रयास हुआ था या नहीं। मामले की जांच जारी है और संबंधित पक्षों से पूछताछ की जा रही है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में बच्चा चोर गिरोह के सक्रिय होने की अफवाहें सोशल मीडिया, विशेषकर व्हाट्सएप के जरिए तेजी से फैल रही हैं। बीते पांच दिनों में धनबाद, चतरा, जमशेदपुर, जामताड़ा, गिरिडीह, रामगढ़, लातेहार और बोकारो से भीड़ द्वारा संदेह के आधार पर लोगों की पिटाई की 12 से ज्यादा घटनाएं सामने आई हैं।

चतरा जिले के पिपरवार में तीन दिन पहले बच्चा चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बाद में पता चला कि जिस व्यक्ति को भीड़ ने मार डाला, वह विक्षिप्त था। बुधवार को धनबाद के बाघमारा थाना क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाह में भीड़ ने दो महिलाओं पर हमला किया। बाद में पुलिस दोनों महिलाओं को भीड़ से बचाकर थाने तक सुरक्षित लेकर आई। 16 फरवरी को बोकारो में बच्चा चोर गैंग से जुड़े होने के आरोप में लोगों ने छह महिलाओं की पिटाई कर दी। झारखंड पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध सूचना की पुष्टि किए बिना कानून हाथ में न लें और तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# स्पीकर प्रेम कुमार समेत 42 विधायकों को हाईकोर्ट का नोटिस

### चुनाव के दौरान नॉमिनेशन में गलत जानकारी देने का आरोप




पटना, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पटना हाईकोर्ट ने पक्ष और विपक्ष के 42 विधायकों को नोटिस जारी करते हुए जवाब तलब किया है। इन 42 विधायकों में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, ऊर्जा मंत्री विजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जीवेश मिश्रा, विधायक चेतन आनंद और गोह से राजद विधायक अमरेंद्र प्रसाद के नाम शामिल हैं।

इन विधायकों पर चुनाव के दौरान वोट चोरी करने और नॉमिनेशन के दौरान चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बताया जा रहा है कि संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने वाले उम्मीदवारों ने जीते हुए विधायकों के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

कोर्ट ने चुनावी हलफनामे में कथित गलत जानकारी देने और चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता के आरोपों को लेकर उनसे जवाब मांगा है। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए सभी संबंधित विधायकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना स्पष्टीकरण दाखिल करने का निर्देश दिया है।

जानकारी के अनुसार, संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने वाले प्रत्याशियों ने हाईकोर्ट में चुनाव याचिकाएं दायर की थीं। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता बरती गई और नामांकन के समय दाखिल किए गए शपथपत्र में तथ्यों को छुपाया गया या गलत जानकारी दी गई। इन्हीं आरोपों के आधार पर अदालत में याचिकाएं दाखिल की गईं। जिसके बाद गुरुवार को इन याचिकाओं पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने भी संबंधित विधायकों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अब अदालत में दाखिल किए जाने वाले जवाब, साक्ष्य और दस्तावेजों के आधार पर मामले की आगे की सुनवाई होगी।

हाईकोर्ट के नोटिस के बाद कई विधायक मीडिया के सवालों से बचते नजर आए। अधिकांश विधायकों ने कहा कि वे अपना जवाब अदालत में ही देंगे।

अभिषेक रंजन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "अगर किसी को लगता है कि उसके साथ अन्याय हुआ है तो कोर्ट जाना उसका अधिकार है। अब क्या निर्णय होगा, यह अदालत तय करेगी।"

## पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और उनकी पत्नी हिरासत में

हजारीबाग, 19 फरवरी (एजेंसियां)। हजारीबाग जिले के बड़कागांव में गुरुवार को झारखंड के पूर्व मंत्री और बड़कागांव के पूर्व विधायक योगेंद्र साव तथा उनकी पत्नी निर्मला देवी को पगार ओपी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बताया गया कि उन्हें बाद में केरेडारी थाना ले जाया गया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, योगेंद्र साव और निर्मला देवी पिछले कई दिनों से पगार स्थित एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोल खनन परियोजना के गेट पर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। वे अपनी जमीन के मुआवजे और स्थानीय लोगों के अधिकारों की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। धरना स्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों और एनटीपीसी प्रबंधन के साथ उनकी कई बार नोकझोंक भी हुई थी। पुलिस ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एहतियातन यह कार्रवाई की गई है।

# कलेक्ट्रेट घेरने निकले कांग्रेसियों की पुलिस से झूमाझटकी

### कार्यकर्ताओं ने घेराबंदी-बैरिकेड तोड़ा, मनरेगा बचाओ संग्राम में शक्ति-प्रदर्शन, विजय बोले-गांधी नाम से डरती है सरकार

बिलासपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार की तरफ से मनरेगा का नाम बदलने और एक्ट बनाने के विरोध में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस ने आज बिलासपुर में प्रदर्शन किया। मनरेगा बचाव संग्राम नाम से नेहरू चौक पर सभा की, फिर शक्ति प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट का घेराव निकल गए। जिन्हें पुलिस ने स्टेट बैंक ब्रांच के पास सड़क पर बैरिकेड लगाकर रोकने की कोशिश की।

लेकिन पुलिस की घेराबंदी भेदकर कांग्रेसी आगे बढ़ गए हैं। इस दौरान पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झड़प और झूमझटकी हुई। हालांकि, कलेक्ट्रेट घेरने में कांग्रेसी नाकाम रहे। जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कहा कि, मांगे पूरी नहीं होगी तो सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन जारी रहेगा। सरकार गांधी नाम से डरती है।



पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि, बीजेपी सरकार गांधी के नाम से डरती है। चाहे वह महात्मा गांधी हों, राजीव गांधी हों, इंदिरा गांधी हों या राहुल गांधी हों। उन्हें रोकने की कोशिश हुई। जब जब इस देश में बीजेपी गांधी को रोकने की कोशिश करेगी, तब तक नाथूराम गोडसे की विचारधारा नहीं चलने वाली है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि, केंद्र सरकार मनरेगा योजना को कमजोर कर रही है। उसकी जगह नया काला कानून लागू किया गया है। इस फैसले से ग्रामीण मजदूरों को सीधा नुकसान हो रहा है। नेताओं ने मांग की कि कथित काला कानून को तत्काल हटाया जाए। देश में पहले की तरह मनरेगा व्यवस्था को मजबूत किया जाए। मीडिया से चर्चा के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि, मनरेगा ग्रामीण परिवारों की आजीविका का बड़ा सहारा है। यदि यह व्यवस्था कमजोर होती है, तो मजदूरों को दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। इससे छोटे-छोटे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है और बेरोजगारी की समस्या बढ़ती है।

प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि, वे गरीब और मजदूर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ते रहेंगे। कार्यक्रम में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी देखने को मिली। वहीं, बिलासपुर अपर कलेक्टर शिव बनर्जी का कहना है कि, प्रदर्शन के दौरान कोई भी ऐसी स्थिति नहीं बनी है, जिससे कानून व्यवस्था बिगड़े। कांग्रेस ने शांति पूर्ण प्रदर्शन किया। आगे की परिस्थिति के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, प्रदर्शन के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता और नेता एक साथ अपने-अपने घरों की ओर निकलने लगे।

# हंसपुर हत्याकांड: महंत ने मानवाधिकार आयोग से की जांच की मांग

सरगुजा/बलरामपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बलरामपुर के हंसडांड में एसडीएम और गुर्गों की पिटाई से ग्रामीण की मौत के मामले में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को पत्र लिखकर जांच की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष के इस कदम का स्वागत करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा कि न्याय में देरी अन्याय के बराबर है।

मामले में एसडीएम और उनके साथियों के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया है और उन्हें जेल भेज दिया गया है। हंसपुर में बाक्साइट के अवैध उत्खनन के विवाद पर कुसमी एसडीएम करुण



डहरिया और गुर्गों ने तीन ग्रामीणों की पिटाई कर दी थी। इनमें एक ग्रामीण राम नरेश उरांव (60 वर्ष) की मौत हो गई थी। दो अन्य घायलों का इलाज कुसमी हॉस्पिटल में किया जा रहा है। मामले की जांच के लिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने जांच कमेटी भी बनाई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूरे मामले में उच्च स्तरीय जांच और कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को पत्र लिखा है। महंत ने इस घटना को मानवता पर कलंक बताते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# लक्ष्मीकांत बाजपेई बोले- चोटी खींचना महापाप

वाराणसी, 19 फरवरी (एजेंसियां)। काशी में भाजपा की महापाठशाला चल रही है। इसमें यूपी, उत्तराखंड और बिहार के 210 पदाधिकारियों को बुलाया गया है। संगठन के बड़े पदाधिकारी विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीतने के गुर सिखा रहे हैं।

कॉपी-पेन के साथ ही पदाधिकारियों को प्रवेश दिया गया। सभी के मोबाइल जमा करा लिए गए हैं। लेट पहुंचने पर पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को एंट्री नहीं मिली।

महापाठशाला का पहला सत्र पूरा हो चुका है। इसके बाद पदाधिकारी लंच करने के लिए बाहर आए। थोड़ी देर बाद दूसरा



सत्र शुरू होगा। बाहर आए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेई ने बटुकों से जुड़े सवाल पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि चोटी खींचना महापाप है। इसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए।

वहीं, रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि दोनों डिप्टी सीएम कह रहे हैं, तो शंकराचार्य को भी मान जाना चाहिए। बटुकों की चोटी खींचने की घटना को उन्होंने भी गलत बताया। कहा- किसी के आत्मसम्मान को चोट नहीं पहुंचानी चाहिए।

इससे पहले सुबह दिल्ली और लखनऊ से पहुंचे पार्टी के कई बड़े नेताओं ने बाबा काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में मत्था टेका।

इसके बाद सारनाथ स्थित प्रशिक्षण स्थल पहुंचे और सत्र में शामिल हुए। सभी आज रात मां गंगा की आरती में भी शामिल होंगे। काशी में भाजपा की महापाठशाला समाप्त होने के बाद उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। इस दौरान उन्होंने हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन किया।

# 12वीं टॉपर ने माता-पिता, भाई को मार डाला

बैतूल, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बेटे ने अपने मां-बाप और भाई को मार डाला। पांच साल के भांजे को भी मारने की कोशिश की। मर्डर के बाद दरवाजा बंद कर लाशों के पास बैठा रहा। फर्श और दीवारों पर खून के कतरे बिखरे मिले हैं। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, मृतकों की पहचान पिता राजू उर्फ हंसू धुर्वे (55), मां कमलती धुर्वे (40) और भाई दिलीप धुर्वे (40) के रूप में हुई है। तीनों सांवगा गांव के रहने वाले थे। वहीं 5 वर्षीय भांजे प्रशांत परते गंभीर बताई जा रही है।

पड़ोसियों के मुताबिक गुरुवार दोपहर तक दरवाजा घर का दरवाजा नहीं खुला तो अनहोनी का शक हुआ। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने नहीं खोला। जब ग्रामीण दरवाजा तोड़कर घर के अंदर गए, तो आरोपी दीपक धुर्वे घटनास्थल पर ही मौजूद था। इस दौरान वह तीनों शवों के पास चुपचाप बैठा मिला। मौके पर एक बिल्ली का शव भी मिला है। आशंका है कि बिल्ली को भी मार दिया है।

वारदात की जानकारी पड़ोसियों ने फौरन कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि दीपक का मानसिक संतुलन पिछले 4-5 साल से ठीक नहीं था।



# अमेरिका में खाने के लाले! दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी के साथ 75 साल में पहली बार हुआ ऐसा



नई दिल्ली,19 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि दुनिया भर के देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी की तिजोरी भरने लगी है और उसका ट्रेड डेफिसिट 78% घट गया है। उनका कहना है कि इस साल उनका देश ट्रेड सरप्लस की स्थिति में आ जाएगा। लेकिन इस बीच अमेरिका में एक बड़ा संकट पैदा हो गया है। डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर यानी यूएसडीए के मुताबिक देश में मवेशियों और बछड़ों की संख्या 8.5 करोड़ रह गई है जो 1951 के बाद सबसे कम है। विभाग के मुताबिक साल 1975 में अमेरिका में मवेशियों और बछड़ों की इनवेंट्री पीक पर 13 करोड़ थी। उसके मुकाबले अब यह 4.5 करोड़ कम रह गई है। 2020 की तुलना में इस संख्या में 1 करोड़ की गिरावट आई है। देश में बीफ और बछड़ों की मीट की कीमत पिछले साल जनवरी के मुकाबले 15 फीसदी बढ़ गई है। यह फूड बास्केट में आई सबसे बड़ी तेजी में से एक है। इस दौरान चिकन की कीमत में महज 1.1 फीसदी तेजी आई है जबकि दूध की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**फिलहाल नहीं मिलेगी राहत**

माना जा रहा है कि अगर डेयरी किसान मवेशियों की संख्या बढ़ाना शुरू करते हैं तो नई खेप 2028 से पहले ग्रॉसरी शेल्फ तक नहीं पहुंच पाएगी। इस संकट के कारण देश में बीफ की कीमत में अभूतपूर्व तेजी आ रही है। अमेरिका में प्रति व्यक्ति बीफ की खपत करीब 58.1 पौंड है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में देश में प्रति व्यक्ति बीफ की खपत में गिरावट आई है। 1970 के दशक में यह 80 पौंड प्रति व्यक्ति से अधिक थी। इसके बावजूद अमेरिका दुनिया में बीफ के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में शामिल है।

# रूसी तेल की आड़ में भारत को निशाना बनाना गलत ट्रंप की नीति की अमेरिकी सांसद ने की आलोचना



नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)।अमेरिका के वरिष्ठ सांसद ब्रैड शेरमन ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस नीति की आलोचना की है, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल खरीद के मुद्दे पर टैरिफ लगाए जाने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि ट्रंप भारत पर अनुचित और भारी टैरिफ लगाने के लिए बहाने ढूंढ रहे हैं और इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाना चाहिए।

**हंगरी अपने कच्चे तेल का करीब 90 प्रतिशत रूस से करता है आयात**

हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी और हाउस फाइनेंशियल सर्विसेज कमेटी के सदस्य शेरमन ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप का दावा है कि भारत पर टैरिफ का कारण रूस से तेल आयात है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि हंगरी अपने कच्चे तेल का करीब 90 प्रतिशत रूस से आयात करता है, फिर भी उस पर ऐसे टैरिफ नहीं लगाए गए। वहीं, रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार चीन भी इस आधार पर प्रतिबंधों का सामना नहीं कर रहा है।

**भारत को अलग तरीके से बनाया जा रहा निशाना**

शेरमन ने कहा कि भारत रूस से केवल लगभग 21 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसके बावजूद एक सहयोगी देश को अलग तरीके से निशाना बनाया जा रहा है।

उन्होंने राष्ट्रपति से इस नीति को तुरंत पलटने की मांग की। इस महीने की शुरुआत में अमेरिका और भारत ने एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे पर सहमति जताई थी, जिसके बाद ट्रंप ने भारत द्वारा रूसी तेल खरीद पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक टैरिफ को हटाने से संबंधित एक कार्यकारी आदेश जारी किया। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा था कि नई दिल्ली ने सीधे या परोक्ष रूप से मॉस्को से ऊर्जा आयात कम करने और अमेरिकी ऊर्जा उत्पाद खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है। इस व्यापार समझौते के तहत वॉशिंगटन ने भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ को 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है।

# शेयर बाजार में हाहाकारी गिरावट

## सेंसेक्स 1236 अंक टूटा, निफ्टी 25500 के नीचे

मुंबई,19 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच गुरुवार को भारतीय बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। लगातार तीन दिनों से जारी तेजी का सिलसिला रुकते हुए, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1236.11 अंक या 1.48 प्रतिशत गिरकर 82,498.14 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 365.00 अंक या 1.41 प्रतिशत गिरकर 25,454.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इंडिगो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, अदानी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, आईटीसी, इटरनल और पावरग्रिड प्रमुख रूप से पिछड़ने वाली कंपनियां रहीं। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव ने वैश्विक बाजार की भावना को अस्थिर कर दिया, जिससे व्यापक स्तर पर बिकवाली हुई और भारतीय बाजार में मंदी का माहौल छा गया। उन्होंने आगे कहा कि ब्रेंट क्रूड की कीमत साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, जिससे मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएं बढ़ गई हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात अवरुद्ध होने के डर से बाजार में अस्थिरता बढ़ गई है। नायर ने कहा कि इसी बीच, अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की दिशा को लेकर अनिश्चितता और रुपये की निरंतर कमजोरी ने घरेलू बाजार को प्रभावित किया।

प्रमुख एशियाई बाजारों में चंद्र नव वर्ष की छुट्टी के कारण विदेशी निवेशकों की कम भागीदारी और भारत में क्षेत्रीय बैंकिंग अवकाश के कारण कारोबार बंद रहने से बिकवाली तेज हो गई। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 3 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। हांगकांग और मुख्य भूमि चीन के बाजार चंद्र नव वर्ष की छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में सत्र के मध्य में गिरावट देखी जा रही है। अमेरिकी शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 71.07 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 1,154.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने भी 440.34 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# मुकेश अंबानी का बड़ा ऐलान, एआई में 10लाख करोड का निवेश करेंगे, आगामी 7 साल का प्लान भी तय किया



नई दिल्ली,19 फरवरी (एजेंसियां)। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा है कि उनका ग्रुप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की लागत को उसी तरह कम करेगा, जैसे मोबाइल डेटा की कीमत कम हुई थी। उन्होंने बताया कि रिलायंस ग्रुप की कंपनी जियो और आरआईएल मिलकर अगले 7 सालों में 10 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। यह बात उन्होंने एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में कही। अंबानी ने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर अभी आना बाकी है और इसके आने से काम खत्म नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई कुछ लोगों के हाथों में ताकत केंद्रित करेगा या यह सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण करेगा? उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर अभी आना बाकी है। एआई 'सुपर अबंडेंस' का युग ला सकता है।

**पैदा होंगी नई नौकरियां**

गुरुवार को इंडिया एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में मुकेश अंबानी ने यह भी कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रोजगार के क्षेत्र को बदलेगा। यह बड़े पैमाने पर नौकरियों के नुकसान का कारण बनने के बजाय नई, विशेष भूमिकाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा, 'हम यह साबित करेंगे कि एआई नौकरियां नहीं छीनेगा। बल्कि, यह नए उच्च-कुशल काम के अवसर पैदा करेगा।' उन्होंने कहा कि भारत के पास कुशल पेशेवरों का एक विशाल भंडार है और इसका बढ़ता डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर देश को समावेशी विकास और निरंतर आर्थिक प्रगति के लिए एआई का लाभ उठाने की मजबूत स्थिति में रखता है।

**जामनगर में हो गई है शुरुआत**

अंबानी ने बताया कि डेटा सेंटर का निर्माण कार्य पहले ही जामनगर में शुरू हो चुका है। साल 2026 के अंत तक 120 मेगावॉट क्षमता शुरू करने का लक्ष्य है। इसे आगे गीगावॉट स्तर तक बढ़ाया जाएगा। यह पूरा ढांचा ग्रीन एनर्जी पर आधारित होगा। अंबानी ने एआई को आगे बढ़ाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# चीन के भरोसे नहीं बैठेगा भारत, रेयर अर्थ मेटल का निकाल लिया तोड़!



नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। भारत को रेयर अर्थ मेटल के लिए अब ज्यादा दिन तक चीन के भरोसे नहीं रहना होगा।

भारत अब एक अहम कदम उठाने जा रहा है। केंद्रीय खनन मंत्री जी। किशन रेड्डी ने घोषणा की है कि देश इस साल के आखिर तक रेयर अर्थ पर्मानेंट मैग्नेट यानी दुर्लभ धातुओं से बने स्थायी चुंबकों का उत्पादन शुरू कर देगा। यह काम निजी कंपनियों के साथ मिलकर किया जाएगा, ताकि तकनीक और निवेश दोनों का सही तालमेल हो सके। सरकार पहले ही करीब 73 अरब रुपये के विशेष कार्यक्रम को मंजूरी दे चुकी है, जिसका मकसद देश में ही इन चुंबकों का निर्माण बढ़ाना है। अभी तक भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। ये चुंबक इलेक्ट्रिक वाहनों, एयरोस्पेस, रक्षा उपकरणों और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में उपयोग होते हैं। आने वाले वर्षों में इनकी मांग तेजी से बढ़ने वाली है। ईवी सेक्टर में होने वाले विस्तार से इसकी डिमांड बढ़ सकती है।मंत्री ने बताया कि खनन मंत्रालय और एक सरकारी संस्था ने इन स्थायी चुंबकों को बनाने की तकनीक तैयार कर ली है। इसके साथ ही चार राज्यों में महत्वपूर्ण खनिजों को प्रोसेस करने के लिए नए संयंत्र लगाने की योजना बनाई गई है। इससे देश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और स्थानीय उद्योगों को मजबूती मिलेगी। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, भारत के पास 6.9 मिलियन टन का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दुर्लभ धातु भंडार है, लेकिन अब तक निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी के कारण इसका पूरा उपयोग नहीं हो पाया। देश में रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट की खपत 2030 तक दोगुनी होने की उम्मीद है, लेकिन देश अपनी मांग मुख्य रूप से इंपोर्ट से पूरी करता है। चीन इस क्षेत्र में 90 प्रतिशत तक प्रोसेसिंग नियंत्रित करता है। हाल ही में वहां से सप्लाई प्रभावित होने के बाद भारत ने आत्मनिर्भर बनने की दिशा में यह बड़ा फैसला लिया है। यह कदम न केवल आयात कम करेगा, बल्कि देश को रणनीतिक तौर पर भी मजबूत बनाएगा।

# दैनिक पंचांग

गृह गोचर




श्री सिद्धार्थी (विश्वावसु) नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे ,ऋतु- शिशिर
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि - 432000
भोग्य कलि वर्ष. - 426874
कलियुग संवत् - 5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् - 1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् - 1955885126
सूर्योदय 06-45
सूर्यास्त. 18 -14
दिशाशूल - पश्चिम - दही खाकर घर से निकले
मास - फाल्गुन शुक्ल पक्ष शुक्रवार 20 February 2026
तिथि - तृतीया 14-38 तक उपरान्त चतुर्थी
नक्षत्र - उ.भाद्रपद 20-07 तक उप रेवती
योग - साध्य 18-23 तक उप. शुभ
करण - गर 14-38 तक. वणिज

| गृह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सुर्य | वृश्चिक | मे |
| चंद्र | मीन | मे |
| मंगल | वृश्चिक | मे |
| बुध | वृश्चिक | मे |
| गुरु | मिथुन | मे |
| शुक्र | वृश्चिक | मे |
| शनि | मीन | मे |
| राहु | कुंभ | मे |
| केतु | सिंह | मे |

| लग्नारभ समय | | |
|---|---|---|
| वृश्चिक | 05-18 | बजे |
| धनु | 06-18 | बजे |
| मकर | 07-57 | बजे |
| कुंभ | 09-33 | बजे |
| मीन | 11-17 | बजे |
| मेष | 13-17 | बजे |
| वृष | 15-30 | बजे |
| मिथुन | 17-42 | बजे |
| कर्क | 19-49 | बजे |
| सिंह | 21-54 | बजे |
| कन्या | 00-04 | बजे |
| तुला | 02-17 | बजे |

पंचक

विशेषः- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका हमें दिखावे व पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

राहुकाल 11-03 से 12-30 तक

पं.महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| चंचल | 06-45 - 08-09 | शुभ |
| लाभ | 08-09 - 09-36 | शुभ |
| अमृत | 09-36 - 11-03 | शुभ |
| काल | 11-03 - 12-30 | अशुभ |
| शुभ | 12-30 - 13-57 | शुभ |
| रोग | 13-57 - 15-24 | अशुभ |
| उत्पात | 15-24 - 16-51 | अशुभ |
| चंचल | 16-51 - 18-14 | शुभ |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग | 18-14 - 19-51 | अशुभ |
| काल | 19-51 - 21-24 | अशुभ |
| लाभ | 21-24 - 22-57 | शुभ |
| उत्पात | 22-57 - 00-30 | अशुभ |
| शुभ। | 00-30 - 02-02 | शुभ |
| अमृत | 02-02 - 03-35 | शुभ |
| चंचल | 03-35 - 05-08 | शुभ |
| रोग | 05-08 - 06-45 | अशुभ |

# टाटा समूह के चेयरमैन चंद्रशेखरन ने कहा- हम बना रहे भारत का पहला बड़े पैमाने का एआई डेटा सेंटर

नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि टाटा ग्रुप सिलिकॉन और सिस्टम से लेकर एआई-रेडी डेटा सेंटर, एप्लिकेशन और एआई एजेंट तक हर स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को तेजी से अपना रहा है। उन्होंने इसे एक रोमांचक और परिवर्तनकारी यात्रा बताते हुए कहा कि इस विजन को साकार करने के लिए भारत और दुनिया भर के प्रमुख वैश्विक साझेदारों के साथ सहयोग जरूरी होगा।

**एआई डेटा सेंटर को लेकर बड़ी घोषणा**

चंद्रशेखरन ने घोषणा की कि टाटा ग्रुप भारत का पहला बड़े पैमाने पर एआई-ऑप्टिमाइज्ड डेटा सेंटर विकसित कर रहा है, जिसे अगली पीढ़ी की एआई ट्रेनिंग और इंफरेंस की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुरुआती 100 मेगावाट क्षमता के निर्माण के लिए ओपनएआई के साथ साझेदारी की गई है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर एक गीगावाट तक विस्तार करने की योजना है।

**वैश्विक एंटरप्राइज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा**

उन्होंने कहा कि एआई का पब्लिक सर्विस डिलीवरी और वैश्विक एंटरप्राइज पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। आईटी इंडस्ट्री के संदर्भ में उन्होंने इसे टेक सेक्टर के लिए सबसे बड़ा अवसर बताते हुए कहा कि आईटी की असली ताकत हर एंटरप्राइज के बिजनेस, टेक्नोलॉजी लैंडस्केप और पूरे इकोसिस्टम की समझ में होती है, और एआई इस भूमिका को और मजबूत करेगा।




**एआई इंटेलिजेंस का इंफ्रास्ट्रक्चर है**

टाटा चेयरमैन ने एआई को एक बुनियादी तकनीक बताते हुए कहा कि यह सभी उद्योगों में काम करती है, डेटा से सीखती है और तेजी से स्केल हो सकती है।

उनके मुताबिक एआई इंटेलिजेंस का इंफ्रास्ट्रक्चर है, जिसका प्रभाव उतना ही गहरा होगा जितना कभी स्टीम इंजन, बिजली और इंटरनेट का रहा है।

**एआई का लक्ष्य क्या होना चाहिए**

उन्होंने जोर देकर कहा कि देश का लक्ष्य एआई को हर नागरिक तक पहुंचाने का होना चाहिए। उन्होंने भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम का उदाहरण देते हुए बताया कि बिना किसी तकनीकी पृष्ठभूमि वाली 1,500 ग्रामीण महिलाओं ने कुछ ही घंटों में एआई टूल्स सीखकर प्रोडक्ट और मार्केटिंग सामग्री तैयार कर ली।चंद्रशेखरन ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के तहत भारत ने एआई को एक रणनीतिक राष्ट्रीय क्षमता के रूप में आगे बढ़ाया है, जिसमें चिप्स, सिस्टम, ऊर्जा और एप्लिकेशन को साथ लेकर काम किया जा रहा है। उन्होंने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
कार्यालय का प्रेम आपको एक चुंबक की तरह आकर्षित कर रहा है , लेकिन कार्यालय काम करने के लिए है और अपनी भावनाओं को दिखाने के लिए नहीं है ये आपको याद रखने की जरुरत है। आपके सहकर्मी इस बात की सराहना नहीं करेंगे । यह एक मोह हो सकता है। आपने काम पर ध्यान लगाइये और अगर ये होना है तो यह निश्चित रूप से होगा।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आप अपने कैरियर की शुरुआत में हैं, इसलिए आपको सीढ़ी पर अगला कदम रखने और पीछे चले गए पथ को देखने की जरूरत है। इन स्थानों में की गई कोई गलती का भुगतान आपको बाद में करना पड़ सकता है । खुद के लिए कुछ प्रस्ताव बनाने के लिए समय निकालें । आपको विरासत में मिला धन का कुछ हिस्सा या पैसा प्राप्त हो सकता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आज आपका आत्मविश्वास और रचनात्मकता बहुत मजबूत है, जो आपको काम या पढ़ाई में साहसिक कदम उठाने के लिए प्रेरित कर रही है। आपको अचानक जल्दी से काम करने की इच्छा हो सकती है, इसलिए ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करें। आपकी कल्पना और सहज ज्ञान आपका अच्छा मार्गदर्शन करते हैं। सही क्षणों को पहचानने और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ने के लिए खुद पर भरोसा रखें।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आप पर अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों जीवन में भारी जिम्मेदारियों का भार है , इसलिए आपको अपने समय का प्रबंधन उचित तरीके से करना होगा हालाँकि आपके सहकर्मी आपकी मदद के लिए आगे आ सकते है अगर आप उनसे सहयोग की मांग करे , लेकिन अधिकता में कुछ न कहे क्योंकि एक बिंदु से आगे वे आपको न भी कह सकते है ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आप अपने काम से गहराई से जुड़ाव महसूस कर सकते हैं, और आपके कार्यों का मार्गदर्शन एक मज़बूत भावनात्मक भावना से होगा। आत्मविश्वास आपकी सफलता में सहायक होगा, लेकिन ध्यान रखें कि आप खुद को ज़रूरत से ज़्यादा न बढ़ाएँ। स्पष्ट और विचारशील संवाद महत्वपूर्ण है। परियोजनाओं में अनावश्यक प्रयास से बचें और पेशेवर या व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना ईमानदारी से करें।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपका ध्यान आज भटकने की संभावना है , हालाँकि आपका कार्य जमा होता जा रहा है, लेकिन आपका ध्यान अनुत्पादक गतिविधियों में लिप्त रहेगा , लेकिन फिर भी आपको आराम करने का अवसर नहीं मिल पायेगा क्योंकि जागरूकता और चिंता हमेशा आपके मन पर हावी रहेगी की आपका कार्य अभी अधूरा है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
अपने अहंकार को नियंत्रित करने से आपके करियर और पढ़ाई को लाभ होगा। तार्किक दृष्टिकोण अपनाएँ जिससे आपको उन्नति की एक श्रृंखला मिल सके। आध्यात्मिक जागरूकता को अपनाएँ, जो आपकी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने में आपकी मदद करती है। क्रूर प्रवृत्ति से सावधान रहें और सद्भाव बनाए रखने के लिए अहंकारी उद्देश्यों से बचें।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आपका करियर पथ उज्ज्वल रूप से चमकता है, पोषण ऊर्जा और एक सहायक वातावरण प्रदान करता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिससे आपको खुद को रचनात्मक रूप से व्यक्त करने में मदद मिलेगी। मान्यता और अपने पेशेवर आकांक्षाओं में वृद्धि की उम्मीद करें। हालाँकि, मानसिक क्षेत्र में लाभहीन अटकलों और संभावित नुकसान से सावधान रहें।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आपका तर्क और अनुशासन निरंतर प्रगति में सहायक होते हैं, जिससे आपको अपने क्षेत्र में सम्मान प्राप्त होता है। आपकी रचनात्मकता आपके काम में निखार लाती है और आपके विचारों को विशिष्ट बनाती है। आप दूसरों की आलोचना करने की प्रवृत्ति महसूस कर सकते हैं, इसलिए टीम वर्क में सहानुभूति रखें।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आपका कार्य जीवन ऊर्जा को पोषित करने, भावनात्मक बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने और आपके पेशेवर संबंधों में सहानुभूति द्वारा निर्देशित होता है। निर्णय लेने में अपनी प्रवृत्ति पर भरोसा करें। प्रमुख मोड़ आपको अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं, लेकिन चोट या तीव्र, कुंद आदान-प्रदान जैसे जोखिमों से सावधान रहें जो उपलब्धि के लिए आपकी इच्छा के साथ उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज का दिन अपने व्यावसायिक और वित्तीय गतिविधियों में बदलाव लाने का दिन है , इसलिए अगर कुछ इस तरह की आपकी योजना है तो अपने आप को तनावमुक्त रखे । आप अपना दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से शीर्ष प्रबंधकों के समक्ष रख पाने में समर्थ होंगे । यह अपने नियोक्ता से अपनी आय को बढ़ाने का उपयुक्त मौका है।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आप चुस्त , विश्वसनीय , दृढ़ और सक्रिय हैं। ये गुण आपको किसी भी साक्षात्कार में आगे रखने में आपकी मदद करेंगे । आप आज अगर किसी भी साक्षात्कार के लिए जा रहे हैं तो अपनी शारीरिक भाषा पर ध्यान दे । आज का दिन सफेद रंग शुभ है और अपने कपड़ों के कुछ हिस्से में यह रंग पहने । वित्तीय मामलों आज औसत रहेंगे ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र


# निवेशक दुकान और दफ्तर में नहीं, अब गोदाम और वेयरहाउस में लगा रहे हैं पैसा

बेंगलुरु,19 फरवरी (एजेंसियां)। इन दिनों मकान से ज्यादा दुकानों का किराया चढ़ रहा है। इसलिए कारोबारी रेसिडेंशियल रियल एस्टेट में निवेश करने के बजाय कॉमर्शियल रियल एस्टेट को तवज्जो दे रहे हैं। लेकिन कॉमर्शियल रियल एस्टेट में भी दुकान और ऑफिस के मुकाबले गोदामों या वेयरहाउस का धंधा ज्यादा चोखा हो रहा है। तभी तो भारतीय ही नहीं बल्कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स भी इसमें पैसा लगा रहे हैं।

इस प्रॉपर्टी बाजार की खूब पूछ हमारे सहयोगी ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स रियल एस्टेट , यानी गोदामों और सामानों के परिवहन से जुड़ा प्रॉपर्टी का बाज़ार, अब ऑफिस और रिटेल से ज़्यादा निवेशकों को लुभा रहा है। बड़े-बड़े ग्लोबल और भारतीय निवेशक अब इस सेक्टर में पैसा लगा रहे हैं क्योंकि उन्हें यहाँ से लंबे समय तक स्थिर कमाई की उम्मीद है। इन प्रॉपर्टीज़ को बड़े प्लेटफॉर्म के तौर पर तैयार किया जा रहा है, जहां लंबे समय के लिए लीज होती है और किरायेदार जल्दी नहीं बदलते हैं। इन प्लेटफॉर्म्स को भविष्य में आरईआईटी (रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट), इनविट (इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट) या सीधे शेयर बाजार में लिस्ट करने की तैयारी की जा रही है।

इस रिपोर्ट का कहना है कि अब बड़े-बड़े निवेशक सीधे बड़े लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म में पैसा लगा रहे हैं। इनमें ब्लैकस्टोन , जीआईसी, कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी जैसे ग्लोबल इन्वेस्टर्स शामिल हैं। इनके साथ ही, एचडीएफसी कैपिटल और कोटक इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स जैसे भारतीय निवेशक भी इन बड़े लॉजिस्टिक्स प्लेटफॉर्म को सहारा दे रहे हैं।हाल ही में ग्रांट थॉर्नटन भारत की एक स्टडी में भी यह बात सामने आई है कि पहले इन निवेशकों का रुझान सिर्फ जानकारी लेने में था। अब उससे आगे बढ़कर ये पक्के इरादे के साथ निवेश कर रहे हैं।

# सोना आज 3151 महंगा हुआ, 1.55 लाख पर पहुंचा : इस साल 21 हजार रुपए चढ़ा, चांदी एक दिन में 8,432 महंगी



नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। सोना-चांदी के दाम में आज 19 फरवरी को लगातार दूसरे दिन तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,151 रुपए बढ़कर होकर 1.55 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 8,432 रुपए बढ़कर 2.45 लाख पर पहुंच गई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 21,540 और चांदी 14,810 महंगी हो चुकी है।

इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था।

# नई सरकार बनते ही बांग्लादेश ने स्पाइसजेट पर लगाया 'बैन', बकाया भुगतन नहीं किया है




नई दिल्ली,19 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश ने स्पाइसजेट को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से रोक दिया है क्योंकि एयरलाइन ने अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

बांग्लादेशी हवाई क्षेत्र उपलब्ध न होने के कारण, एयरलाइन कोलकाता से गुवाहाटी सहित कुछ उड़ानों के लिए लंबे मार्ग अपना रही है। संपर्क करने पर, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने गुरुवार को कहा कि एयरलाइन परिचालन और प्रक्रियात्मक मामलों पर संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रही है, जिसमें दिशा-निर्देशन संबंधी शुल्क भी शामिल हैं।

प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'ये उद्योग से जुड़े सामान्य मुद्दे हैं और हम इनका शीघ्र समाधान निकालने के लिए रचनात्मक रूप से काम कर रहे हैं। हमारी उड़ान सेवाएं अप्रभावित हैं और हम नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप अपनी निर्धारित सेवाएं जारी रखे हुए हैं।' हालांकि, विशिष्ट विवरणों का खुलासा नहीं किया गया, सूत्रों ने बताया कि बकाया भुगतान न करने के कारण बांग्लादेश ने एयरलाइन को अपने हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से प्रतिबंधित कर दिया है। बकाया राशि के स्वरूप के बारे में तत्काल जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी।इस मुद्दे पर टिप्पणी मांगने के लिए बांग्लादेश नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएबी) को भेजे गए ईमेल का भी तत्काल कोई जवाब नहीं मिला। गुरुवार को फ्लाइट रडार 24 के आंकड़ों से पता चला कि कोलकाता से गुवाहाटी और इंफाल जाने वाली स्पाइसजेट की उड़ानें बांग्लादेश के हवाई क्षेत्र का उपयोग नहीं कर रही थीं और गंतव्यों तक पहुंचने के लिए लंबे मार्ग अपना रही थीं।



# सफाईकर्मी की बेटियों की शादी के लिए पूरा शहर साथ

## बेटियों की होगी भव्य शादी, अयोध्या से आएंगे महंत, हजारों कार्ड बंटे

सीकर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। सीकर शहर की एक गली में झाड़ू लगा रहे सफाईकर्मी राधेश्याम पिछले 20-25 साल से यही काम कर रहे हैं। उन्होंने शायद ही सोचा होगा कि जिस शहर में वे इतने साल से सफाई का जिम्मा उठा रहे हैं, एक दिन वही शहर उनकी बेटियों की भव्य शादी के लिए परिवार बनकर आगे आएगा। आज राधेश्याम के बेटियों निकिता और निशा की शादी की पूरे शहर में चर्चा है। इस शादी का जिम्मा उठाया है, सेठ अणतराम सिंघानिया चैरिटेबल ट्रस्ट ने।



एक महंगा मैरिज गार्डन बुक किया गया है। शहरभर में 5 हजार से ज्यादा कार्ड बांटे गए हैं। हजारों लोगों के लिए पकवान बनाए गए हैं। मंडप के रीति-रिवाज के लिए अयोध्या से महंतों को बुलाया गया है। शहर की वाल्मीकि बस्ती में सफाईकर्मी राधेश्याम के घर की रौनक ही अलग थी। छोटी-सी बैठक से लेकर पूरा घर रंग-बिरंगी चुनरियों से सजाया गया है।

बड़ी बेटी निशा (22) लाल-पीली चुनरी में सजी बैठी थी। उसके हाथों में गहरी मेहंदी रची है। सामने बैठी छोटी बहन निकिता (20) पीले दुपट्टे में मुस्कुरा रही है। दोनों एक-दूसरे को देख हंस पड़ती हैं। निशा अपने हाथों की मेहंदी को देख मुस्कुरा रही है। निकिता सहेलियों के बीच बैठी हैं। उन्हें महसूस हो रहा है कि वे अकेली नहीं हैं-पूरा शहर उनके साथ खड़ा है। निशा ने बताया कि जैसे ही हमारी शादी की बात शुरू हुई थी तब से पापा बहुत चिंता में रहते थे। महंगाई बहुत है और एक साथ दो बेटियों की शादी करना बहुत मुश्किल होता है। निकिता ने बताया कि मां-पापा सालों से थोड़े-थोड़े पैसे जमा कर रहे थे। जब उन्हें जोड़ा गया तो हमारे अनुमान से बहुत कम थे। मां तो कई बार टेंशन से रोने भी लगती थी। लेकिन अब सब अच्छा हो रहा है। सब लोग मेरे पापा की मदद कर रहे हैं। राधेश्याम ने बताया कि मेरी इनकम सीमित है। महीनेभर की कमाई से घर का खर्चा, दो बेटियों और दो छोटे बेटों की जिम्मेदारी- सब कुछ संतुलित करना आसान नहीं था। निशा ने दसवीं तक पढ़ाई की, फिर हालात ने उसे घर की जिम्मेदारियों में लगा दिया। निकिता ने सिर्फ पांचवीं तक ही पढ़ाई की है। जब बेटियों की शादी की बात तय हुई, तो घर में खुशी आई, लेकिन साथ ही चिंता भी थी।

लेकिन सवाल था-इतनी व्यवस्था कैसे होगी? जब उन्होंने अपनी मजबूरी सेठ अणतराम सिंघानिया चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद सिंघानिया को बताई तो उन्होंने मेरी चिंता को कम करते हुए कहा कि अब ये हमारे घर की शादी है आप निश्चिंत होकर घर जाओ। ये सुनने के बाद मेरी आंखों में आंसू आ गए। मैं उनका ये एहसान कभी नहीं भूल सकता हूं। मेरे पास पैसे नहीं थे, समझ नहीं आ रहा था बेटियों की शादी में खर्चा कैसे करूं। लेकिन मनोज चौधरी, प्रमोद सिघानियां ये वो नाम है जो भगवान बनकर आए मेरे लिए। पास में ही खड़ी दोनों बेटियों की मां साड़ी के पल्लू से आंसू पोंछते हुए बोलती है मैंने तो कभी सपने में भी नहीं सोचा था पूरा शहर मेरी बच्चियों को आशीर्वाद देगा।

राधेश्याम की दोनों बेटियों की शादी के लिए शहर में दयालबाग मैरिज गार्डन को चुना गया है। जहां हजारों बाराती-घराती एक साथ इस खुशी में शामिल होंगे।

सेठ अणतराम सिंघानिया चैरिटेबल ट्रस्ट की विनीता सिंघानिया अपने हाथों में मेहंदी लगवा रही थीं। विनिता ने कहा कि यह आयोजन सिर्फ दो बेटियों की शादी नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि समाज तब मजबूत होता है, जब हर वर्ग एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें। प्रमोद सिंघानिया गार्डन में शादी की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। उन्होंने बताया कि शादी समारोह के कार्ड में पंच परिवर्तन का जिक्र किया गया है।

शादी में बारातियों के लिए हर तरह के पकवान बनवाए जा रहे हैं। हलवाई गुलाब जामुन, काजू कतली, गूंद-गिरी का हलवा, दही बड़े, कचौरी, पुलाव, चाट आइटम सहित अन्य व्यंजन बनाने में जुटे हैं।

आयोजनकर्ताओं के अनुसार करीब 4 हजार से ज्यादा लोगों के खाने की व्यवस्था की गई है। ट्रस्ट की ओर से दोनों बेटियों को उनकी नई गृहस्थी के लिए साभी घरेलू सामान दिए जाएंगे। इसमें बेड, सोफा सेट, एलईडी टीवी, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, कूलर, मिक्सर ग्राइंडर, बर्तन सेट, दुल्हन के कपड़े और शादी के जोड़े। साथ ही दोनों दूल्हों को एक-एक बाइक भी गिफ्ट की जाएगी। समाजसेवी जितेंद्र सिंह कारंगा ने बताया हम सब अलग-अलग पृष्ठभूमि से जरूर आते हैं, लेकिन दिल से एक हैं।

## सियासी अदावत: फिर आमने-सामने हुए विधायक रविंद्र सिंह भाटी और हरीश चौधरी



बाड़मेर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। सियासत में न तो दोस्ती स्थाई होती है और न ही दुश्मनी। लेकिन बाड़मेर की राजनीति में इन दिनों 'विकास' के बहाने जो दांव-पेच चले जा रहे हैं, उसने सरगर्मी बढ़ा दी है। बता दें कि अभी कुछ ही दिन पहले एक ही मंच पर खिलखिलाते हुए गलबहियां करने वाले बायतु विधायक हरीश चौधरी और शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी के बीच सियासी कड़वाहट फिर से सतह पर आ गई है। मामला है विधायक निधि का 'बॉर्डर पार' जाना। नियमों की ढाल लेकर जब हरीश चौधरी ने शिव विधानसभा के गंगाला में स्कूल के कमरे के लिए छह लाख रुपए की मंजूरी दी तो इसे उदारता कम और राजनीतिक दखल ज्यादा माना जा रहा है। अब युवा विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने भी पलटवार करने में देरी नहीं की। उन्होंने आईना दिखाते हुए पूछा है कि जब खुद के बायतु के स्कूल झोंपड़ों में चल रहे हैं, तो पड़ोसी के घर में दखलअंदाजी क्यों? हरीश चौधरी ने बीते दिनों गंगाला के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, आजाद नगर के अतिरिक्त कक्षा कक्ष के निर्माण के लिए विधायक कोष से छह लाख रुपए की राशि दी। विधायक कोष की राशि अमूमन अपने ही इलाके में दी जात है।

## सुबोध अग्रवाल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

### 900 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में जांच तेज



जयपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल के खिलाफ 900 करोड़ जल जीवन मिशन घोटाले में विदेश भागने की आशंका पर लुकआउट नोटिस जारी हुआ। एसीबी ने नौ अधिकारियों को गिरफ्तार कर तीन दिन की रिमांड पर अब जांच तेज की है।

पूर्व आईएएस अधिकारी सुबोध अग्रवाल के खिलाफ विदेश भागने की आशंका के चलते लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। उनका नाम करीब 900 करोड़ रुपये के जल जीवन मिशन घोटाले में सामने आया था। एंटी करप्शन ब्यूरो ने 17 फरवरी को उनके घर पर तलाशी ली, लेकिन वे वहां नहीं मिले। इसी मामले में पकड़े गए जलदाय विभाग के नौ अधिकारियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां एसीबी कोर्ट ने सभी को तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया। एसीबी अब घोटाले से जुड़े अन्य तथ्यों, दस्तावेजों और संभावित संलिप्त लोगों के बारे में पूछताछ करेगी। एसीबी ने अधिकारियों के लिए पांच दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने तीन दिन की ही अनुमति दी।

जांच के तहत 17 फरवरी को जयपुर सहित बाड़मेर, जालोर, सीकर, बिहार, झारखंड और दिल्ली में कुल 15 स्थानों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई जल जीवन मिशन के कार्यों में कथित अनियमितताओं, फर्जी बिलों और वित्तीय गड़बड़ियों के आरोपों को लेकर की गई थी।

## मेवाड़ यूनिवर्सिटी के कुलपति, रजिस्ट्रार समेत 7 पर केस दर्ज

### उग्र प्रदर्शन के बाद एहतियातन अवकाश घोषित

चित्तौड़गढ़, 19 फरवरी (एजेंसियां)। मेवाड़ यूनिवर्सिटी में बीएससी नर्सिंग और जीएनएम कोर्स की मान्यता को लेकर विवाद गहरा गया है। छात्रों की शिकायत पर विश्वविद्यालय के चेयरमैन, कुलपति, रजिस्ट्रार, प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष समेत सात जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।




छात्रों ने गंगरार थाने में दी गई रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि उन्हें बीएससी नर्सिंग और जीएनएम कोर्स में प्रवेश दिया गया, जबकि इन पाठ्यक्रमों को राजस्थान नर्सिंग काउंसिल और इंडियन नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त नहीं थी। उनका कहना है कि विश्वविद्यालय ने अखबारों में विज्ञापन जारी कर इन कोर्स को मान्यता प्राप्त बताया, जिससे प्रभावित होकर उन्होंने भारी फीस जमा कर दाखिला लिया।

**छात्रों के दो गुटों में हुई झड़प**

मान्यता के अभाव का मुद्दा सामने आने के बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। हालात उस समय बिगड़ गए जब विश्वविद्यालय प्रशासन ने 30 कश्मीरी छात्रों सहित 33 विद्यार्थियों को निलंबित कर दिया। इसके विरोध में कैंपस में तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं और मेस पर ताला जड़ दिया गया। इस दौरान छात्रों के दो गुटों में झड़प भी हुई, जिसमें कुछ विद्यार्थी घायल बताए गए हैं।

विवाद बढ़ने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह स्वयं मौके पर पहुंचीं। प्रशासन ने एहतियातन अवकाश घोषित कर दिया और अधिकांश छात्रों को घर भेज दिया गया। पुलिस ने अब तक तीन अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए हैं। एक विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से तोड़फोड़ के आरोप में, दूसरा छात्रों के बीच मारपीट को लेकर और तीसरा छात्रों की ओर से फर्जी मान्यता और धोखाधड़ी के आरोप में।

**छात्रों का आरोप**

छात्रों का कहना है कि 2024 में विश्वविद्यालय ने लिखित आश्वासन दिया था कि मान्यता जल्द प्राप्त कर ली जाएगी या उन्हें अन्य संस्थान में स्थानांतरित किया जाएगा, लेकिन यह वादा पूरा नहीं हुआ।

आगामी सेमेस्टर परीक्षाओं के मद्देनजर छात्र अपनी डिग्री और भविष्य को लेकर चिंतित हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और स्थिति फिलहाल नियंत्रण में बताई जा रही है।

## नीमराणा में सुरक्षा बैठक के बीच बड़ा खुलासा

### पाकिस्तानी हैंडलर से संपर्क का इनपुट आया सामने

कोटपूतली-बहरोड़, 19 फरवरी (एजेंसियां)। कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र में आयोजित सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान चौकाने वाला खुलासा सामने आया, जब पुलिस ने एक गंभीर सुरक्षा इनपुट जिला कलेक्टर के समक्ष साझा किया। बैठक में क्षेत्र के उद्योगपति, प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। हाल ही में खैरथल जिले के भिवाड़ी में हुए हादसे के मद्देनजर औद्योगिक इकाइयों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जा रही थी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला कलेक्टर के समक्ष नीमराणा थाना अधिकारी राजेश मीणा ने बताया कि नीमराणा स्थित एक कंपनी में कार्यरत एक मजदूर के पाकिस्तानी हैंडलर के संपर्क में होने की सूचना जांच एजेंसियों को मिली थी। इस इनपुट के बाद स्थानीय पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां तत्काल सक्रिय हो गईं। प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिला कि संदिग्ध व्यक्ति दिल्ली-जयपुर क्षेत्र के बाद नीमराणा को अपना ठिकाना बनाने की साजिश में शामिल था।

समय रहते कार्रवाई करते हुए 10 फरवरी को उक्त संदिग्ध को पंजाब में गिरफ्तार कर लिया गया। पंजाब पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि उनका उद्देश्य किसी औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाना हो सकता था। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहे नीमराणा को संभावित लक्ष्य के तौर पर चिन्हित किया गया था।

हालांकि, अब तक किसी भी स्थानीय औद्योगिक इकाई को प्रत्यक्ष नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन इस इनपुट को बेहद गंभीर मानते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने के निर्देश दिए हैं।

## लाखों लेकर दूसरों की जगह दी परीक्षा

### आरपीएससी वरिष्ठ अध्यापक भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर

जयपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। एसओजी ने आरपीएससी सेकंड ग्रेड परीक्षा 2022 में डमी कैंडिडेट गिरोह का भंडाफोड़ कर छह स्थानों पर दबिश दी। पांच इनामी आरोपी गिरफ्तार हुए, एक संदिग्ध हिरासत में है। कुल अब तक 26 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) की वरिष्ठ अध्यापक (द्वितीय श्रेणी) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी परीक्षार्थियों के जरिए चयन कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए अंडमान-निकोबार, कोलकाता, जयपुर, कोटा और जालौर सहित छह स्थानों पर एक साथ दबिश दी। कार्रवाई में 10-10 हजार रुपये के इनामी पांच डमी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक संदिग्ध




एमबीबीएस छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन एमबीबीएस छात्र और दो राजकीय शिक्षक शामिल हैं। मामला राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) द्वितीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा-2022 से जुड़ा है। 24 दिसंबर 2022 को सामान्य ज्ञान एवं शैक्षिक मनोविज्ञान तथा विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई थी, लेकिन सामान्य ज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने के कारण परीक्षा निरस्त कर 29 जनवरी 2023 को पुनः आयोजित करनी पड़ी। इसी परीक्षा में कुछ अभ्यर्थियों द्वारा डमी कैंडिडेट बैठाकर चयन प्राप्त करने की शिकायत मिलने पर एसओजी में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने लाखों रुपये देकर मेडिकल छात्रों और शिक्षकों को अपने स्थान पर परीक्षा में बैठाया। एसओजी के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल फोटोग्राफ के आधार पर डमी परीक्षार्थियों की पहचान करना था। इसके लिए विशेष सॉफ्टवेयर के माध्यम से अभ्यर्थियों के फोटो और डाटा का मिलान किया गया तथा तकनीकी विश्लेषण और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की गई।

गिरफ्तार आरोपियों में महेश कुमार बिश्नोई (एमबीबीएस छात्र, जयपुर) ने तीन लाख रुपये लेकर उदयपुर में विज्ञान विषय की परीक्षा दी।

## वर्दी का रौब दिखाकर 1.5 लाख की डिमांड

### कांस्टेबल पर एसपी ने लिया बड़ा एक्शन



कोटा, 19 फरवरी (एजेंसियां)। कोटा के आरकेपुरम थाना क्षेत्र में राहगीर से लूटपाट और अपहरण के मामले में आरोपी कांस्टेबल मनीष यादव को सिटी एसपी तेजस्वनी गौतम ने सेवा से बर्खास्त कर दिया है। मामले को गंभीर मानते हुए एसपी ने यह कार्रवाई की। पहले उसे निलंबित किया गया था, अब विभागीय जांच के बाद सेवा से हटाने का आदेश जारी किया गया है। गौरतलब है की 27 जनवरी को पीड़ित राजेश सेन ने आरकेपुरम थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में बताया गया कि खाकी वर्दी पहने कांस्टेबल मनीष यादव ने अपने चार साथियों विजय माली, देवेंद्र नागर, प्रियांशु और विष्णु के साथ मिलकर उसका बैग चेक किया और मुकदमा दर्ज नहीं करने की एवज में 1.5 लाख रुपए की मांग की। विरोध करने पर उसे जबरन कार में बिठाकर शहर के अलग-अलग इलाकों में घुमाया गया। बाद में नया नोहरा क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ मारपीट की गई और नकदी व सामान लूट लिया गया। साथ ही किसी को बताने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई। मामला दर्ज होते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई कर पीड़ित से आरोपियों की पहचान कराई, जिसमें सभी की तस्दीक हो गई। इसके बाद पांचों को गिरफ्तार किया गया था।

## बीजेपी नेत्री और वकील का अश्लील वीडियो वायरल

### राजनीतिक गलियारों में मचा हड़कंप, कई नेताओं पर गिर सकती है गाज

उदयपुर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बीजेपी नेत्री की ओर से वकील पर बलात्कार, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट में दर्ज मामले ने राजनीतिक और कानूनी हलकों में हलचल मचा रखी है। वीडियो ने बीजेपी में भूचाल ला दिया है। उदयपुर से लेकर जयपुर तक चर्चा गर्म है। वहीं, कइयों पर गाज गिर सकती है। पहले बीजेपी नेत्री ने भूपालपुरा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा कि वकील विशाल गुर्जर ने एआई से आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया। शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। वहीं, एक अन्य पुराने प्रकरण में भी प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तारी की है।

भूपालपुरा थाने में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, बीजेपी नेत्री ने बताया कि वह पिछले एक वर्ष से अधिवक्ता विशाल गुर्जर के संपर्क में थीं। पांच महीने पहले आरोपी ने उसे कार्यालय बुलाकर कोल्डड्रिंक पिलाया, जिसके बाद उन्हें चक्कर आने लगे। कुछ समय बाद होश आया। आरोप है कि आरोपी वकील ने अश्लील वीडियो बना लिए और वायरल करने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा एक अन्य केस में समझौता कराने का दबाव बनाया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने एआई के जरिए अन्य परिचितों के साथ वीडियो तैयार कर दिए। उसे आधार बनाकर ब्लैकमेल किया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है और डिजिटल साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है।

मुकदमा दर्ज होने के कुछ ही घंटों में पुलिस ने रात तीन बजे आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने दरवाजा तोड़कर जबरन प्रवेश किया, सीसीटीवी डीवीआर और मोबाइल जब्त किए तथा परिजनों से मारपीट की। आरोपी की पत्नी ने एसपी से मिलकर जांच अधिकारी बदलने की मांग की।

हालांकि जांच अधिकारी नहीं बदला गया, लेकिन एएसपी सिटी को मामले की निगरानी सौंपी गई। परिजनों ने उदयपुर प्रवास के दौरान पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग की और पूरे प्रकरण को षड्यंत्र बताया।

भूपालपुरा थाना पुलिस ने आरोपी को एक अन्य केस में प्रोडक्शन वारंट से गिरफ्तार किया। आरोप है कि उसने एक पारिवारिक कोर्ट केस निपटाने के नाम पर बेंगलुरु निवासी व्यक्ति से 8.75 लाख रुपए हड़प लिए। समझौते के नाम पर रकम अपने खाते में जमा करवा ली और बाद में फोन उठाना बंद कर दिया।

## पति ने पत्नी और दो बच्चों की धारदार हथियार से कर दी हत्या, आरोपी हिरासत में

जालौर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। जालोर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र के दासपा गांव में मंगलाराम पुरोहित ने कथित रूप से घरेलू विवाद के चलते पत्नी और दो मासूम बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। जालोर जिले के भीनमाल थाना क्षेत्र के दासपा गांव में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव निवासी मंगलाराम पुरोहित ने कथित रूप से अपनी पत्नी और दो मासूम बच्चों की धारदार हथियार से हत्या कर दी। इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना देर रात की है, जब परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इसी दौरान आरोपी ने कथित रूप से पत्नी और दोनों बच्चों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही भीनमाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके से आवश्यक नमूने एकत्रित किए। प्रारंभिक जांच में हत्या का कारण घरेलू विवाद या पारिवारिक क्लेश माना जा रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

## सरेआम फायरिंग, जान बचाने को दुकान में घुसा व्यापारी

### दहशत में पूरा जिला; पुलिस ने की नाकाबंदी

बाड़मेर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बाड़मेर शहर के रीको थाना क्षेत्र में सेंट स्कूल रोड बाइपास पर मोटरसाइकिल पर आए दो अज्ञात युवकों ने एक व्यक्ति पर फायरिंग कर दी। उसकी गाड़ी के कांच में एक गोली लगी। जबकि उसने दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। दो राउंड फायर करने के बाद आरोपी मौके से भाग गए।

पुलिस वृत्ताधिकारी रमेशकुमार शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासी अर्जुनराम बोलेरो कैंपर से रीको थाना क्षेत्र में सेंट पॉल स्कूल रोड बाइपास के पास दुकान पर आया था। यहां वह सामान उतार रहा था।

इस दौरान एक बाइक पर दो अज्ञात नकाबपोश युवक आए और दो राउंड फायर किए। एक गोली बोलेरो गाड़ी के कांच में लगा। फायरिंग होते ही अर्जुनराम ने दुकान में घुसकर अपनी जान बचाई। फायर करने के बाद आरोपी मौके से भाग गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस वृत्ताधिकारी रमेशकुमार शर्मा और रीको थानाधिकारी भंवरलाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना भी यहां पहुंच गए और अन्य थानों से भी जाब्ता मौके पर बुलवाया गया।

पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित से जानकारी ली। इसके साथ शहर और जिलेभर में नाकाबंदी करवाई है। अलग-अलग टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और मौका मुआयना कर साक्ष्य जुटाए गए। साथ ही आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की डिटेल लेकर जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मामला किसी भूमि विवाद से जुड़ा हो सकता है। पुलिस की ओर से हर पहलू की पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात हमलावरों के भागने की दिशा में टीमें रवाना की गई हैं। पूरे जिले में ए श्रेणी की हथियारबंद नाकाबंदी करवाई गई है।

## 2 महिला लेक्चरर सस्पेंड, बोर्ड परीक्षा के बीच की थी हाई-वोल्टेज ड्रामा, पूरा स्टॉफ बदला



सीकर, 19 फरवरी (एजेंसियां)। राजस्थान के शिक्षा विभाग में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब सीकर जिले के भढ़ाढ़र गांव से एक सरकारी स्कूल का शर्मनाक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बोर्ड परीक्षा की संवेदनशीलता को ताक पर रखकर अनुशासनहीनता करने वाली दो महिला व्याख्याताओं पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने कड़ा प्रहार किया है।

मामले में न केवल दो शिक्षकों को सस्पेंड किया गया है, बल्कि पूरे स्कूल के परीक्षा स्टॉफ को ही बदल दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने अनुशासनहीनता और लापरवाही के गंभीर आरोपों में भूगोल की व्याख्याता बबीता और राजनीति विज्ञान की व्याख्याता सुमन को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य के दौरान दोनों शिक्षिकाओं ने न केवल मर्यादा तोड़ी, बल्कि आपसी विवाद से विभाग की छवि भी धूमिल की। निलंबन काल के दौरान दोनों शिक्षिकाओं का मुख्यालय बीकानेर निदेशालय तय किया गया है। नियमानुसार उन्हें केवल निर्वाह भत्ता (आधा वेतन) ही दिया जाएगा। विभाग ने 3 दिन के भीतर इनके खिलाफ आरोप-पत्र तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

यह पूरा मामला सीकर के भढ़ाढ़र स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। 14 फरवरी को स्कूल में बोर्ड परीक्षा चल रही थी। इसी दौरान टीचर बबीता और सुमन के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस शुरू हो गई। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में शिक्षिकाएं नकल करवाने की बात को लेकर झगड़ती नजर आ रही हैं।

**दक्षिण मध्य रेलवे**
हमें X@SCRailwayindia पर फालो करें। दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे की निविदा सूचनाओं का विवरण हमारे वेबसाइटः www.scr.indianrailways.gov.in पर भी देखें।

**निविदा सं. 40_2025-26_ एसआर.डीइइ_ टीआरडी एचवायबी, दि.17-02-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, **एसआर.डीइइ/टीआरडी/एचवायबी** द्वारा निविदा सं. 40_2025-26_ **एसआर.डीइइ_टीआरडी_एचवायबी, दि.17-02-2026, बंद करने की तिथि 13-03-2026** के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं तथा किसी भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

**क्रम सं.1, कार्य विवरणः** हैदराबाद डिवीजन-कैवलैरी बैरैक्स (सीवीबी)-बोलारम (बीएमओ) स्टेशन के बीच किमी 609/200-300 पर मौजूदा आरयुबी नं.739 पर अतिरिक्त आरयुबी हेतु ओएचइ एस्टीमेट-बिजली टीआरडी व्यवस्था।
**विज्ञापित निविदा मूल्य रु.17,35,100.60, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.34,700.00, कार्य पूरा करने की अवधिः**6 महिने, बंद करने की तिथिः13-03-2026

**वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in देखें।**

निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः एसआर.डीइइ/टीआरडी/एचवायबी, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500025

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/हैदराबाद**

**निविदा सं. जीटीएल-इएम-75-2025-26, दि.17-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.** जीटीएल-इएम-75-2025-26, **कार्य विवरणः** गुंटकल डिवीजन-धर्मावरमः-नई 12 एम एफओबी हेतु 6 संख्यक एस्केलेटर्स (अप & डाउन) का प्रावधान। (एस्केलेटर्स पोर्शन)। **अनुमानित मूल्य** रु.5,50,55,087.94

**बंद करने की तिथि व समयः 11-03-2026 के 15.00 बजे**

निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डिंग तथा अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। निविदा का शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा। निविदाकारों द्वारा निविदा दस्तावेज को http://www.ireps.gov.in से मुफ्त में डाउनलोड किया जा सकता है।
टिप्पणीः इस ई-निविदा में सहभागिता/बोली लगाने हेतु निविदाकार के पास वैध डीएससी (डिजीटल सिग्नीचर सर्टिफिकेट) प्रमाणपत्र होना चाहिए।
**-वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/रखरखाव/गुंटकल**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूर संचार अभियंता, हैदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे-दमरे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से दि.23-03-2026 के 11.30 बजे तक खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं. 1, निविदा सं. वाय-एसजी-36-2025-26-39, निविदा दिनांकितः 17-02-2026, कार्य विवरणः** एस & टी/डब्ल्यूएस/एमएफटी पर 1 वर्ष की अवधि हेतु डीवाय. सीएमएम/जी & एस/एमएफटी से कच्चा माल की निकासी तथा कम्पोनेन्ट्स की इन्टर शाप मुवमेंट के संबंध में मटेरियल की लोडिंग/अनलोडिंग की आउटसोर्सिंग हेतु प्रस्ताव।
**अनुमानित मूल्य रु. 56,19,211.92, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.**1,12,400.00

**वरिष्ठ विभागीय सिग्नल & दूर संचार अभियंता/हैदराबाद**

**ई-निविदा सूचना सं.- जीएनटी/ई.31&32/टीआरडी/2025-26**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा ठेकेदारों से निम्न कार्यों हेतु दि.09-03-2026 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.1, टेंडर टाइटलः** जीएनटी डिवीजन-एनएलपीडी-एनडीएल सेक्शन में 4 वर्ष की अवधि हेतु एससीएडीए सिस्टम का विस्तृत रखरखाव ठेका। निविदा संदर्भ सं.- **जीएनटी/ई.31/टीआरडी/2025-26**
**अनुमानित मूल्य रु.1,08,09,239.00, पूर्व धरोहर राशि रु.2,04,100.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (गैर-वापसी) रु. शून्य**

**क्रम सं.2, टेंडर टाइटलः** जीएनटी डिवीजनः1. गुंटूर डिवीजन के एलसी गेट्स नं.20@ बीडीपीएल-एसआरपीएम, 63@ टीपीपीआइ-केएडीएम, 56@ आरवायजीए- टीपीपीआइ, 289@ एसटीयुआर-एनआरटी, 57@ बीएमकेडी-पीजीआरएन & 69 @ पीजीआरएल-टीएमएलयु पर 6 संख्यक मिड-सेक्शन की इन्टरलाकिंग करना-25केवी ओएचइ का परिवर्तन। 2.गुंटूर डिवीजन के (फेज-॥) एलसी गेट्स नं.228@ टीएलयु-सीबीएम, 33@ पीकेपीयु-एसएपी, 34@ पीकेपीयु-एसएपी,, 81@ केडीजीएल-वीएनयुपी, 76@ एमआरजीए-केडीजीएल & 54 @ आरवायजीए-टीपीपीआइ पर 6 संख्यक मिड-सेक्शन की इन्टरलाकिंग करना-25केवी ओएचइ का परिवर्तन या माडिफिकेशन। निविदा संदर्भ सं.-**जीएनटी/ई.32/टीआरडी/2025-26, अनुमानित मूल्य रु.86,30,144.00,** पूर्व धरोहर राशि -**पूधरा रु.1,72,600.00,** निविदा प्रपत्र मूल्य रु. (गैर-वापसी)-शून्य

**ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समयः 09-03-2026 के 15.30 बजे तक**
यदि निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को तदनंतर अवकाश घोषित होता है तो, निविदाओं को उसके अगले कार्यदिवस में खोला जायेगा।
किसी भी विस्तृत विवरण हेतु दि.13-02-2026 से 09-03-2026 के 15.30 बजे तक वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लाग आन करें। किसी भी अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in द्वारा सूचित किया जायेगा।
**-वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/गुंटूर**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. डीवाय. सीइ/टीएम/लाइन्स/01/2026, दि.17-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु प्रत्येक के प्रति विवरित तिथि नुसार समय 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.1, निविदा सं.-ई-1-टीएमलाइन्स-बीजेडए-2026, कार्य विवरणः कार्य का नामः** स्मार्ट एएलसी प्रदान करने के द्वारा टैम्पिंग मशीनों का तकनीकी उन्नयन के साथ एससी रेलवे ट्रैक मशीनों के 6 युनिमैट्स (युएनआइ-8282, 8417, 8265, 8288, 8308 व 8278), 3 सीएसएम (सीएसएम-937, 933 व 934) तथा 7 ड्युयोमेटिक (8067, 8062, 8093, 8115, 3320, 8126 व 8057) में एएलसी का इस्तेमाल करते हुए डिजाइन मोड टैम्पिंग हेतु **साफ्टवेयर/प्रोग्राम संबंधित कार्य।** कार्य पूरा करने की अवधिः 15 (पंद्रह महिने), **निविदा मूल्य** रु.17,12,43,220.00, पूर्व धरोहर राशि-पूधरा रु.10,06,216.00, **बंद करने की तिथिः** 17-03-2026

1. **वेबसाइटः** www.ireps.gov.in पर प्रकाशित निविदा दस्तावेजों में, निविदा शर्तें/अन्य विवरण जैसे संपूर्ण कार्य का नाम, उपरोक्त कार्यों का तत्समान स्वभाव का कार्य, अर्हता मानदंड आदि दिया गया है।
2. भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, किसी भी निविदा के कोई भी परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों को नोट करने हेतु निविदा बंद करने की तिथि से पहले, **वेबसाइटःwww.ireps.gov.in** देखें।
3. यह निविदा सूचना, विभागीय रेल प्रबंधक (कार्य), द.म. रेलवे, विजयवाडा स्थित नोटिस बोर्ड पर तथा विजयवाडा डिवीजन के एडीइएन सब-डिवीजनल आफिसों में भी दर्शाया गया है, जिसे देखा जा सकता है।
4. रेल प्रशासन के पास कोई भी कारण न देते हुए निविदा को निरस्त करने का पूरा अधिकार सुरक्षित है।

**हमारा वेबसाइटःwww.ireps.gov.in देखें।**
**-उप मुख्य अभियंता/टीएम/लाइन्स/विजयवाडा**

**ई-निविदा सूचना सं. 15/2025-26**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता (रखरखाव), गुंटूर द्वारा आईआरईपीएस पोर्टलःwww.ireps.gov.in के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1, टेंडर टाइटलः गुंटूर डिवीजनः (I) लेवल क्रासिंग गेट्स नंबर 5 पर बिजली से संचालित लिफ्टिंग बैरीयर (इओएलबी) सहित

ii. यांत्रिक रुप से संचालित लिफ्टिंग बैरीयर (एमओएलबी) का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट कार्य। (॥) एमएजी-केसीसी के बीच किमी 24/25-27 पर एलसी नं. 17 बी पर बिजली से संचालित लिफ्टिंग बैरीयर (इओएलबी) सहित यांत्रिक रूप से संचालित लिफ्टिंग बैरीयर **(एमओएलबी)** का प्रतिस्थापन-बिजली व्यवस्थाएं। निविदा संदर्भ संख्याःजीएनटी-ई.15.2025-26, दि.17-02-2026, **अनुमानित मूल्य रु. 39,67,068.83, पूर्व धरोहर राशि रु.79,400.00, निविदा प्रपत्र मूल्य (अप्रतिदेय) रु. शून्य**

**ई-बोलियों की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समयः 12-03-2026 के 15.30 बजे तक**

कोई भी अधिक संचार/शुध्दिपत्र को केवल ई-पोर्टलः www.ireps.gov.in पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

**वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/एम/गुंटूर**

**निविदा सूचना सं. जी/इ.29/टीआर./टेंडर नोटिस/54/2025-26, दि.18-02-2026**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**निविदा सं.**-जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-86-2025-26, **कार्य विवरणः गुंटकल डिवीजनः** कुप्पागल यार्ड में मानवनिर्मित एलसी 201 किमी 508/7-8 में तथा इरानागल्लु यार्ड में मानवनिर्मित एलसी 207 किमी 529/3-4 में उपरोक्त स्थान पर प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज के निर्माण सहित तत्संबंधित ओएचइ परिवर्तन कार्य। **अनुमानित मूल्य रु. 45,32,165.50,** पूर्व धरोहर राशि रु.90,700.00

निविदा बंद करने की तिथि व समयः 11-03-2026 के 15.00 बजे

टिप्पणीः
निविदाकार, निविदा दस्तावेज को वेबसाइटः www.ireps.gov.in से निःशुल्क रुप में डाउनलोड कर सकते हैं।
निविदा की बोली लगाने या टेंडर बिड्डिंग व अन्य विवरण हेतु http://www.ireps.gov.in पर लागिन करें। शुध्दिपत्र यदि कोई हो तो, उसे केवल आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।
**-वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुंटकल**

**संख्या -एनडब्ल्यू/148/डब्ल्यू-॥।/टेंडर नोटिस/जीएस/2024-25 दि.16-02-2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता, गति शक्ति, नांदेड, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम सं.1, निविदा सं.- टी-2025-26**-जीएस-06, निविदा का विज्ञापित मूल्य रु.13,41,55,330.60, पूर्व धरोहर राशि रु.8,20,800.00, कार्य पूरा करने की अवधिः नौ (09) महिने, कार्य विवरणःएनडइडी डिवीजनःगति शक्ति युनिटः-एमएमआर-एमयुइ सेक्शन-लिम्बागांव-नांदेड़ स्टेशनों के बीच 1x37.280एम स्पैन के रुपमें सी/सी कम्पोजिट गिर्डर युक्त 2 लेन आरओबी तथा 2x7.00 x4.00 एम स्पैन के रूप में प्रि-कास्ट आरसीसी बाक्स किमी 345/8-9 आरयुबी का प्रस्तावित निर्माण कार्य। **निविदा प्रपत्र मूल्य रु. शून्य**

1. उपरोक्त निविदा दि.17-03-2026 के 15.00 बजे बंद होगी।
2. बोली दस्तावेज व अन्य विवरण हेतु वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर लागिन करें।
3. निविदाकार, किसी भी शुध्दिपत्र (केवल आनलाइन पर जारी) को निविदा प्रस्तुति अवधि/बिड्डिंग अवधि की प्रारंभिक तिथि तक ही देख सकते हैं।
**-उप मुख्य अभियंता/गति शक्ति/नांदेड**

**निविदा सूचना 34-एचआरडी-25-26-एसआर.डीईई-एम-एचवायबी, 35-टीआरएएफ-25-26-एसआर.डीईई-एम-एचवायबी, 36-जीएसयु-25-26 -एसआर.डीईई-एम-एचवायबी**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, एसआर.डीईई/एम/एचवायबी द्वारा निम्न निविदाओं की बंद तिथि 17-03-2026 के 15.00 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं। बोलीदातागण अपने मूल/संशोधित बोलियों को तत्संबंधित बंद तिथि व समय तक ही प्रस्तुत कर सकते हैं। इस निविदा के प्रति मैन्युएल आफर्स अमान्य हैं एवं किसी भी मैन्युएल आफर्स की प्राप्ति पर उसे नजरअंदाज किया जायेगा।

**क्रम सं.1, कार्य विवरणः निविदा सं.- 34-एचआरडी-25-26-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबीः** हैदराबाद डिवीजनःजेडआरटीआई-गोदावरी होस्टल-डिस्ट्रेस्ड कालम्स, वाल प्लास्टर, लीकी रूफ्स, दरवाजों, खिडकियों तथा शौचालयों का सुधार कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रु. 88,18,693.00, **पूर्व धरोहर राशि रु.1,76,400.00, कार्य पूरा करने की अवधिः12 महिने, बंद करने की तिथिः 17-03-2026**

**क्रम सं.2, कार्य विवरणः निविदा सं.- 35-टीआरएएफ-25-26-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबीः** हैदराबाद डिवीजनः 1) काचीगुडाः पार्सल लोडिंग/अनलोडिंग हेतु अतिरिक्त स्टैबलिंग लाइन का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं। 2) एटीसी व केइके स्टेशन पर हाट एक्सल बाक्स डिटेक्टर (एचएबीडी) की आपूर्ति, इंस्टाल्लेशन व कमीशनींग कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। अनुमानित मूल्य रु. 80,12,540.00, **पूर्व धरोहर राशि रु.1,60,300.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः 17-03-2026**

**क्रम सं.3, कार्य विवरणः निविदा सं.- 36-जीएसयु-25-26-एसआर.डीइइ-एम-एचवायबीः हैदराबाद डिवीजनः** 1) दक्षिण मध्य रेलवे के हैदराबाद डिवीजन के सिकंदराबाद-मुदखेड सेक्शन पर रामकिस्टापुरम गेट एन्ड सफिलगुडा रेलवे स्टेशन पर क्लोज्ड एलसी नं. 254 स्थान पर एलएचएस का प्रस्तावित निर्माण कार्य-बिजली व्यवस्थाएं। 2) डब्ल्यूडीआर पर नये रुप से सृजित पोस्ट एसएसइ/पी.वे की नई टाइप-IV क्वार्टर का प्रावधान-बिजली व्यवस्थाएं।
अनुमानित मूल्य रु. 78,23,020.00, पूर्व धरोहर राशि रु.1,56,500.00, कार्य पूरा करने की अवधिः 12 महिने, बंद करने की तिथिः17-03-2026

वेबसाइट विवरणः www.ireps.gov.in निविदा का संपूर्ण विवरण देखने हेतु नोटिस बोर्ड स्थानः वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता का कार्यालय-एम-एचवायबी, हैदराबाद भवन, सिकंदराबाद-500071
-वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/हैदराबाद
A2508

**निविदा नियम शर्तें/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।**


# पुलिगंडाला परियोजना बनेगी नया ईको-टूरिज्म आकर्षण

खम्मम, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम जिला के कनकगिरी आरक्षित वन खंड में स्थित पुलिगंडाला परियोजना प्रकृति प्रेमियों के लिए एक नए पर्यावरण-पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित की गई है और जल्द ही आम जनता के लिए खोली जाएगी। सथुपल्ली मंडल की तल्लाडा पर्वतमाला में फैला यह वन क्षेत्र लगभग 14,422 हेक्टेयर में विस्तृत है। घने पर्णपाती बांस के जंगलों से घिरा पुलिगंडाला तालाब करीब 40 एकड़ क्षेत्र में फैला है और यहां प्रवासी पक्षियों सहित विविध वनस्पति एवं जीव-जंतुओं की समृद्ध जैव विविधता पाई जाती है। 2025 में शुरू की गई ईको-टूरिज्म पहल के तहत जिला वन विभाग ने जिला प्रशासन के सहयोग से ट्रेकिंग ट्रेल्स, व्यूप्वाइंट, सेल्फी पॉइंट, फॉरेस्ट सफारी और कैंटीन की सुविधाएं विकसित की हैं। जिला वन अधिकारी सिद्धार्थ विक्रम सिंह के अनुसार, चार वातानुकूलित इको-टूरिस्ट कॉटेज तैयार किए गए हैं, जिनमें गर्म पानी और संलग्न स्नानगृह



की सुविधा है। प्रत्येक कॉटेज एक परिवार के लिए उपयुक्त है। इसके अलावा दो टेंट हाउस भी बनाए गए हैं।

ब्रह्मलकुंटा स्थित प्रवेश द्वार पर इस परियोजना का उद्घाटन कुछ सप्ताह में होने की संभावना है। रात्रि शिविर की सुविधा भी विकसित की जा रही है, जिसमें पूर्व बुकिंग के आधार पर एक समय में 40 टेंट लगाए जा सकेंगे। पर्यटकों के लिए भोजन, आवास, ट्रेकिंग, वन सफारी और अन्य सुविधाओं सहित एक व्यापक पैकेज तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इसे सभी वर्गों के लिए किफायती बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह स्थल आकाश दर्शन और पक्षी अवलोकन के लिए उपयुक्त माना जा रहा है। तालाब में दो पैडल बोट भी उपलब्ध कराई गई हैं। स्थानीय स्वयं सहायता समूहों को संचालन में शामिल किया जा रहा है तथा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। परियोजना के आसपास वीरभद्र स्वामी मंदिर, काकतीय काल की हस्तला वीरन्ना की प्रतिमा तथा बरसात में सक्रिय होने वाला एक छोटा झरना भी आकर्षण का केंद्र हैं। यह स्थल रामकृष्णपुरम गांव से लगभग 11.5 किलोमीटर दूर राज्य राजमार्ग-42 पर स्थित है। निकटतम हवाई अड्डा हैदराबाद में है, जो यहां से लगभग 220 किलोमीटर दूर है, जबकि निकटतम रेलवे स्टेशन खम्मम में लगभग 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

# किशोरी का अपहरण किया गैंगरेप, दो नाबालिग भी शामिल

## लड़की को जबरन पिलाई शराब

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चारमीनार से एक किशोरी का अपहरण कर चेंगीचेरला स्थित एक डबल बेडरूम फ्लैट में तीन लोगों ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया, जिनमें दो नाबालिग भी शामिल थे। पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, लगभग 16 वर्षीय पीड़िता नरसिंगी के पुप्पलागुडा में अपने दादा-दादी के साथ रहती थी। 2 फरवरी को लड़की खरीदारी के लिए चारमीनार गई, जहां उसकी मुलाकात 16 वर्षीय एक लड़के से हुई। दोनों ने एक-दूसरे के फोन नंबर लिए और फोन पर बात करने लगे। सोमवार (16 फरवरी) को, लड़की स्कूल जाने के बहाने पुप्पलगुडा स्थित अपने घर से निकली और पथेरगट्टी पहुंची, जहां उसकी मुलाकात उस लड़के से दोबारा हुई।

डीसीपी (शेरलिंगमपल्ली), च. श्रीनिवास ने बताया कि चोरी के मामलों में शामिल नाबालिग लड़के ने अपने दो दोस्तों (जिनमें एक नाबालिग और इमरान शामिल हैं) के साथ मिलकर लड़की को ऑटो रिक्शा में बिठाकर चेंगिचेरला के दो मंजिला मकान में ले गए। उन्होंने लड़की को जबरन शराब पिलाई और बाद में चाकू की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया। सोमवार को लड़की के परिजनों ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। लड़की की तलाश में जुटे पुलिस ने चेंगिचेरला स्थित दो मंजिला मकानों पर छापा मारकर लड़की को बरामद किया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने भवानीनगर में इमरान को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके खिलाफ आठ मामले दर्ज हैं। साथ ही, उन्होंने उस नाबालिग लड़के को भी पकड़ लिया है जो लड़की के संपर्क में था। फरार दूसरे नाबालिग लड़के को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। लड़की का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

# ग्रेटर हैदराबाद की सिटी बसों में लगेंगे सामान रखने के रैक, एसी बसों पर छूट भी घोषित

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम ने ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र में चलने वाली सिटी बसों में सामान रखने के रैक लगाने का निर्णय लिया है। निगम के अनुसार, शुरूआत में 150 शहरी बसों में प्रायोगिक तौर पर रैक लगाए जाएंगे। यह फैसला छात्रों और कामकाजी लोगों की मांग पर लिया गया है, जिन्हें भीड़भाड़ वाली बसों में भारी बैग लेकर सफर करने में परेशानी होती है। पहले दो बसों में रैक लगाकर प्रतिक्रिया ली गई, जिसके बाद अब पहले चरण में 150 बसों में यह सुविधा शुरू की जा रही है। जिला बसों की तरह बड़े रैक लगाने के बजाय सिटी बसों में कम ऊंचाई और छोटे आकार के रैक लगाए जाएंगे, ताकि यात्रियों की आवाजाही प्रभावित न हो। रैक लगाने का काम मियापुर स्थित बस बॉडी बिल्डिंग इकाई को सौंपा गया है। अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक बस में रैक लगाने पर लगभग 15 हजार रुपये का खर्च आएगा। आगे चलकर यात्रियों की संख्या और सुविधा को देखते हुए सभी सिटी बसों में यह व्यवस्था लागू करने पर निर्णय लिया जाएगा। निगम ने गर्मी के मौसम को देखते हुए 1 मार्च से 31 मई तक आउटर रिंग रोड क्षेत्र के भीतर चलने वाली एसी बसों के किराए में 30 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। यह छूट 90 एसी बसों पर लागू होगी, जिनमें 50 पुष्पक एयरपोर्ट सेवाएं और 40 अन्य एसी सेवाएं शामिल हैं। निगम के प्रबंध निदेशक वाई नागी रेड्डी ने कहा कि गर्मी में यात्रियों को राहत देने के लिए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने नागरिकों से रियायती एसी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग को लेकर एसआईओ की गोलमेज बैठक

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्टूडेंट्स इस्लामिक ऑर्गनाइजेशन ने गुरुवार को 'शिक्षा बजट अनुशंसाओं' पर एक गोलमेज बैठक आयोजित की। इस अवसर पर तेलंगाना में शिक्षा बजट, चुनौतियां और सुझावात्मक अनुशंसाएं 2026-27 शीर्षक से एक पुस्तिका जारी की गई, जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष के लिए शोध आधारित नीतिगत सुझाव प्रस्तुत किए गए। शिक्षाविद प्रोफेसर एस.ए. शकूर ने कहा कि अल्पसंख्यक शिक्षा बजट में रणनीतिक योजना की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी राज्य बजट में इसे 3,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव रखा।

## तिलकनगर से 6 नंबर जंक्शन तक यातायात प्रतिबंध

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के तिलकनगर जंक्शन से 6 नंबर जंक्शन की ओर जाने वाले मार्ग पर सीवेज पाइपलाइन में रिसाव के कारण सड़क पर गड्ढा बन गया है। इसके चलते हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने दो दिनों के लिए यातायात प्रतिबंध और मार्ग परिवर्तन की घोषणा की है। जारी सलाह के अनुसार, यह प्रतिबंध शुक्रवार (20 फरवरी) को या मरम्मत कार्य पूरा होने तक लागू रहेगा। तिलकनगर से 6 नंबर जंक्शन की ओर जाने वाले वाहनों का मार्ग जरूरत के अनुसार बदला जाएगा। फीवर हॉस्पिटल जंक्शन से 6 नंबर जंक्शन की ओर आने वाली आरटीसी बसें और भारी वाहन तिलकनगर जंक्शन से पापाजी ढाबा, शिवम रोड, साई बाबा मंदिर कमान, रेड बिल्डिंग, रॉयल जूस और रामंथपुर होते हुए डायवर्ट किए जाएंगे।

# टी-हब और हाउट्स-डी-फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। स्टार्टअप्स के लिए दुनिया के प्रमुख केंद्र टी-हब ने फ्रांस के हाउट्स-डी-फ्रांस क्षेत्र के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच स्टार्टअप आधारित आर्थिक सहयोग को मजबूत करना है। इस साझेदारी के तहत दोनों पक्ष स्टार्टअप्स को नए देशों में बाजार तक पहुंच बनाने, पंजीकरण सहायता देने और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने में सहयोग करेंगे। साथ ही निवेशकों से परिचय, संयुक्त निवेश के अवसर और दोनों देशों के नवाचार तंत्र को जोड़ने पर भी काम किया जाएगा। यह पहल भारत के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य देश को मजबूत पूंजी व्यवस्था, उन्नत तकनीक और अंतरराष्ट्रीय सहयोग से जुड़े वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। यह सहयोग स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना और संशोधित डीप टेक ढांचे जैसी राष्ट्रीय पहलों को भी मजबूती देगा। इसके तहत उत्पादों को स्थानीय बाजार के अनुसार ढालने, व्यापार मॉडल को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय विस्तार के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। साथ ही कंपनियों और स्टार्टअप्स के बीच संयुक्त परियोजनाओं और परीक्षण अवसरों को भी बढ़ावा दिया जाएगा।



छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर, बजरंग सेना तेलंगाना ने बाइक रैली निकाल कर पुरानापुल स्टेट के प्रेसिडेंट एन.आर. लक्ष्मण राव श्रीनिवास गार्गे ने मूर्ति पर माला चढ़ाई। इसके पहले विठ्ठलवाडी से पुरानापुल तक एक बड़ी बाइक रैली निकाली गई। पुरानापुल से, रैली मुख्य जुलूस में तब्दील हो गई, जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यों और समर्थकों ने भाग लिया।



श्री छत्रपति शिवाजी महाराज की 396वीं जयंती पर राकेश जायसवाल पूर्व पार्षद जामबाग डिवीज़न ने बीजेपी नेताओं के साथ पुतली बाउली जंक्शन में श्री शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। अवसर पर प्रेमसिंह राठौर पूर्व एमएलए, लाल सिंह, अमर सिंह, मयूर कालेकर, रघु कांबले, वेंकट रेड्डी, काजल कुशवा, संगीता, शंकर, राजू यादव, रविकांत, नरसिंह ठाकुर, जगपति, संदीप, अनिल यादव, रवि, अशोक और बाबू आदि भी शामिल हुए।

## क्रिस्टल डेन्टल केयर का भव्य शुभारम्भ आज

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चेंगीचेरला मैन रोड़ स्थित बी.एम.आर.एस.स्कूल के पास, क्रिस्टल डेन्टल केयर एंड इम्प्लांट सेन्टर का भव्य शुभारम्भ कार्यक्रम शुक्रवार 20 फरवरी प्रातः 10.01 बजे पूजा-अर्चना कर, मुख्यअतिथियों के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में आयोजक चम्पालाल सोलंकी ने बताया कि क्रिस्टल डेन्टर केयर सेन्टर का भव्य शुभारम्भ बत्तौर मुख्यअतिथि रि.एस.पी जे. अशोक कुमार, टीपीसीसी प्रदेश उपाध्यक्ष टी.वजरेश यादव व सम्मानित अतिथियों के करकमलों द्वारा किया जाएगा। डेन्टल सर्जन डॉ.राकेश सोलंकी एवं अनुभवी डॉक्टरों की देख-रेख में डेन्टल क्लीनिक में किफायती दर पर इलाज किया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्रीमती कंकुबाई-भाणाराम सोलंकी, चम्पालाल, मनरुपराम, पुनाराम, रमेश सोलंकी उपस्थित रहेंगे। आयोजक चम्पालाल सोलंकी ने आमंत्रित सम्मानित अतिथियों व प्रवासी बन्धुओं से निवेदन किया है कि समय पर पधारे।



भावसार विजन इण्डिया हैदराबाद क्षेत्र-104 द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव नारायणगुडा स्थित श्रीधर गडाले के निवास पर मनाया गया। अवसर पर प्रवीण पतंगे अश्विनी पतंगे, घनश्याम पतंगे, तुलसी बगाडे, ज्योति गडाले, अर्चना सुत्रावे, हेमा परनकर, शिल्पा पतंगे, श्रीनिवास बगाडे, बालकिशन सुत्रावे उपस्थित थे।



करमनघाट अलमासगुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर में फाल्गुण सुदी बीज महोत्सव के पावन अवसर पर महिला मंडल द्वारा सत्संग, भोजन-प्रसादी कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी परिवार, श्रीमती जमनीबाई-खीमाराम आगलेचा, अध्यक्ष प्रकाश आगलेचा, नेमाराम, हीराराम आगलेचा, उपाध्यक्ष चेनाराम सिन्दड़ा, सहकोषाध्यक्ष मंगलाराम परिहारियां, सहसचिव गजाराम सैंणचा, पूर्व सचिव नेमाराम काग, पुजारी अम्बाराम सोलंकी, समाज बन्धु व महिलाएं।



शेखपेट में जय भवानी वीर शिवाजी एसोसिएशन द्वारा स्थापित शिवाजी की प्रतिमा को पुष्पमाला अर्पित करते हुआ बीजेपी लीडर गोविंद नारायण राठी एवं लक्ष्मण यादव।

## राजन्ना सिरसिल्ला में तेंदुओं और बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। राजन्ना सिरसिल्ला जिला के दो मंडलों में तेंदुओं और एक बाघ की मौजूदगी की खबरों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दो दिन पहले कोनाराओपेट मंडल में मार्थनपेट और धर्माराम गांवों के बीच दो तेंदुओं ने दो बछड़ों पर हमला कर उन्हें मार डाला। प्रारंभ में इसे बाघ का हमला माना गया था, लेकिन मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने पदचिह्नों की जांच के बाद स्पष्ट किया कि यह तेंदुओं का हमला था। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, मार्थनपेट और धर्माराम के बीच पहाड़ियों में दो तेंदुए देखे गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक किसी व्यक्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है, हालांकि तेंदुए कभी-कभी गांवों के बाहरी इलाकों में दिखाई देते हैं। तेंदुए मार्थनपेट, धर्माराम, कोनाराओपेट, मलकापेट और आसपास के गांवों से सटे जंगलों में शरण ले रहे हैं।

# पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल का 161वां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 22 को

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा यादव सेवा संघम तेलंगाना के सहयोग से 161वां निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर रविवार 22 फरवरी को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक दमईगुडा नागाराम रोड स्थित साईं सिद्धार्थ हाई स्कूल में आयोजित किया जाएगा।

अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, शिविर में किम्स अस्पताल बेगमपेट द्वारा हड्डी, हृदय, ईसीजी 2 डी इको, बीएमडी, आरबीएस, रक्तचाप, सामान्य चिकित्सा की सेवा प्रदान की जाएगी। नेत्रों की जांच एलसीएच साधुराम आई हॉस्पिटल दोमलगुडा द्वारा की जाएगी और जांच के पश्चात योग्य को निशुल्क चश्मों का वितरण एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। जनरल फिजिशियन डॉ.अखिल्स क्लिनिक (पुरणदास रणछोडदास) के डॉ. अखिल सुगंधी एवं डॉ. मिनल खैरिया सुगंधी द्वारा की जाएगी। फिजियोथैरेपी की सेवा बजाज फिजियो की डॉ. मीता बजाज द्वारा तथा दांतों की जांच एसएनआर डेंटल के डॉ.एस. तेजस्वी नवनीत द्वारा की जाएगी। श्री भगवान भगवान विकलांग सहायता समिति हैदराबाद द्वारा निशुल्क जांच कर योग्य को एड्स एवं एप्लायंसेज कृत्रिम अंग, हैड किट्स, कैलिपर्स, हैंड्स आदि की सेवा प्रदान की जाएगी। शिविर में आवश्यक रोगी के लिए निशुल्क डायलिसिस की भी सेवा प्रदान की जाएगी।

रोगी अपने साथ चिकित्सा के पूर्व रिकार्ड साथ लाएं ताकि उनका उचित परामर्श किया जा सके। शिविर में नाम पंजीकरण शिविर स्थल पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा जबकि शिविर दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। अधिक जानकारी के लिए शिविर के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, आलाडी रमेश यादव, अलाडी अनिल यादव, अलाडी शरद यादव से संपर्क किया जा सकता है।


**पूर्व तट रेलवे**

**ओवर हेड ट्रैक्शन वायर ऊर्जीकरण की सार्वजनिक अधिसूचना** प्रारूप-10.01

पूर्व तट रेलवे के निम्न वर्णित सेक्शन के पूरा हो चुके सेक्शन स्थित रेलवे लाइनों एवं परिसरों का उपयोग करने वाले सभी जनों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 25,000 वोल्ट, 50 Hz, AC ओवर हेड ट्रैक्शन वायर निर्दिष्ट सेक्शन के अंतर्गत विनिर्धारित तिथि को अथवा तत्पश्चात ऊर्जीकृत किया जाएगा। इस तिथि से या उसके बाद उक्त ओवर हेड ट्रैक्शन लाइन हर समय के लिए ऊर्जीकृत एवं सक्रिय रहेगा तथा कोई अनधिकृत व्यक्ति उक्त ओवर हेड लाइन के पास न जाये और न ही उसके आसपास कोई कार्य करे।

| सेक्शन | मंडल | ऊर्जीकरण की तिथि |
| --- | --- | --- |
| कमलुर - भानसी के बीच दोहरीकरण लाइन | वाल्टियर | 24.02.2026 |

**AC 25 KV ट्रैक्शन की शुरूआत "सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"** प्रारूप-10.02

यह सर्वसाधारण की सूचना हेतु अधिसूचित किया जाता है कि "पूर्व तट रेलवे के वाल्टियर मंडल के **कमलुर - भानसी स्टेशनों के बीच दोहरीकरण लाइन सेक्शन** के ऊपर 25,000 वोल्ट एसी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की शुरूआत" से संबंधित ऊर्जित ट्रैक्शन वायर (**संपर्क तार**), जो रेलवे फाटक के स्तर पर न्यूनतम 5.5 मीटर की ऊँचाई पर होगा, के संपर्क में या खतरनाक तरीके से नजदीक आने से रोकने के लिए सड़क स्तर से 4.78m की स्पष्ट ऊँचाई पर सभी समपारों पर स्पष्ट हाईट गेज लगा दिया गया है।
सर्वसाधारण को एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि वे वाहनों में माल लदान के दौरान ऊपर निर्दिष्ट ऊँचाई का ध्यान रखें तथा देखें कि सड़क वाहनों में ढोये जाने वाला भार किसी भी परिस्थिति में हाइट गेज का अतिक्रमण न करें।
**अधिक ऊंचाई के लोड से खतरा निम्नानुसार हैं :**
(1) हाइट गेज के लिए खतरनाक है तथा परिणामस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन के लिए भी बाधक है।
(2) वाहनों में ढोयें जानेवाली सामग्री अथवा उपकरण अथवा खुद वाहन हेतु खतरा।
(3) कन्डक्टर के संपर्क में आने से या खतरनाक निकटता की वजह से आग का खतरा और जीवन का जोखिम।

PR-274/CI/25-26 उप मुख्य विद्युत अभियन्ता / विशाखापट्टनम

**पूर्व तट रेलवे**
सूचना सं. eT-Central-WAT-03-2026
दिनांक : 12.02.2026
**कार्य का नाम :** वाल्टियर मण्डल के KK लाइन में सहायक मण्डल अभियन्ता/कोरापुट के अधिकार क्षेत्र के अधीन कोरापुट में नई क्रू (Crew) लॉबी का निर्माण।
**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 1,35,45,530.53, EMD : ₹ 2,17,700.00, कार्य पुरा होने की अवधि : 12 (बारह) महीने।
**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 06.03.2026 को 1500 बजे।
ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही वह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने को कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें।
मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-1141/Q/25-26



स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaartha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaartha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# टी20 वर्ल्ड कप 2028 में बांग्लादेश की वापसी

## सुपर-8 से बाहर होकर भी बचा ऑस्ट्रेलिया, 12 टीमों के नाम तय





नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 राउंड के लिए 8 टीमों के नाम तय हो गए हैं और 12 टीमों का सफर यहीं खत्म हो गया है. सुपर-8 स्टेज के मैच 21 फरवरी से खेले जाएंगे, जहां 4 टीमों के सेमीफाइनल का टिकट मिलेगा. इसी बीच इंटरनेशनल क्रिकेट आउंसिल ने बड़ा ऐलान किया है. टी20 वर्ल्ड कप का अगला एडिशन साल 2028 में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की मेजबानी में खेला जाएगा. इस टूर्नामेंट के लिए 12 टीमों के नाम तय हो गए हैं. वहीं, बाकी 8 टीमों का फैसला रीजनल क्वालिफायर राउंड से होगा.

**टी20 वर्ल्ड कप 2028 के लिए 12 टीमों के नाम तय**

ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड को टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है, ऐसे में दोनों टीमों ने मेजबान के तौर पर पहले ही क्वालिफाई कर लिया है. वहीं, टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों को ऑटोमैटिक क्वालिफिकेशन मिल गया. भारत, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और साउथ अफ्रीका ने अपनी जगह पक्की कर ली है. कुल मिलाकर 9 टीमों को डायरेक्ट एंट्री मिली है.

**रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई करेंगी ये टीम**

टी20 वर्ल्ड कप 2028 के लिए 3 टीमें आईसीसी रैंकिंग के आधार पर अपनी जगह बनाएंगी, जिसकी कट-ऑफ डेट 9 मार्च है. बता दें, कट-ऑफ डेट से पहले कोई इंटरनेशनल मुकाबले तय नहीं हैं, ऐसे में रैंकिंग में कोई बदलाव देखने को नहीं मिलेगा. फिलहाल बांग्लादेश, अफगानिस्तान और आयरलैंड इस रेस में सबसे आगे हैं और इनकी जगह भी लगभग पक्की है, बस 9 मार्च को आईसीसी के ऐलान का इंतजार है. इसका मतलब है कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेलने से चूकने वाली बांग्लादेश की टीम अपने एडिशन का हिस्सा बनने के लिए पूरी तरह तैयार है. बांग्लादेश की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 का भी हिस्सा थी. लेकिन जनवरी 2026 में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने भारत में अपने मैच खेलने से इनकार कर दिया था. बीसीबी ने आईसीसी से अपील की थी कि उनके ग्रुप मैच श्रीलंका या न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किए जाएं, लेकिन आईसीसी ने यह अपील ठुकरा दी थी और सुरक्षा को लेकर कोई खतरा नहीं माना था. जिसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और स्कॉटलैंड उनकी जगह शामिल किया गया था. लेकिन स्कॉटलैंड को अब रीजनल क्वालिफायर में खेलना होगा.

# टी20आई क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तान बने सूर्यकुमार यादव, तोड़ा रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड





नई दिल्ली, 19 फरवरी (एजेंसियां)। 2024 टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था. रोहित के रिटायरमेंट के बाद सूर्यकुमार यादव को भारतीय टी20 टीम की कप्तानी सौंपी गई. सूर्या ने भी बतौर कप्तान शानदार प्रदर्शन किया और टीम इंडिया को कई महत्वपूर्ण मुकाबलों में जीत दिलाई. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम इंडिया ने अभी टी20 वर्ल्ड कप 2026 में झंडे गाड़ रही है.

भारत ने अपने आखिरी ग्रुप स्टेज मुकाबले में नीदरलैंड्स को 17 रन से हराया और लगातार चौथी जीत के साथ सुपर-8 में एंट्री मार ली. वहीं, इस जीत के साथ कप्तान सूर्या ने टी20I क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. इस मामले में उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्ड रिकॉर्ड धवस्त कर दिया.

**टी20आई क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान बने सूर्यकुमार यादव**

नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 194 रनों का टारगेट दिया था. जवाब में नीदरलैंड्स की टीम 176 रन ही बना सकी. इस जीत के साथ बतौर कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ जीत प्रतिशत का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. सूर्या अब 80.85% जीत प्रतिशत के साथ T20I क्रिकेट के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने रोहित शर्मा (80.65%) को पीछे छोड़ दिया.

सूर्यकुमार ने अब तक 47 मैचों में भारत की कप्तानी कर चुके हैं, जिसमें टीम ने 38 जीते और सिर्फ 7 हारे. वहीं रोहित की कप्तानी में भारत ने 62 में से 50 मैच जीते थे. वहीं, एमएस धोनी का जीत प्रतिशत 58.33 रहा, जबकि विराट कोहली का 64% था.

**टीम इंडिया के नाम भी दर्ज हुआ वर्ल्ड रिकॉर्ड**

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया ने अब तक काफी शानदार प्रदर्शन किया है और ग्रुप स्टेज में लगातार चार मैच जीतकर सुपर-8 में पहुंच चुकी है. नीदरलैंड्स के खिलाफ आखिरी ग्रुप स्टेज में जीत हासिल करने के साथ ही टीम इंडिया के नाम एक वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है. भारत टी20 वर्ल्ड कप में लगातार 12 मैच जीतने वाली पहली टीम बन गई है.

भारतीय टीम आखिरी बार 2022 टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारी थी. उसके बाद से भारत ने पीछे मुड़कर नहीं देखा. फैंस को उम्मीद है कि इस बार भी टीम इंडिया बिना कोई मैच हारे ट्रॉफी डिफेंड करने में कामयाब रहेगी और इतिहास रचेगी.

# बीसीसीआई से रिश्ते सुधारना चाहता है बांग्लादेश

## नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर बोले- पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाने की मंशा





खेल डेस्क, 19 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश के नए स्पोर्ट्स मिनिस्टर अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते सुधारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं। उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा न लेने का जिक्र किया।

हक ने कहा- शपथ लेने के बाद मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनसे टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं।

इस टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश को अपने मुकाबले मुंबई और कोलकाता में खेलने थे। हालांकि, सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए टीम ने भारत दौरे पर आने से इनकार कर दिया। इसके बाद आईसीसी ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल करने का फैसला किया था।

**पीएम मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी**

इससे पहले 13 फरवरी को पीएम नरेंद्र मोदी और रहमान के बीच पहली फोन बातचीत हुई थी। मोदी ने तारिक रहमान को जीत की बधाई दी थी। उन्होंने कहा कि वे दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने और साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए साथ काम करने को उत्सुक हैं।

बीएनपी ने एक्स पर एक पोस्ट में मोदी के बधाई संदेश के लिए धन्यवाद दिया। पार्टी ने कहा, 'हम भारत के साथ रचनात्मक तरीके से जुड़ने को तैयार हैं। हमारा रिश्ता आपसी सम्मान, एक-दूसरे की चिंताओं के प्रति संवेदनशीलता और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि की साझा प्रतिबद्धता से आगे बढ़ेगा।'

**बांग्लादेश ने भारत में खेलने से इनकार क्यों किया, जानिए 2 वजह**

1. बांग्लादेश में हिंदुओं की लगातार हो रही हत्याओं के विरोध में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेशी पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करवा दिया। बीसीबी ने इसका विरोध किया।

2. मुस्तफिजुर को बाहर किए जाने को बांग्लादेश की राजनीतिक पार्टियों ने मुद्दा बना दिया। फिर यूनुस सरकार ने अपने देश में आईपीएल प्रसारण पर बैन लगा दिया। इसके बाद क्रिकेट बोर्ड ने भारत में वर्ल्ड कप न खेलने की मांग की, जिसे आईसीसी ने ठुकरा दिया।

**भारत में खिलाड़ियों के सुरक्षा की चिंता- नजरुल**

बांग्लादेश सरकार के पूर्व खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने नेशनल टीम को भारत भेजने से मना किया था। उन्होंने कहा था, 'हम वर्ल्ड कप खेलना चाहते हैं, लेकिन भारत में हमारे खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को लेकर चिंता है।

**मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर विवाद**

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी। उन्हें केकेआर ने 3 जनवरी को बीसीसीआई के कहने पर टीम से बाहर कर दिया था।

इससे बौखलाई बांग्लादेश सरकार ने अपने यहां आईपीएल मैचों के प्रसारण पर रोक लगा दी। इसके बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा का हवाला देकर 7 फरवरी से होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में वेन्यू बदलने की मांग भी की।

**केकेआर ने मुस्तफिजुर को 9.2 करोड़ में खरीदा था**

16 दिसंबर को आईपीएल मिनी ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के कारण भारत में मुस्तफिजुर का विरोध होने लगा। अब तक वहां 7 हिंदुओं की हत्या कर दी गई है। बाद में बीसीसीआई ने मुस्तफिजुर को आईपीएल खेलने की अनुमति नहीं दी और 3 जनवरी को केकेआर ने उन्हें रिलीज कर दिया।

# 4 मैचों में सिर्फ 106 रन, तिलक वर्मा की फॉर्म को लेकर सवाल, आखिर कहां रह गई कमी?



मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर संजय बांगर ने बताया है कि जब उन्होंने तिलक वर्मा की बैटिंग का फुटेज देखा, तो उन्हें लगा कि उनका स्टांस बहुत ज्यादा साइड-ऑन था. ये उस वक्त की बात है जब आरसीबी लेफ्ट-हैंडर्स की तलाश कर रही थी. बांगर ने माना कि इस युवा खिलाड़ी ने हाल के दिनों में अपनी टेक्निक में सुधार किया है, लेकिन इस बात से सहमत हैं कि टी20 क्रिकेट में बैट्समैन के लिए थोड़ा ओपन स्टांस रखना बेहतर होता है.

भले ही भारत ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज को 4 में से 4 मैच जीतकर खत्म किया, लेकिन तिलक वर्मा कुछ खास नहीं कर पाए हैं. 4 इनिंग्स में लेफ्ट-हैंडर बैट्समैन ने 26.50 के एवरेज और 120.45 के स्ट्राइक रेट से 106 रन बनाए हैं, जिसमें उनका बेस्ट 31 रन रहा है, जो उन्होंने नीदरलैंड्स के खिलाफ 27 गेंदों पर बनाया था.

ईएसपीएनक्रिकइंफो पर एक चर्चा के दौरान संजय बांगर इस बात से सहमत हुए कि वर्मा के स्टांस का उनकी मुश्किलों से कुछ लेना-देना हो सकता है. आईपीएल में आरसीबी के साथ अपने दिनों की एक घटना को याद करते हुए उन्होंने कहा, 'ये मुझे टैलेंट स्काउटिंग की याद दिलाता है. उस वक्त मैं आरसीबी के साथ था और हम कई लेफ्ट-हैंडर्स के फुटेज देख रहे थे. हम अनुज रावत, साई सुदर्शन और तिलक को देख रहे थे. और, उस वक्त, मुझे लगा कि वो बहुत ज्यादा साइड-ऑन है. वो इसे संभालने में बेहतर हो गया है. लेकिन उस सुझाव में दम है.' भारत के पूर्व बैटिंग कोच ने आगे कहा, 'टी20 एक ऐसा खेल है जहां थोड़ा खुला स्टांस रखना अच्छा होता है, जो आपको जमीन पर सीधे फ्लैट-बैट करने का बेसिक देता है.' नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले तिलक वर्मा टीम इंडिया के पहले तीन ग्रुप गेम्स में अमेरिका, नामीबिया और पाकिस्तान के खिलाफ एक जैसे 25 के स्कोर पर आउट हुए थे. टी20 वर्ल्ड कप 2026 में वर्मा के बैटिंग चैलेंज पर बांगर ने कहा, 'वो हमेशा पहले ओवर में बैटिंग करने आते हैं.'इसके बावजूद टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज में वर्मा के स्ट्रगल को देखते हुए, बांगर का मानना है कि बैटर के फॉर्म के बारे में चिंता करना अभी जल्दबाजी होगी. उन्होंने कहा कि अभिषेक शर्मा के फॉर्म में आने के बाद इस युवा खिलाड़ी के लिए चीजें आसान हो जाएंगी.

संजय बांगर ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि (वर्मा का फॉर्म चिंता का विषय है), क्योंकि अगर उन्हें तब बैटिंग करनी पड़ती है जब इंडिया का स्कोर 60-1 हो, तो वो इस टूर्नामेंट में हमेशा पहले ओवर में बैटिंग करने आते हैं. मैं अभी भी इस नतीजे पर पहुंचने से खुश नहीं हूं.'

# ऑस्ट्रेलिया को बाहर करने वाली जिम्बाब्वे टीम को 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर देगी आईसीसी?



दुबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 जिम्बाब्वे के लिए एक यादगार टूर्नामेंट बन गया है. सिकंदर रजा की कप्तानी वाली टीम ने ग्रुप स्टेज में ऑस्ट्रेलिया जैसे बड़े देश को हराकर सुपर-8 में पहली बार जगह बनाई. यह एसोसिएट नेशन के लिए बड़ा उपलब्धि है, लेकिन इससे जुड़ा एक और अहम पहलू है, वो है प्राइज मनी. दरअसल, इंटरनेशनल क्रिकेट आउंसिल टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली हर एक टीम को प्राइज मनी देता है, जो टीमों के प्रदर्शन पर निर्भर होता है. जिम्बाब्वे इस बार अभी तक की अपनी सबसे बड़ी प्राइज मनी हासिल करने वाला है.

**जिम्बाब्वे टीम को कितना पैसा देगी आईसीसी?**

आईसीसी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए कुल 11.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्राइज मनी का ऐलान किया था. इस बार भी इतनी ही प्राइज मनी मिलने की उम्मीद है. ऐसे में सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने पर जिम्बाब्वे को आईसीसी से लगभग 382,500 अमेरिकी डॉलर (करीब 3.5 करोड़ रुपए) की गारंटीड रकम मिलेगी. यह रकम टीम के लिए बहुत बड़ी है, क्योंकि एसोसिएट देशों के लिए यह सालाना आईसीसी फंडिंग से भी ज्यादा हो सकती है.

अगर, जिम्बाब्वे की टीम सेमीफाइनल में भी पहुंच जाती है तो ये प्राइज मनी और बढ़ जाएगी. इसके अलावा आईसीसी की ओर से टी20 वर्ल्ड कप में हर एक मैच जीतने पर भी अलग से पैसा मिलता है. सेमीफाइनल और फाइनल को छोड़कर, टीमों को जीते गए हर एक मैच के लिए 31,154 अमेरिकी डॉलर (लगभग 28 लाख रुपए) भी मिलते हैं. बता दें, जिम्बाब्वे ने ग्रुप स्टेज में अभी तक 2 मुकाबले जीते हैं और उसका एक मैच अभी भी बाकी है, जो श्रीलंका के खिलाफ है. इसके बाद जिम्बाब्वे की टीम सुपर-8 में कुल 3 मुकाबले खेलेगी. ऐसे में टीम के साथ अपनी प्राइज मनी में इजाफा करने का बड़ा मौका है. सुपर-8 राउंड में जिम्बाब्वे की टीम अपना पहला मैच 23 फरवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलेगी. इसके बाद 26 फरवरी को उसका सामना भारतीय टीम से होगा. वहीं, तीसरे और आखिरी मैच में जिम्बाब्वे की टीम साउथ अफ्रीका से भिड़ेगी, ये टक्कर 1 मार्च को देखने को मिलेगी. अगर, वह 2 मैच जीतने में कामयाब रहती है तो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी, जो उसके लिए आसान नहीं होने वाला है.

# ग्रुप ए में टॉप पर टीम इंडिया, साउथ अफ्रीका को भी नहीं मिली हार




मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में ग्रुप स्टेज के मैच अब खत्म होने जा रहे हैं और सुपर 8 में पहुंचने वाली सभी आठ टीमें तय हो गई हैं. टीम इंडिया ने अपने आखिरी मैच में नीदरलैंड्स को हराकर अपना ग्रुप फेज पूरा किया. वहीं, पाकिस्तान ने नामीबिया पर बड़ी जीत से आखिरी टीम के रूप में क्वालिफाई किया. दूसरी ओर, साउथ अफ्रीका की टीम ने भी अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच जीता और अजेय रहते हुए अपने राउंड में कदम बढ़ाए.

ग्रुप ए में टॉप पर टीम इंडिया

टीम इंडिया ग्रुप ए में सारे मैच जीतने वाली इकलौती टीम रही. भारतीय टीम ने लगातार 4 मैचों में बाजी मारी और 8 पॉइंट्स के साथ टॉप किया. वहीं, पाकिस्तान की टीम 4 मैचों में 3 जीत के साथ सुपर-8 में पहुंची. यूएसए ने भी 4 मैचों में 2 जीत हासिल की. नीदरलैंड्स की टीम ने एक मुकाबले में बाजी मारी. लेकिन नामीबिया का खाता नहीं खुला.

ग्रुप-बी में श्रीलंका की टीम लगातार 3 मैच जीत के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है. वहीं, जिम्बाब्वे भी 3 मैचों में 5 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है. अब इन दोनों टीमों का आमना-सामना होगा, जिससे ग्रुप की टॉप टीम का फैसला भी हो जाएगा. दूसरी ओर आयरलैंड 4 मैचों में 3 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है. ऑस्ट्रेलिया 3 मैचों में 1 जीत के साथ चौथे और ओमान 3 मैचों में 3 हार के साथ आखिरी स्थान पर है.

**वेस्टइंडीज और इंग्लैंड का दबदबा**

ग्रुप सी की पॉइंट्स टेबल में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड टॉप पर हैं. वेस्टइंडीज ने अभी तक 3 मैच खेले हैं और सभी मैच जीत हासिल की है. वही, इंग्लैंड भी 4 मैचों में 3 जीत के साथ सुपर-8 में पहुंच चुकी है. वहीं, नेपाल और स्कॉटलैंड दोनों के अब 4 मैचों में 2-2 पॉइंट्स हैं, लेकिन नेपाल की टीम का नेट रन रेट बेहतर नहीं रहा, जिसके चलते वह 5वें स्थान पर ही रही. दूसरी ओर, स्कॉटलैंड ने तीसरे स्थान पर टूर्नामेंट को खत्म किया. इटली की टीम ने भी 1 जीत हासिल की और वह चौथे नंबर पर रही.

ग्रुप-डी में साउथ अफ्रीका की टीम भी अजेय रही, उसने लगातार 4 मुकाबलों में बाजी मारी. वहीं, न्यूजीलैंड 4 मैचों में 3 जीत के साथ दूसरे स्थान पर रही और सुपर-8 में पहुंची. अफगानिस्तान 3 मैचों में 1 जीत के साथ तीसरे नंबर पर है, उसे अपना आखिरी ग्रुप मैच कनाडा के खिलाफ खेलना है. UAE ने भी 4 मैचों में 1 जीत अपने नाम की.

# सुपर-8 से पहले वेस्टइंडीज का विजय रथ जारी

## इटली को हराकर बढ़ाई टीम इंडिया की टेंशन



कोलकाता, 19 फरवरी (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के 37वें मुकाबले में इटली को 42 रनों से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की. कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रनों का टारगेट रखा था, जिसके जवाब में इटली की टीम 123 रन पर ही सिमट गई. वेस्टइंडीज के इस जीत के हीरो कप्तान शाई होप रहे, जिन्होंने 46 गेंदों पर 75 रनों की बेहतरीन पारी खेली. वहीं, गेंदबाजी में शमर जोसेफ ने कमाल की गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए.

वेस्टइंडीज की टीम पहले ही ग्रुप स्टेज में लगातार तीन मैच जीतकर सुपर-8 में जगह बना ली है और अब आखिरी ग्रुप मैच में भी जीत हासिल कर अपना विजय रथ जारी रखा है. सुपर-8 में वेस्टइंडीज की टीम 1 मार्च को टीम इंडिया से भिड़ेगी. वेस्टइंडीज के शानदार फॉर्म से टीम इंडिया की टेंशन जरूर बढ़ गई होगी.

ॉइस मुकाबले में इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और वेस्टइंडीज को बल्लेबाजी करने का न्योत दिया. वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और महज 5 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा. सलामी बल्लेबाज ब्रेंडन किंग सिर्फ 4 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके बाद शिमरोन हेटमायर भी मात्र एक रन बनाकर आउट हो गए. वहीं, रोवमैन पॉवेल भी 9 रन बनाकर सस्ते में आउट हो गए. हालांकि, कप्तान शाई होप एक छोर पर टिके रहे और शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक जड़ दिया.

# टीम इंडिया का पाकिस्तान-कनाडा से भी फील्डिंग में ज्यादा बुरा हाल

मुंबई, 19 फरवरी (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया का प्रदर्शन अभी तक काफी शानदार रहा है. टीम ने ग्रुप स्टेज में लगातार 4 मैच जीतकर सुपर-8 में जगह बनाई है. लेकिन अब कॉम्पिटिशन ज्यादा मुश्किल होने वाला है. सुपर-8 में टीम इंडिया का सामना साउथ-अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसी बड़ी टीमों से होने वाला है. लेकिन इन मुकाबलों से पहले भारतीय टीम की एक कमजोरी सामने आई है, जिसने हर किसी की टेंशन बढ़ दी है. ये कमजोरी बड़े मैचों में भारत को भारी पड़ सकती है. दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2026 के बीच टीम इंडिया की फील्डिंग को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है. टूर्नामेंट में अब तक भारत ने कुल 9 कैच छोड़े हैं, जो 20 टीमों में दूसरे सबसे ज्यादा हैं. आयरलैंड ने सबसे ज्यादा 10 कैच ड्रॉप किए हैं. यानी आयरलैंड को छोड़कर हर एक टीम की फील्डिंग टीम इंडिया से बेहतर रही है. यह आंकड़ा काफी चौंकाने वाला है क्योंकि भारत की गिनती सबसे मजबूत टीमों में होती है और टीम के पास एक से बढ़कर एक फिल्डर भी है. लेकिन फील्डिंग में यह कमजोरी चिंता का विषय बनी हुई है. टीम इंडिया की कैचिंग प्रतिशत 70 से नीचे है और हर मैच में कम से कम 2-3 कैच छूट रहे हैं. सुपर 8 और सेमीफाइनल जैसे बड़े मुकाबलों में ऐसे ड्रॉप्स महंगे साबित हो सकते हैं. नीदरलैंड्स के खिलाफ हालिया मैच में भी भारत ने काफी कैच छोड़े, जिसमें सूर्यकुमार यादव और रिंकू सिंह के बीच टकराव भी हुआ, लेकिन कोई चोट नहीं आई.

पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी कुलदीप यादव और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों ने कैच छोड़े थे, जिससे टीम पर दबाव बढ़ा. दूसरी तरफ, पाकिस्तान और कनाडा जैसी टीमों की फील्डिंग भी परफेक्ट नहीं रही, लेकिन वह इस लिस्ट में भारत के मुकाबले अच्छा करने में कामयाब रहीं, जो हैरान करने वाला है.

# जिम्बाब्वे ने लगातार दूसरे वर्ल्ड चैंपियन को हराया

## ऑस्ट्रेलिया के बाद श्रीलंका को 6 विकेट से मात दी



कोलंबो, 19 फरवरी (एजेंसियां)। 2014 की वर्ल्ड चैंपियन टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ हार की कगार पर है। गुरुवार को 179 रन का टारगेट चेज कर रही जिम्बाब्वे ने जिम्बाब्वे ने 19.1 ओवर में 3 विकेट पर 177 रन बना लिए हैं। ब्रायन बेनेट और टोनी मुनयोंगा क्रीज पर हैं। बेनेट ने फिफ्टी पूरी कर ली है।

19वें ओवर में दुशन हेमंथा ने ताशिंगा मुसेकिवा (एक रन) और कप्तान सिकंदर रजा (45 रन) को आउट किया। रायन बर्ल (23 रन) को दसुन शनाका ने कुसल परेरा के हाथों कैच कराया। तदिवानाशे मारुमनी (34 रन) को दुनिथ वेल्लालागे ने अपनी ही बॉल पर कैच किया।

इस मैच का टॉस श्रीलंका ने जीता और बैटिंग चुनी। श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। ओपनर पथुम निसांका ने 41 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। जबकि पवन रत्नायके ने 44 रन बनाए। जिम्बाब्वे के 3 बॉलर्स को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट रायन बर्ल के खाते में आया।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11 - *श्रीलंका:* पाथुम निसांका, कुसल परेरा, कुसल मेंडिस, पवन रत्नायके, दासुन शनाका (कप्तान),कामिंडु मेंडिस, दुनिथ वेल्लालागे, दुषन हेमंथ, महीश तीक्षणा, प्रमोद मदुशन, दिलशान मदुशंका।

*जिम्बाब्वे:* ब्रायन बेनेट, तदिवानाशे मारुमनी, सिकंदर रजा (कप्तान), रायन बर्ल, डायोन मायर्स, ताशिंगा मुसेकिवा, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैड इवांस, टोनी मुनयोंगा, ग्रीम क्रेमर,ब्लेसिंग मुजरबानी।

# शिकायतकर्ता ही निकला अपने घर में चोरी का आरोपी

## > चिक्कडपल्ली में झूठी चोरी का खुलासा, युवक गिरफ्तार

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। चिक्कडपल्ली थाना पुलिस ने मकान में चोरी के एक मामले का सनसनीखेज खुलासा करते हुए शिकायतकर्ता को ही आरोपी के रूप में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, क्राइम नंबर 64/2026, धारा 305(ए), 238, 240, 318(1) बीएनएस के तहत दर्ज इस मामले में आरोपी ने स्वयं अपने घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर झूठी शिकायत दर्ज कराई थी। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भास्कर प्रमोद मूल (32), निवासी अलेख्या एस्टेट, चिक्कडपल्ली के रूप में हुई है। वह बेरोजगार है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने ही परिवार के सदस्यों के सोने के आभूषण चोरी कर घटना को बाहरी चोरों द्वारा अंजाम दी गई वारदात का रूप देने की साजिश रची थी, ताकि पुलिस और परिवार को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लगभग 12 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की है, जिसमें दो सोने की



अंगूठियां (करीब 3 तोला), एक चांदी की थाली, दो चांदी के कटोरे तथा एचडीएफसी बैंक, एसबीआई बैंक और मुथूट फाइनेंस के तीन गोल्ड मॉर्गेज स्लिप (कुल लगभग 80 ग्राम सोना गिरवी) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने 9 फरवरी 2026 को अपने पेंटहाउस (अलेख्या एस्टेट) में चोरी का नाटक रचकर रात करीब 10:30 बजे अपने भाई के माध्यम से सूचना दी और शिकायत दर्ज कराई कि अज्ञात व्यक्तियों ने घर में घुसकर एक सोने की चेन, छह सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठियां, लगभग 500 ग्राम की चांदी की थाली और करीब 60 ग्राम के दो चांदी के कटोरे चोरी कर लिए।

शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी ने वर्ष 2014 में बी.टेक की पढ़ाई की और उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गया, लेकिन पढ़ाई अधूरी छोड़कर लौट आया। बाद में बेंगलुरु में रहते हुए उसने व्यक्तिगत ऋण और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर विलासितापूर्ण जीवनशैली अपनाई। खर्चों को पूरा करने के लिए उसने वर्ष 2024 से अपनी दादी और परिवार के आभूषण चोरी करने शुरू कर दिए और उन्हें विभिन्न वित्तीय संस्थानों में गिरवी रखकर लगभग 4.60 लाख रुपये प्राप्त किए। इसी बीच बड़े भाई का विवाह तय होने पर परिवार ने दादी के आभूषण विवाह में उपयोग करने की योजना बनाई। इससे घबराकर आरोपी ने साजिश रचते हुए चोरी का झूठा मामला दर्ज कराया।

घटना से पहले उसने कुछ आभूषण उसी अपार्टमेंट के दूसरे ब्लॉक में रख दिए, जबकि कुछ डिब्बे और ताले मूसी नाले में फेंक दिए, ताकि मामला वास्तविक लगे। यह गिरफ्तारी पुलिस उपायुक्त, सिकंदराबाद जोन के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त चिक्कडपल्ली डिवीजन, थाना प्रभारी चिक्कडपल्ली और अपराध शाखा टीम की निगरानी में की गई। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विधानसभा का बजट सत्र 26 फरवरी से, 28 को पेश होगा बजट

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य विधानसभा के बजट सत्र 26 फरवरी से प्रारंभ होंगे। राज्य सरकार ने इस संबंध में निर्णय लेते हुए सत्र को 10 से 15 दिनों तक चलाने की योजना बनाई है। 28 फरवरी को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट सदन में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में सरकार ने बजट सत्र को सुचारू रूप से संचालित करने की तैयारी पूरी कर ली है। वित्त विभाग बजट को अंतिम रूप देने में जुटा है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री भट्टी विक्रमार्क विभिन्न विभागों के साथ प्री-बजट बैठकों का दौर पूरा कर चुके हैं और विभागवार आवंटन तय किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आगामी बजट का आकार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हो सकता है। बजट में कल्याणकारी योजनाओं और आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष जोर दिए जाने की संभावना है।

# आरटीसी विलय के लिए बजट में प्रावधान करें : कविता

## आरटीसी कर्मचारियों के 'चलो सचिवाल' कार्यक्रम को समर्थन

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति की अध्यक्ष के. कविता ने राज्य सरकार पर आरटीसी कर्मचारियों से किए वादों से मुकरने का आरोप लगाते हुए आगामी बजट में आरटीसी विलय के क्रियान्वयन के लिए विशेष धनराशि आवंटित करने की मांग की है।

बंजारा हिल्स स्थित जागृति कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि टीएसआरटीसी के सरकार में विलय का विधेयक पहले ही पारित हो चुका है, फिर भी कांग्रेस सरकार इसे लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में लंबित आश्वासनों, विशेषकर आरटीसी विलय के लिए पृथक निधि का प्रावधान किया जाना चाहिए। कविता ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की आलोचना करते हुए कहा कि चुनाव से पहले आरटीसी विलय का वादा किया गया था, लेकिन सत्ता में आने के बाद सरकार कर्मचारियों से मुंह मोड़



चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीसी कर्मियों से 16 से 18 घंटे तक काम कराया जा रहा है, जो संगठित शोषण के समान है। उन्होंने बिना बसों की संख्या बढ़ाए मुफ्त बस सेवा शुरू करने के फैसले पर भी सवाल उठाए।

उनका कहना था कि दिव्यांगजनों के लिए भी मुफ्त बस सुविधा दी जानी चाहिए। साथ ही 'महालक्ष्मी योजना' के तहत जारी की गई धनराशि पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग करते हुए पूछा कि घोषित 300 करोड़ रुपये अथवा वर्तमान आवश्यकता के अनुसार 600 करोड़ रुपये में से वास्तव में कितनी राशि जारी की गई है। कविता ने मामूली कारणों से आरटीसी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त किए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि टिकट मशीनों में खराबी के कारण परिचालकों को हटाया जा रहा है और अत्यधिक कार्य दबाव के चलते चालकों की हृदयाघात से मृत्यु तक हो रही है। उन्होंने लगभग एक हजार बर्खास्त कर्मचारियों सहित सभी निष्कासित कर्मियों की तत्काल बहाली की मांग की। राजनीतिक टिप्पणी करते हुए कविता ने कहा कि मंत्रिमंडल की बैठकें दिल्ली में आयोजित करना तेलंगाना के स्वाभिमान के खिलाफ है और इन्हें राज्य सचिवालय में ही आयोजित किया जाना चाहिए। उन्होंने 24 तारीख को प्रस्तावित आरटीसी कर्मचारियों के 'चलो सचिवाल' कार्यक्रम को तेलंगाना जागृति का पूर्ण समर्थन देने की घोषणा करते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी जारी रखी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## फर्जी वेबसाइटों से सावधान रहें, पुलिस ने जारी की चेतावनी

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस ने नागरिकों को फर्जी वेबसाइटों और ऑनलाइन ठगी से सावधान रहने की चेतावनी दी है। पुलिस आयुक्त वी सी सज्जनार ने कहा कि जालसाज अब सर्च इंजन में ऊपर दिखने वाली वेबसाइटों का गलत फायदा उठाकर लोगों को ठग रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई लोग यह मान लेते हैं कि खोज परिणामों में सबसे ऊपर दिखने वाली या प्रायोजित लिखी वेबसाइटें भरोसेमंद होती हैं, जबकि ऐसा जरूरी नहीं है।

साइबर अपराधी पैसे देकर अपनी नकली वेबसाइटों को ऊपर दिखाते हैं और सरकारी पोर्टल, बैंक या बड़े ब्रांड जैसी दिखने वाली साइटें बनाकर लोगों को गुमराह करते हैं। पुलिस के अनुसार, ठगी अक्सर तब शुरू होती है जब लोग ग्राहक सेवा नंबर, भुगतान सेवा या किसी सरकारी वेबसाइट की जानकारी खोजते हैं। नकली वेबसाइट असली जैसी दिखती है और लोग उस पर क्लिक कर देते हैं। इसके बाद उनसे निजी जानकारी, पासवर्ड या भुगतान करने को कहा जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो सकता है। पुलिस ने सलाह दी है कि किसी भी वेबसाइट पर अपनी निजी या बैंक से जुड़ी जानकारी भरने से पहले उसका पूरा वेब पता ध्यान से जांच लें। केवल ऊपर दिखाई देने या प्रायोजित लिखे होने पर भरोसा न करें। बेहतर है कि आधिकारिक वेबसाइट का पता खुद टाइप करके खोलें या विश्वसनीय स्रोत से जानकारी लें। यदि किसी को साइबर ठगी का संदेह हो तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर सूचना दें। पुलिस ने कहा कि सतर्कता ही ऐसे ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है।

# अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई ही प्रमुख लक्ष्य : आरपीएफ

## 40 अपराधी गिरफ्तार, 22.05 लाख की संपत्ति बरामद

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने रेलवे संपत्ति की सुरक्षा तथा यात्रियों की संरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए जनवरी 2026 के दौरान सघन अभियान चलाते हुए उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

आरपीएफ ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा, चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण, मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई उसके प्रमुख लक्ष्य हैं, जिनकी पूर्ति के लिए वह राजकीय रेलवे पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय कर कार्य कर रही है। 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के तहत 40 अपराधियों को गिरफ्तार कर 41 मामले दर्ज किए गए तथा 22.05 लाख रुपये मूल्य की चोरी



की संपत्ति बरामद की गई। 'ऑपरेशन अमानत' के अंतर्गत यात्रियों के 351 खोए सामान, जिनकी कुल कीमत 1.05 करोड़ रुपये है, बरामद कर उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए गए 'ऑपरेशन नारकोस' में 38.83 लाख रुपये मूल्य की गांजा जब्त कर 11 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 'ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते' के तहत परिवार से बिछड़े 126 बच्चों, जिनमें 105 बालक और 21 बालिकाएं शामिल हैं, को सुरक्षित बचाकर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी को सौंपा गया। 'ऑपरेशन सतर्क' के अंतर्गत ट्रेनों से अवैध रूप से ले जाई जा रही 1,65,505 रुपये मूल्य की शराब जब्त की गई और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी विभाग ने मामले दर्ज किए। टिकट दलालों पर नकेल कसने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन उपलब्ध' में 15 दलालों को गिरफ्तार कर 69 लाइव टिकट, जिनकी कीमत 1,49,917 रुपये है, जब्त किए गए।

इसके अतिरिक्त सीसीटीवी तकनीक की मदद से चार अपराधियों को पकड़कर 8,03,000 रुपये मूल्य की चोरी की संपत्ति बरामद की गई, जबकि 'ऑपरेशन रेल सुरक्षा' के तहत 31 मामलों का पता लगाकर 4,06,064 रुपये मूल्य की रेलवे संपत्ति बरामद की गई। आरपीएफ अधिकारियों ने कहा है कि रेलवे परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

## हैदराबाद में 20 से तीन दिवसीय 'एग्री शो' का आयोजन

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से 'एग्री शो' का आयोजन 20 से 22 फरवरी तक एनटीआर स्टेडियम में किया जाएगा। इस तीन दिवसीय कृषि प्रदर्शनी का आयोजन रायतुबाड़ी संगठन द्वारा किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, प्रदर्शनी में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग एक लाख किसानों के पहुंचने की संभावना है। भारत और विदेशों की 500 से अधिक कंपनियां अपने स्टॉल लगाकर आधुनिक कृषि यंत्र, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित कृषि समाधान, ड्रोन तकनीक, उन्नत बीज, पौधे, उर्वरक, ड्रिप सिंचाई प्रणाली तथा अन्य आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन करेंगी। प्रदर्शनी के दौरान आधुनिक खेती की पद्धतियों, उभरती तकनीकों और टिकाऊ कृषि प्रथाओं पर सेमिनार एवं संवाद सत्र भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे किसानों को उत्पादन और दक्षता बढ़ाने संबंधी उपयोगी जानकारी मिल सके। आयोजकों ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अग्रिम पंजीकरण कर सकते हैं, जबकि स्थल पर भी प्रवेश पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। यह आयोजन किसानों, कृषि उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों और तकनीकी विशेषज्ञों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

# चेन छीनने के आरोप में महिला समेत दो गिरफ्तार

## > सोने की चेन, बाइक और मोबाइल बरामद

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जुबली हिल्स पुलिस ने दो दिन पूर्व हुई सोने की चेन झपटने की घटना में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपी एक महिला और एक पुरुष हैं।

पुलिस ने उनके कब्जे से 1 तोला सोने की चेन, बाइक और तीन मोबाइल फोन जब्त किए। शिकायतकर्ता कदपला मानसा अपने हॉस्टल से कार्यालय जा रही थी। रोड नंबर 44 के पास रेवती और नरेंद्र बाइक पर आए। रेवती ने पीड़िता की गर्दन से चेन झपट ली, जबकि नरेंद्र बाइक लेकर फरार हो गया। घटना इतनी तेज थी कि राहगीर हैरान रह गए। पुलिस ने तुरंत छानबीन शुरू की। जांच में पता चला कि आरोपी चेसेट्टी रेवती (33, गृहिणी, मूल



निवासी काकीनाडा, एपी) और गिड्डुला नरेंद्र उर्फ नानी (23, रैपिडो चालक, मूल निवासी गुंटूर, एपी) हैं। पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर ओप्पो मोबाइल, बाइक और अन्य दो मोबाइल फोन बरामद किए। जुबली हिल्स पुलिस ने कहा कि आरोपी ने घटना की योजना पहले से बनाई थी। रेवती और नरेंद्र ने बाइक का इस्तेमाल करते हुए पीड़िता के पास पहुंचकर झपटमारी की। बाइक और मोबाइल को अपराध में इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। विशेष रूप से सुबह और रात के समय सुनसान इलाकों में सावधानी बरतने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्टिंग करने को कहा गया है। मामले की जांच सब-इंस्पेक्टर जे. सत्यश, जुबली हिल्स थाना, एसएचओ यू. श्रीनिवासुलु रेड्डी और डीआई एम. सत्यनारायण की निगरानी में की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एस. वेंकट रेड्डी और डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस, वेस्ट जोन ए. रामना रेड्डी की करीबी देखरेख में कार्रवाई जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसे अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।

## जोगुलम्बा गदवाल में बस खाई में गिरी, चार गंभीर घायल

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के जोगुलम्बा गदवाल जिले में गुरुवार तड़के एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर इटिक्यालापाडु के पास एक एपीएसआरटीसी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि 15 अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आईं। बस में कुल 30 यात्री सवार थे। बस हैदराबाद से अनंतपुर जा रही थी। घायलों को तुरंत कर्नूल सरकारी जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार तीन यात्रियों की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों की पहचान सुब्बारायुडु, अरुणा, मोहन रेड्डी, रामेश्वरम्मा, रंगन्ना, शिवा, वीरेश, गौस और स्नेहा लता के रूप में हुई है।

# एसआईआर से पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण पर ईआरओ का प्रशिक्षण

## चार जिलों के 50 ईआरओ ने भाग लिया

हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से पहले तैयारियों के तहत तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सी. सुदर्शन रेड्डी ने हैदराबाद स्थित सीईओ कार्यालय में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।



इस प्रशिक्षण में मेडचल मल्काजगिरी, संगारेड्डी, रंगारेड्डी और हैदराबाद जिलों के कुल 50 ईआरओ ने भाग लिया। कार्यक्रम में मतदाता सूची की तैयारी, अद्यतन और रखरखाव के विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर के अधिकारियों की क्षमता को मजबूत करना था, ताकि मतदाता सूची प्रबंधन में शुद्धता, समावेशिता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान वैधानिक प्रावधानों, समय-सीमाओं, दावे एवं आपत्तियों की प्रक्रिया तथा चुनावी कार्यों में तकनीक के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता सूची की शुचिता और विश्वसनीयता बनाए रखने में ईआरओ की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित करते हुए निर्देश दिया कि सभी पात्र नागरिकों का नाम सूची में शामिल किया जाए और अपात्र प्रविष्टियों को कानून के अनुसार हटाया जाए। प्रतिभागियों को श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, जमीनी चुनौतियों और आगामी एसआईआर के प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीतियों की भी जानकारी दी गई। साथ ही, अधिकारियों की शंकाओं के समाधान के लिए संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन आयोग के मुक्त, निष्पक्ष, समावेशी और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

# जीएचएमसी ने सुबह-सबेरे निरीक्षणों को बढ़ाया



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी ने स्वच्छता, नगरिक रखरखाव और चल रहे विकास कार्यों की निगरानी को मजबूत करने के लिए शहर के विभिन्न जोन में सुबह-सबेरे क्षेत्रीय निरीक्षणों को तेज कर दिया है। गुरुवार को खैरताबाद, सिकंदराबाद और राजेंद्रनगर जोन में निरीक्षण किए गए। खैरताबाद जोनल कमिश्नर प्रियांका आला, सिकंदराबाद जोनल कमिश्नर रवि किरण और राजेंद्रनगर जोनल कमिश्नर अनुराग जयंति ने मैदान पर जाकर कार्यान्वयन का मूल्यांकन किया। टीमों ने मेमन कॉलोनी, शिवरामपल्ली, महास्तान नगर और सीबीआई कॉलोनी जैसे मुख्य इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने सफाई अभियान, कचरा उठाने, नालियों की सफाई, सड़क की स्थिति और सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव का निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्टाफ तैनाती, मार्ग कवरेज और स्वच्छता व इंजीनियरिंग विभागों के बीच समन्वय की समीक्षा की गई, ताकि समयबद्ध और प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारियों ने क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिया कि स्वच्छता मानकों में निरंतरता बनाए रखें और पहचानी गई कमियों को तुरंत दूर करें। अंतर-विभागीय समन्वय को बेहतर बनाने और निगरानी को निरंतर बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि सेवा वितरण में सुधार हो सके। जीएचएमसी ने नागरिकों से सहयोग की अपील की है ताकि वे स्वच्छता बनाए रखने, नगरिक संरचना की रक्षा करने और चल रहे शहरी सुधार अभियानों में समर्थन देने में सक्रिय भूमिका निभाएं, जिससे शहर को और अधिक साफ-सुथरा और सुव्यवस्थित बनाया जा सके।

## छत्रपति शिवाजी महाराज पूरे भारत के लिए गर्व के प्रतीक : राव



हैदराबाद, 19 फरवरी (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्य अध्यक्ष एन. रामचंदर राव ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती के अवसर पर राज्य कार्यालय में आयोजित समारोह में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज सिर्फ मराठा योद्धा नहीं थे, बल्कि उन्होंने मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और राष्ट्र के सम्मान की रक्षा की, जिससे वह पूरे भारत के लिए गर्व का प्रतीक बने। रामचंदर राव ने अपने संबोधन में कहा कि शिवाजी महाराज के प्रति प्रशंसा किसी एक धर्म या जाति तक सीमित नहीं है।

उनका प्रशासनिक कौशल और जनकल्याणकारी सुधार पूरे देश के लिए आदर्श हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे उसी मार्ग पर चलें, जिसे शिवाजी महाराज ने दिखाया, जिन्होंने औरंगजेब जैसे निर्दयी शासकों के खिलाफ साहसपूर्वक संघर्ष किया। भाजपा राज्य अध्यक्ष ने सभी भारतीयों से शिवाजी महाराज के प्रशासनिक सिद्धांत, धर्म के अनुसार शासन और देशभक्ति की भावना अपनाने का आह्वान किया। समारोह में निजामाबाद सांसद धर्मपुरी अरविंद, भाजपा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।






Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.